हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं दुमका से प्रकाशित



Page 11 खेल

पाकिस्तान के मैच बहिष्कार पर बीसीसीआई सख्त, राजीव शुक्ला ने आईसीसी का किया...



Page 09 देश

अगर ऐसा होता तो ...; शरद पवार गुट के एनसीपी विलय के दावे पर देवेंद्र फडणवीस

कृष्ण पक्ष, मघा, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • मंगलवार • 03 फरवरी 2026 • वर्ष 27 • अंक 64 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
| --- | --- |
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 1,34,900 | ₹ 3,00,000 |



## आज का इतिहास

**1863 :** भारतीय रिजर्व बैंके के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन का जन्म हुआ।

**1988 :** भारतीय नौसेना की पहली परमाणु संचालित पनडुब्बी 'आईएनएस चक्र' को सैन्य बेड़े में शामिल किया गया।

## न्यूज बाइट्स

### मोकामा विधायक अनंत सिंह आज लेंगे विधायक पद की शपथ

**पटना (नि.सं.)।** मोकामा से बाहुबली विधायक अनंत सिंह आज विधायक पद की शपथ लेंगे। पटना सिविल कोर्ट के फैसले के बाद उनके शपथ ग्रहण का रास्ता साफ हो गया है। अनंत सिंह फिलहाल दुलारचंद यादव हत्याकांड में न्यायिक हिरासत में पटना के बेऊर जेल में बंद हैं। अब वे 3 महीने बाद थपथ लेने के लिए जेल से बाहर आ रहे हैं। दुलारचंद हत्याकांड मामले में सिविल कोर्ट से बेल रिजेक्ट होने के बाद बाहुबली ने 24 दिसंबर को हाईकोर्ट में अर्जी दी थी। जल्द ही इस मामले में सुनवाई हो सकती है।

### आत्मनिर्भरता ही राष्ट्र निर्माण का मजबूत आधार : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली (ए.)।** नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भरता को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए कहा है कि आत्मनिर्भरता वह दीपक है, जो आत्मसम्मान और सामर्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विश्वास जताया कि इस बार का केंद्रीय बजट देश के युवाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस सुभाषित के माध्यम से प्रधानमंत्री ने यह संदेश दिया कि संपदा और अवसर उसी व्यक्ति के पास आते हैं, जो स्वयं को योग्य बनाता है।

### राज्यपाल ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को किया संबोधित, कहा

# अगले पांच वर्षों में देश के विकसित राज्यों में शामिल होगा बिहार

निज संवाददाता | पटना

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि बिहार अगले पांच वर्षों में देश के सबसे अधिक विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में विकास की रफ्तार को और तेज करने के लिए सरकार ने 'सात निश्चय–3' कार्यक्रम तय किया है, जिसके तहत प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है और इस दिशा में कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। राज्यपाल सोमवार को बजट सत्र के पहले दिन विधानमंडल के विस्तारित भवन के सेंट्रल हॉल में आयोजित दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय

अपने लगभग 28 मिनट के अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य में कानून का राज स्थापित है और इसे बनाए रखना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं।



आधारभूत संरचना के क्षेत्र में हुए कार्यों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में सुदूर क्षेत्रों से छह घंटे में पटना पहुंचने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया था, जिसके बाद अब इसे पांच घंटे में पूरा करने की दिशा में काम किया गया। राज्य में बड़े पैमाने पर नई सड़कों, पुल-पुलियों और एलिवेटेड रोड का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही प्रखंडों को जोड़ने वाली सड़कों का चौड़ीकरण भी किया जा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'प्रगति यात्रा' के दौरान सभी जिलों में विकास कार्यों की समीक्षा की और जहां भी कमियां दिखीं, उन्हें दूर करने के लिए 430 नई योजनाओं की शुरुआत की गई है, जिन्हें तेजी से पूरा किया जा रहा है। महिला सशक्तिकरण और रोजगार पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने कहा कि राज्य में 1 करोड़ 56 लाख महिलाओं को रोजगार शुरू करने के लिए 10-10 हजार रुपये की सहायता दी गई है। जो महिलाएं इस राशि का बेहतर उपयोग कर सफलतापूर्वक रोजगार संचालित करेंगी, उन्हें दो-दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता भी दी जाएगी।

### पुलिस बल की संख्या हुई एक लाख 31 हजार

राज्यपाल ने कहा कि 24 नवंबर 2005 से पहले राज्य में विकास की गति बेहद धीमी थी, लेकिन इसके बाद बनी सरकारों ने तेजी से काम किया। उन्होंने बताया कि पहले बिहार में पुलिस बल की संख्या काफी कम थी, जो अब बढ़कर 1 लाख 31 हजार से अधिक हो चुकी है और भर्ती प्रक्रिया लगातार जारी है। पुलिस बल में महिलाओं की भागीदारी बिहार में देश में सबसे अधिक है। इसके साथ ही राज्य में पुलिस थानों की संख्या 814 से बढ़कर 1380 हो गई है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत हुई है।

### शिक्षकों की संख्या में बढ़ोत्तरी

क्षेत्र पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि पहले राज्य में शिक्षकों की भारी कमी थी, लेकिन लगातार नियुक्तियों के बाद अब बिहार में सरकारी शिक्षकों की संख्या 5.24 लाख हो गई है। उन्होंने बताया कि अब केवल 73 हजार नियोजित शिक्षक बचे हैं, जिन्हें सरकारी शिक्षक बनने के लिए एक बार फिर अवसर दिया जाएगा। इससे शिक्षा व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी।

### स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि पहले बिहार में केवल छह सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल थे, जिनकी संख्या अब बढ़कर 12 हो गई है। इसके अलावा शेष 27 जिलों में नए मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे राज्य के दूर-दराज के इलाकों में भी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

उन्होंने कहा कि बिहार के विकास में केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है और इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में राज्यपाल ने विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्यों से राज्य के विकास में रचनात्मक सहयोग देने की अपील की। इस अवसर पर सेंट्रल हॉल में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सहित राज्य सरकार के कई मंत्री और विधायक उपस्थित थे।

# बिहार बोर्ड इंटर परीक्षा : 13,17,846 परीक्षार्थी हुए शामिल, इलेक्ट्रॉनिक पूरी तरह प्रतिबंध

- जिले में 4 मॉडल परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं।
- सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और वीडियोग्राफी कराई जा रही है।



निज संवाददाता | पटना

बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 की शुरुआत सोमवार 2 फरवरी से हो गई है। यह परीक्षा 13 फरवरी तक चलेगी और पूरे राज्य में 1,762 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित की जा रही है। इस वर्ष कुल 13,17,846 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं, जिनमें 6,75,844 छात्राएं और 6,42,002 छात्र हैं। पहली पाली में बायोलॉजी और फिलॉसफी की परीक्षा संपन्न हुई, जिसमें 5,02,317 परीक्षार्थी शामिल हुए। वहीं दूसरी पाली में इकोनॉमिक्स की परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिसमें 55,964 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। राजधानी पटना में परीक्षा को लेकर सुबह से ही केंद्रों पर छात्रों की भारी भीड़ देखी गई। प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की सघन तलाशी ली गई और प्रवेश पत्र की जांच के बाद ही उन्हें केंद्र के अंदर जाने की अनुमति दी गई। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के अलावा किसी भी अनधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। केंद्रों के आसपास भीड़ न लगे, इसके लिए पुलिस बल और दंडाधिकारियों की तैनाती की गई है।

इस दौरान गांधी मैदान स्थित बांकीपुर गर्ल्स हाई स्कूल में उस वक्त अफरातफरी मच गई, जब कुछ छात्राएं परीक्षा केंद्र पर देर से पहुंचीं। निर्धारित समय के बाद प्रवेश नहीं मिलने पर कुछ छात्राएं रोने लगीं, जबकि तीन छात्राओं ने गेट फांदकर अंदर प्रवेश करने की कोशिश की। हालांकि महिला पुलिसकर्मियों ने उन्हें तुरंत पकड़ लिया और नियमानुसार कार्रवाई की गई। पटना जिले में कुल 84 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें पटना सदर, पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी और पालीगंज अनुमंडल शामिल हैं। जिले में कुल 73,963 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इसके अलावा जिले में 4 मॉडल परीक्षा केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।

परीक्षा को पूरी तरह कदाचारमुक्त बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और वीडियोग्राफी भी कराई जा रही है। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ या किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पर पूरी तरह प्रतिबंध है। दो स्तर पर फ्रिस्किंग की व्यवस्था की गई है, जबकि महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला कर्मियों द्वारा की जा रही है।

जिला प्रशासन की ओर से स्टैटिक दंडाधिकारी, गश्ती दंडाधिकारी और उड़नदस्ता की तैनाती की गई है। साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू की गई है और फोटोस्टेट की दुकानों को परीक्षा अवधि के दौरान बंद रखने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कदाचार या अव्यवस्था की स्थिति में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### आज की परीक्षा का कार्यक्रम

समिति ने जानकारी दी है कि इंटरमीडिएट की यह वार्षिक परीक्षा आगामी 13 फरवरी, 2026 तक चलेगी। आज परीक्षा के दूसरे दिन प्रथम पाली में विज्ञान एवं कला संकाय के विद्यार्थियों के लिए गणित (विषय की परीक्षा होगी। वहीं, द्वितीय पाली में कला संकाय के लिए राजनीति विज्ञान और वोकेशनल कोर्स के परीक्षार्थियों के लिए फाउंडेशन कोर्स विषय की परीक्षा आयोजित की जाएगी।

# केंद्रीय बजट में बिहार को 10,379 करोड़ की रेलवे सौगात वाराणसी–सिलीगुड़ी हाई स्पीड कॉरिडोर से जुड़ेगा पटना

- इस कॉरिडोर पर भविष्य में बुलेट ट्रेन चलेगी, जो 350 किमी/घंटा की रफ्तार से वाराणसी से सिलीगुड़ी की यात्रा 2 घंटे 55 मिनट में पूरी करेगी।

निज संवाददाता | पटना

केंद्रीय बजट में बिहार को रेलवे क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात मिली है। राज्य को इस बार रेलवे मद में 10,379 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। इसके साथ ही बहुप्रतीक्षित वाराणसी–सिलीगुड़ी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना को भी गति दी गई है, जिससे राजधानी पटना सीधे जुड़ जाएगी। इस कॉरिडोर पर भविष्य में बुलेट ट्रेन चलाने की योजना है, जिससे बिहार की रेल कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक बदलाव आने की उम्मीद है। केंद्रीय रेल मंत्री



अश्विनी वैष्णव ने बजट के बाद प्रेस वार्ता में बताया कि बिहार में इस समय लगभग 1 लाख 9 हजार 158 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें नई रेल लाइनों का निर्माण, ट्रैक दोहरीकरण, विद्युतीकरण, स्टेशन आधुनिकीकरण और हाई स्पीड रेल कॉरिडोर जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बिहार में रेलवे के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए लगातार निवेश बढ़ा रही है। रेल मंत्री के अनुसार, प्रस्तावित वाराणसी–सिलीगुड़ी हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर बुलेट ट्रेन 350 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ेगी। परियोजना के पूरा होने के बाद वाराणसी से सिलीगुड़ी की दूरी मात्र 2 घंटे 55 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे पूर्वी भारत की कनेक्टिविटी पूरी तरह बदलने की संभावना है और बिहार को इसका बड़ा लाभ मिलेगा।

परियोजना की एक अहम विशेषता यह है कि पूरा हाई स्पीड ट्रैक एलिवेटेड होगा। इससे भूमि अधिग्रहण से जुड़ी समस्याएं कम होंगी और ट्रेनों की गति व सुरक्षा दोनों सुनिश्चित की जा सकेंगी। पटना के इस हाई स्पीड नेटवर्क से जुड़ने पर न केवल यात्रियों का समय बचेगा, बल्कि व्यापार, उद्योग और पर्यटन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। कुल मिलाकर, केंद्रीय बजट में बिहार के लिए किया गया यह रेलवे आवंटन राज्य के विकास की रफ्तार को और तेज करने वाला माना जा रहा है।

# सीओ की हड़ताल पर बिहार सरकार का सख्त रुख, चाबी–गाड़ी वापस लेने का आदेश

निज संवाददाता | पटना

बिहार राजस्व सेवा संघ द्वारा 2 फरवरी 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा के बाद नीतीश कुमार सरकार ने कड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने सभी जिलों के समाहर्ताओं को स्पष्ट निर्देश जारी करते हुए कहा है कि हड़ताल पर जाने वाले अंचल अधिकारियों (सीओ) से अभिलेखागार की चाबी और सरकारी वाहन तत्काल वापस ले लिए जाएं। विभाग का उद्देश्य है कि हड़ताल के कारण राजस्व प्रशासन का कामकाज किसी भी स्थिति में बाधित न हो। विभागीय आदेश में यह भी साफ किया गया है कि हड़ताल की अवधि में कार्य नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर "नो वर्क नो पे" के सिद्धांत के तहत कार्रवाई की जाएगी। सरकार का कहना है कि राजस्व और भूमि से जुड़े कार्य आम जनता से सीधे जुड़े होते हैं, ऐसे में कार्यालयों का बंद रहना या कामकाज ठप पड़ना स्वीकार्य नहीं है।

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने निर्देश दिया है कि अंचल कार्यालयों में कामकाज सुचारू रखने के लिए वरिष्ठ राजस्व कर्मचारियों या अन्य योग्य कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी जाए। साथ ही, जहां आवश्यकता




हो वहां प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ), अनुमंडल पदाधिकारी (आरडीओ) अथवा उप समाहर्ता भूमि सुधार (डीसीएलआर) को अतिरिक्त प्रभार देकर प्रशासनिक कार्य चलाने की व्यवस्था की जाए। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान में विभाग की ओर से कई महत्वपूर्ण अभियान और प्रशासनिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, ऐसे में अंचल कार्यालयों का खाली रहना उचित नहीं है। जिलों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि अभिलेखों की सुरक्षा, कार्यालय संचालन और आम जनता से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की रुकावट न आए।

सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि हड़ताल पर जाने वाले अधिकारियों को इस अवधि में किसी भी प्रकार की सरकारी सुविधा नहीं दी जाएगी। सरकारी वाहन और अन्य संसाधनों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का यह फैसला सीओ हड़ताल के प्रति सरकार की कड़ी चेतावनी और सख्त प्रशासनिक रुख के रूप में देखा जा रहा है।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगा नया विस्तार

# सात जिलों में आयुष अस्पताल का निर्माण होगा शीघ्र : मंगल पांडेय

निज संवाददाता | पटना

मंगल पांडेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में आयुष चिकित्सा पद्धति को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में राज्य भर में 294 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर आयुष के माध्यम से संचालित हो रहे हैं, जहां आयुष चिकित्सकों द्वारा आम लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि आयुष के जरिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सुदृढ़ किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने जानकारी दी कि राज्य के आठ जिलों में 50 बेड के एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें पटना का आयुष अस्पताल बनकर पूरी तरह तैयार हो गया है, जबकि बेगूसराय, दरभंगा, गोपालगंज, मधुबनी, गया, मोतिहारी और सीवान जिलों में अस्पतालों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इन अस्पतालों के शुरू होने से आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से लोगों को बेहतर और समग्र स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

मंगल पांडेय सोमवार को राज्य आयुष समिति के पब्लिक हेल्थ



प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा पद्धति से जुड़े चिकित्सकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आयुष चिकित्सकों की क्षमता को और मजबूत करना है, ताकि वे आधुनिक स्वास्थ्य जरूरतों के अनुरूप सेवाएं दे सकें। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जिला और प्रखंड स्तर पर शिविरों का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में आयुष चिकित्सा पद्धति की विश्वसनीयता न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर भी बढ़ी है। कोविड-19 महामारी के दौरान आयुष आधारित उपचार और परामर्श ने लोगों के बीच व्यापक विश्वास अर्जित किया, जिससे इसकी स्वीकार्यता और मजबूत हुई है।






बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# रजौली में 8 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त रूप से हो रही इंटरमीडिएट की परीक्षा

## पहली पाली में 3614 में 24 एवं दूसरी पाली में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित

निज संवाददाता। रजौली

रजौली प्रखंड क्षेत्र में सोमवार से इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरुआत हो गई है। इस परीक्षा को लेकर स्थानीय प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं। रजौली प्रखंड में कुल 8 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं,जिनमें इंटर विद्यालय रजौली, प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय रजौली, उच्च विद्यालय चिरैला, कन्या मध्य विद्यालय रजौली, सप्तऋषि डिग्री कॉलेज रजौली, उत्क्रमित उच्च विद्यालय छपरा, उच्च विद्यालय करिगांव, मथुरासानी महाविद्यालय रजौली,मध्य विद्यालय रजौली शामिल हैं। इन परीक्षा केंद्रों में सप्तऋषि डिग्री कॉलेज में छात्रगण परीक्षा दे रहे हैं एवं शेष सात केंद्रों पर छात्राएं परीक्षा दे रही है।

**परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :-** परीक्षा को शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं केंद्राधीक्षक की तैनाती की गई है। परीक्षा शुरू होने से पूर्व परीक्षार्थी कतारबद्ध होकर केंद्र में प्रवेश करते दिखाई दिए एवं केंद्र के अंदर कर्मियों द्वारा परीक्षार्थियों की सघन तलाशी भी ली गई। परीक्षा केंद्रों में लगातार पदाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। प्रखंड में बनाए गए केंद्रों पर परीक्षा संचालन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया जा रहा है।परीक्षा केंद्रों के बाहर निषेधाज्ञा लागू की गई है ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या कदाचार को रोका जा सके।छात्राओं की जांच के लिए महिला पुलिस बल की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं, परीक्षा शुरू होने से पहले केंद्रों पर छात्राओं की भीड़ देखी गई।



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम



परीक्षा केंद्र के बाहर कतार में खड़ी छात्राएं

**पहले दिन 31 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित :-** इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन सोमवार को पहली पाली में 3614 परीक्षार्थियों में 24 एवं दूसरी पाली में 312 परीक्षार्थियों में 7 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

**एसडीएम द्वारा लगातार किया जा रहा निरीक्षण :-** परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण के दौरान एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन ने बताया कि सभी केंद्रों में शांतिपूर्ण रूप से परीक्षा का संचालन हो रहा है। परीक्षा केंद्र के आसपास अनावश्यक भीड़ और मतरगश्ती पूर्णतः प्रतिबंधित है। एसडीएम ने परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित समय से केन्द्र पर पहुंचे,ताकि भागदौड़ से होने वाली परेशानियों से बचा जा सके। साथ ही भरोसा जताया है कि परीक्षा शांतिपूर्ण और सफलतापूर्वक संपन्न कराई जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### सीओ एवं राजस्व अधिकारी गए हड़ताल पर, कार्यालय में लटका ताला

**कौआकोल।** संघ के आहवान पर कौआकोल सीओ मनीष कुमार एवं राजस्व अधिकारी अनीश कुमार के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय में सन्नाटा छा गया है। सीओ एवं राजस्व अधिकारी के हड़ताल पर चले जाने से दाखिलखारिज सहित विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र निर्गत करने का काम ठप हो गया है। जिससे लोगों की परेशानी बढ़नी तय हो गई है। सीओ मनीष कुमार ने बताया कि 29 जनवरी के मंत्रिपरिषद की बैठक में डीसीएलआर पद से संबंधित लिये गये निर्णय के विरोध में वे लोग संघ के आहवान पर हड़ताल पर हैं। उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद की बैठक में लिये गये निर्णय उनके संवर्ग के हित में नहीं हैं। इससे उनलोगों के प्रमोशन को खतरा है। राजस्व अधिकारियों का मानना है कि राजस्व अधिकारी ही प्रमोट होकर डीसीएलआर और एडीएम बनते थे। लेकिन अब एक नया पोस्ट बनाये जाने से उनकी संभावनाएं समाप्त हो सकती है। सीओ का कहना है कि कैबिनेट के निर्णयों से बिहार राजस्व सेवा के अधिकारियों के पदोन्नति मार्ग और कार्यक्षेत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जिससे यह निर्णय न केवल बिहार राजस्व सेवा नियमावली 2010 की भावना के विपरीत है,बल्कि माननीय पटना उच्च न्यायालय के पूर्व आदेशों की भी अनदेखी करता है। सीओ ने कहा कि दाखिल-खारिज,जमाबंदी अद्यतन,म्यूटेशन अपील और भूमि विवाद निबटारे जैसे मामलों में पहले से ही कार्यभार अधिक है,ऐसे में सेवा शर्तों में अस्थिरता कर्मचारियों का मनोबल गिरा रही है। वता दें कि मंत्रिपरिषद के निर्णय संख्या 23 के तहत भूमि सुधार उप समाहर्ता पदनाम में बदलाव और निर्णय संख्या 30 के तहत बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग में 101 नये पदों के सृजन किया गया है। जिससे राजस्व सेवा के भविष्य पर प्रश्नचिह्न खड़ा हो गया है। दरअसल विगत मंत्रिपरिषद की बैठक में डीसीएलआर का पद को बदलकर अनुमंडल राजस्व अधिकारी कर दिया गया है। इससे राजस्व संवर्ग के अधिकारियों में खासी नाराजगी है।

### फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं को किया गया प्रशिक्षित

**केसरिया।** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूजा की अध्यक्षता में आशा कार्यकर्ताओं के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं को अभियान की कार्ययोजना, दवा वितरण प्रक्रिया एवं उनकी जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पूजा ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है। इसके उन्मूलन में आशा कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा लेने से वंचित न रहे। कार्यक्रम में बीसीएम विवेक कुमार, बीईएम कुमारी पल्लवी, प्रखंड समन्वयक अखिलेश कुमार एवं शशिकांत कुमार ने भी आशा कार्यकर्ताओं को दवा सेवन के लाभ, संभावित दुष प्रभावों एवं लोगों को जागरूक करने के तरीकों के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि आशा कार्यकर्ता 14 दिनों तक घर-घर जाकर पात्र लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाएंगी। वहीं, बच्चों तक दवा पहुंचाने के लिए तीन दिनों तक विद्यालयों में विशेष बूथ के माध्यम से दवा वितरण किया जाएगा। प्रशिक्षण में यह भी निर्देश दिया गया कि दवा सेवन के दौरान किसी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचना दी जाए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र की सभी आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं। अंत में सभी ने फाइलेरिया मुक्त समाज के संकल्प के साथ अभियान को सफल बनाने का भरोसा दिलाया।

### सीनियर डिवीज़न जिला क्रिकेट लीग आयोजित

**मोतिहारी।** पूर्वी चंपारण जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सत्यदेव प्रसाद चौधरी स्मृति सीनियर डिवीज़न जिला क्रिकेट लीग ग्रुप ए का मैच स्थानीय स्पोर्ट्स क्लब में स्टार ऑफ़ स्पोर्ट्स और ग्रीन फील्ड एकेडमी अरेराज के बीच हुआ। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्टार ऑफ़ स्पोर्ट्स के प्रिंस 67 अबरार के 66,और अक्षय के 45 रन के बदौलत 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया अरेराज के तरफ़ से अभय ने 2 इरफ़ान ने दो विकेट लिए।जवाब में खेलने उतरी अरेराज की टीम 108 बनाकर ऑल आउट हो गई स्टार ऑफ़ स्पोर्ट्स के प्रिंस सिंह ने 3 विकेट और शाहिल ने 3 विकेट लिए ।स्टार ऑफ़ स्पोर्ट्स ने 161 रन से मैच जीत लिया ।मैन आफ़ द मैच बरिए खिलाड़ी धरणीधर सिंह ने प्रिंस सिंह को दिया अंपायर की भूमिका में कुमार राज और तैयब हुसैन थे ।मैन ऑफ़ द मैच के प्रायोजक एम एस स्पोर्ट्स अरेराज,और क्लासिक स्पोर्ट्स मोतिहारी थे।इसकी जानकारी मधुरेंद्र सिंह जिला लीग प्रभारी ने मीडिया को दी।मौक़े पर प्रभाकर जायसवाल ,बसंत कुमार,अमित कुमार सेन,विजय कुमार, रितेश श्रीवास्तव ,रवि कुमार चुटुन , अय्याज अहमद ,रवि राज , संत कुमार,सुबोध कुमार,विश्वनाथ प्रसाद,फ़ैसल गनी आदि उपस्थित थे !

### मोबाइल से आंखों पर हो रहे प्रेशर, नींद की कमी, दिमाग पर दबाव और बच्चों में अत्यधिक संख्या में लग रहे आंखों में चश्मा




**मोतिहारी।** सिटीजन फोरम आफ मोतिहारी की आम सभा एवं परिचर्चा का आयोजन निजी होटल के सभागार में आयोजित किया गया। फोरम के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव संरक्षक प्रकाश चौधरी, शिक्षाविद शशि कला देवी ,नरेंद्र देव मुख्य वक्ता डा• स्नेहा चौरसिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित और सिटीजन वार्ता पत्रिका का विमोचन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। अध्यक्षीय संबोधन में अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि सिटीजन फोरम ऑफ मोतिहारी स्थापना काल से बेहतर कार्य करने का प्रयास कर रहा है। फोरम के संरचनात्मक ,संस्था के रजिस्ट्रेशन और संस्था को सुदृढ़ करने हेतु सदस्यों के विचार के लिए आम सभा का आयोजन किया गया है। समसामयिक समस्याओं पर प्रकाश डालते हुए अध्यक्ष ने कहा कि शहर में आम नागरिकों के लिए फूटपाथ उपलब्ध नहीं है। हर घर नल-जल योजना की समुचित सुविधा उपलब्ध नहीं है और आज की परिचर्चा का ध्यानाकर्षण करते हुए डीजिटल हेल्थ मिशन पर विधिवत नियम बनाने पर बल दिया।सचिव धर्म वर्धन प्रसाद ने ट्रैफिक जाम, साइबर क्राइम, गिरते भूजल -स्तर ,आदि जन जागरूकता भरे फोरम द्वारा किए गए गतिविधियों की रिपोर्ट रखी। वहीं संस्थापक अध्यक्ष वीरेंद्र जालान ने फोरम के स्थापना के उद्देश्य और सामान्य नागरिकों के समस्या को लेकर ज्वलंत मुद्दों पर जन जागरूकता भरे कार्य कैसे सिटीजन फोरम करता है पर अपना विचार रखा। मंच का उत्कृष्ट संचालन कार्यक्रम संयोजक अमित कुमार कुशवाहा और सुधीर गुप्ता ने किया। आम सभा के बाद मोबाइल के अत्यधिक एवं अनावश्यक उपयोग पर परिचर्चा का आयोजन किया गया।नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर कमलेश कुमार ने मोबाइल से आंखों पर हो रहे प्रेशर, नींद की कमी, दिमाग पर दबाव और बच्चों में अत्यधिक संख्या में लग रहे आंखों में चश्मा पर चिंता व्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों से कहा कि बच्चों को घर से बाहर मैदान में खेलने के लिए समझाएं। वहीं मुख्य वक्ता डॉक्टर स्नेहा चौरसिया केंद्रीय विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर ने इस विषय पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन देते हुए बताया कि आज मोबाइल हमारा जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है आज दादा -दादी ,नाना- नानी से बच्चे प्यार के लिए अटैच नहीं हो रहे हैं। उनके मोबाइल से प्यार करने के लिए अटैच हो रहे हैं ,जेन और जेन अल्फा का पूरी तरह से मोबाइल पर जीवन आधारित हो गया है लोग सोशल मीडिया का नकारात्मक उपयोग कर रहे हैं। सभा स्थल की व्यवस्था और सदस्यों का स्वागत पूर्व सचिव राम भजन, पूर्व अध्यक्ष विन्टी शर्मा, निशा गुप्ता, उपाध्यक्ष संध्या चौधरी ने किया, सभा में सबसे पहले उपस्थित होने वाले पांच सदस्यों में उदय नारायण सिंह, रविंद्र कुमार आदि को सम्मानित किया गया ,धन्यवाद ज्ञापन सतीश टंडन ने किया, राष्ट्रगान के साथ सभा स्थगन की घोषणा की गई !

## डीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

निज संवाददाता। नवादा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा–2026 प्रारंभ किया गया है।परीक्षा के प्रथम दिन प्रथम पाली में जिला पदाधिकारी, नवादा श्री रवि प्रकाश द्वारा के०एल०एस० कॉलेज, नवादा, गंगा रानी कॉलेज, नवादा एवं कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देशों के आलोक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान आज प्रथम पाली में के०एल०एस० कॉलेज से पाँच (छोटू कुमार, अंकुश कुमार, रविंद्र कुमार, योगेश्वर कुमार एवं शुभम कुमार), गंगा रानी कॉलेज से पाँच (आदित्य राज, निखिल कुमार, नितीश कुमार, अनुज कुमार एवं अभिषेक कुमार) तथा कन्हाई इंटर विद्यालय से तीन (काजल कुमारी, शिबू कुमारी एवं आरती कुमारी), कुल 13 परीक्षार्थी कदाचार में लिप्त पाए गए, जिन्हें परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की गई है।साथ ही, के०एल०एस० कॉलेज के 04, गंगा रानी कॉलेज के 04 एवं कन्हाई इंटर विद्यालय के 02 वीक्षकों द्वारा फ्रिस्किंग में लापरवाही बरतने के आरोप में उनसे स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया गया है।

जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई है। प्रथम पाली में जीव विज्ञान एवं दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित हो रही है। परीक्षा दो पालियों में पूर्वाह्न 09:30 बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 02:00 बजे से 05:15 बजे तक आयोजित की जा रही है।

## बरौन गांव में सरसो की खेती से अवगत हुए किसान

निज संवाददाता। कौआकोल



प्रखण्ड के दरावां पंचायत अंतर्गत बरौन गांव में कृषि विज्ञान केंद्र,ग्राम निर्माण मंडल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा,नवादा के बैनर तले समूह अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण कार्यक्रम के तहत सरसों फसल का प्रक्षेत्र दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तरह अधिक उत्पादन देने वाली सरसों की प्रजाति डीआरएमआर 150-35 का प्रक्षेत्र प्रदर्शन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र के विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे ने किसानों को तकनीक,अधिक उत्पादन देने वाली सरसों की प्रवेश,समेकित व्याधि प्रबंधन, बीज उपचार,समेकित उर्वरक प्रबंधन,खरपतवार नियंत्रण आदि की जानकारी किसानों को दी। कार्यक्रम में मौजूद ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार ने लोगों को कृषि में नई तकनीकी को अपनाने पर बल दिया। मौके पर उपस्थित कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने किसानों को फसलों में लगने वाले रोग एवं कीड़े से निदान के बारे में जानकारी दिया। विषय वस्तु विशेषज्ञ कृषि प्रसार अंगद कुमार ने किसानों को खेती के साथ-साथ समेकित खेती करने हेतु तथा विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी दिए। मौके पर विकास कुमार,सन्नी कुमार,पप्पू कुमार,प्रगतिशील किसान राणा रणधीर सिंह,सरपंच अर्जुन साव समेत दर्जनों किसान मौजूद थे।

## कौआकोल पंचायत में फार्मर रजिस्ट्री के लिए लगाया गया शिविर





निज संवाददाता। कौआकोल

प्रखण्ड के कौआकोल पंचायत स्थित राजस्व कचहरी में सोमवार को फार्मर रजिस्ट्री के लिए शिविर लगाया गया। शिविर में दर्जनों किसानों का निःशुल्क फार्मर आईडी कार्ड बनाया गया। किसान समन्वयक शशिभूषण कुमार आनन्द एवं राजस्व कर्मचारी प्रकाश कुमार ने बताया कि शिविर में किसानों का आधार कार्ड एवं ऑनलाइन से निर्गत लगान रसीद एवं मोबाइल नम्बर प्राप्त कर सम्बन्धित कर्मियों के द्वारा सत्यापन के पश्चात फार्मर रजिस्ट्री किया गया। उन्होंने बताया कि किसान आईडी नहीं बनाने वाले किसानों को पीएम किसान सम्मान सहित अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से वंचित होना पड़ जायेगा। उन्होंने किसानों से अनिवार्य रूप से फार्मर रजिस्ट्री कार्ड बनवाने की अपील किया है।

## दो प्रधानाध्यापकों के बीच फंसा 15 इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों का भविष्य, निर्गत प्रवेश पत्र में कई गलतियां

निज संवाददाता। रजौली

रजौली प्रखंड क्षेत्र के जोगियामारण पंचायत के भगवानपुर गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय के 15 छात्र-छात्राएं वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली इंटरमीडिएट की परीक्षा से वंचित हो गए। छात्रगण व परिजन के अनुसार इसके पीछे का मुख्य कारण विद्यालय की पूर्व प्रधानाध्यापिका सरिता कुमार और नवपदस्थापित प्रधानाध्यापिका सरोज यादव के बीच विवाद है। परीक्षार्थियों के जारी प्रवेश पत्र में विषय,जन्मतिथि व आधारकार्ड से संबंधित कई त्रुटियां हैं। परीक्षार्थी नीलम कुमारी ने बताई कि वे स्वतंत्र छात्रा है एवं पूर्व प्रधानाध्यापिका सरिता कुमारी के माध्यम से वर्ष 2026 में आयोजित होने वाली परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाई थी। विद्यालय द्वारा प्राप्त रजिस्ट्रेशन कार्ड में सभी डाटा सही भरा हुआ है,किंतु प्रवेश पत्र में विद्यालय स्तर से ही जानबुझकर त्रुटि किया गया है। उन्होंने कहा कि जब वे अपनी समस्या को लेकर विद्यालय पहुंची,तो प्रधानाध्यापिका सरोज यादव ने कहा कि आपको हम नहीं जानते हैं और ना ही आपका कोई दस्तावेज हमारे विद्यालय में है। परीक्षार्थी विद्यालय प्रशासन के जवाब सुनकर जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं बिहार बोर्ड में इसकी शिकायत की है।

**पैसे की लालच में हुआ खेल :-** प्रखंड क्षेत्र के कुछ विद्यालयों द्वारा पैसे की लालच में स्वतंत्र रूप से छात्र छात्राओं का मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए रजिस्ट्रेशन और फॉर्म भरवाया जाता है। इसके लिए छात्र-छात्राओं को शपथ पत्र के साथ अन्य दस्तावेज दिया जाता है। किंतु भगवानपुर स्थित विद्यालय में पूर्व प्रधानाध्यापिका सरिता कुमार का विवाद पूर्व प्रभारी अमित कुमार और नवपदस्थापित प्रधानाध्यापिका सरोज यादव के साथ लंबे समय तक चला। इसी बीच सरिता कुमारी द्वारा 15 स्वतंत्र बच्चों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया,किंतु प्रवेश पत्र में त्रुटियां रह गई।



परीक्षा से वंचित परीक्षार्थी

**सामाजिक और राजनीतिक दवाब में परीक्षार्थियों को मिला त्रुटिपूर्ण प्रवेश पत्र :-** भगवानपुर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरोज यादव ने स्पष्ट रूप से कहा कि सरिता कुमारी द्वारा स्वतंत्र रूप से 15 बच्चों के भरवाए गए फॉर्म व दस्तावेज की जानकारी विद्यालय को नहीं है। इसके बावजूद समाजिक और राजनीतिक दवाब में आकर वे जनवरी 2026 में प्रवेश पत्र निर्गत की थी,जिनमें 12 लोगों ने प्रवेश पत्र लिया है और शेष 3 लोगों का प्रवेश पत्र विद्यालय में पड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि उनके स्तर से किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं की गई और वे बच्चों के हित में बोर्ड एवं वरीय पदाधिकारियों के पास पत्राचार भी की है।

**साइबर कैफे में है विद्यालय का आईडी व पासवर्ड :-** पूर्व प्रभारी प्रधानाध्यापक अमित कुमार ने कहा कि वे नवंबर 2024 में प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में विद्यालय आए थे,किंतु सरिता कुमारी द्वारा विद्यालय का यूजर आईडी एवं पासवर्ड मांगे जाने पर नहीं दिया गया और कहा गया कि वे भूल चुकी है। इसकी शिकायत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी से भी की गई थी। वहीं 25 जुलाई 2025 को सरोज यादव प्रधानाध्यापिका के रूप में पदस्थापित हुई,उसके बाद विद्यालय का यूजर आईडी और पासवर्ड दिया गया। उन्होंने सरिता कुमारी पर यह भी आरोप लगाया कि विद्यालय आनेवाले कई बच्चे किसी साइबर कैफे में जाकर अपना रजिस्ट्रेशन आदि करवाएं हैं,जिसका मतलब साफ है कि विद्यालय का यूजर आईडी और पासवर्ड सायबर कैफे के पास होगा।

**परीक्षार्थी व अभिभावक की बढ़ी परेशानी :-** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर से इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करवाए 15 बच्चे परीक्षा देने से वंचित हो गए। परिजनों ने कहा कि वे विद्यालय द्वारा मांगे गए पैसे व आवश्यक दस्तावेज देकर भी उनका एक साल बर्बाद हो गया है।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी :-** इस संबंध में बीडीओ संजीव झा ने बताया कि शिकायत मिलने पर उन्होंने प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई हेतु भेजा है।

## जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं का हुआ समाधान

निज संवाददाता। नवादा

♦ **प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई**

बिहार सरकार के सात निश्चय–3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान – जीवन आसान (Ease of Living)" का मुख्य उद्देश्य राज्य के सभी नागरिकों के दैनिक जीवन में आने वाली कठिनाइयों को कम कर उनके जीवन को अधिक सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाना है। इस निश्चय के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि आमजनों को सरकारी कार्यालयों से संबंधित कार्यों के निष्पादन में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उक्त उद्देश्य की प्राप्ति हेतु प्रत्येक सप्ताह सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई की व्यवस्था लागू की गई है। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन हेतु आवश्यक कार्रवाई की गई।

जिला पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में अपर समाहर्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों द्वारा कुल 18 शिकायतें दर्ज कराई गईं। कार्यक्रम के दौरान अपर समाहर्ता द्वारा कई शिकायतों का ऑन-स्पॉट निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को जांचोपरांत आवश्यक कार्रवाई हेतु अग्रसारित किया गया।

जनसुनवाई के दौरान अंचल–अकबरपुर, ग्राम एवं पोस्ट–छोटकी अवामा के छोटेलाल कुमार द्वारा भूमि परिमार्जन नहीं होने के संबंध में, थाना–हिसुआ, ग्राम एवं पोस्ट–मँझवे के सागर कुमार द्वारा दाखिल-खारिज रद्द करने के संबंध में, प्रखंड–अकबरपुर के दिलीप कुमार द्वारा भूमि घेराबंदी के संबंध में, थाना–गोविंदपुर, ग्राम–बहरगांव के राजेश कुमार चौधरी द्वारा दिनांक 30 मार्च 2025 को साक्षात्कार में उपस्थित नहीं हो पाने के संबंध में तथा थाना–नवादा, ग्राम–महुली के रामचंद्र प्रसाद यादव द्वारा भूमि विवाद के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त अन्य परिवादियों द्वारा भी विभिन्न प्रकार की शिकायतें दर्ज कराई गईं।

अपर समाहर्ता द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इसी क्रम में जिले के ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

## तारगीर में धूमधाम से मनाया गया शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती



शाहिद जगदेव प्रसाद की जयंती मनाते लोग

निज संवाददाता। रजौली

रजौली प्रखंड क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत स्थित तारगीर गांव में सोमवार को ऑल इंडिया दांगी क्षत्रिय संघ के नवादा जिला इकाई द्वारा शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र दांगी ने की एवं मंच संचालन प्रभाकर रंजन दांगी ने की। इस दौरान संघ के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव बीरेंद्र दांगी एवं प्रदेश अध्यक्ष विजय प्रसाद दांगी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में शाहिद जगदेव प्रसाद की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने अमर शहीद जगदेव प्रसाद को क्रांतिकारी विचारों एवं बहुजन सुखाय के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। साथ ही कहा कि वे शोषित की आवाज बनें, किंतु प्रतिक्रियावादी ताकतों को यह बर्दाश्त नहीं हो सका।

इसलिए साजिश के तहत उनकी निर्मम हत्या कर दी गई, किंतु समाज में आज भी उनके विचार ना केवल जीवित हैं,बल्कि प्रासंगिक है। इस मौके पर संघ के कोषाध्यक्ष व्यास जयप्रकाश दांगी, विशेश्वर सिंह दांगी, राजकुमार दांगी, महेंद्र दांगी, शिवनंदन सिंह दांगी, कृष्णदेव प्रसाद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 4 फरवरी को मोतिहारी में होने वाले महाकवि जयशंकर प्रसाद जयंती को सफल बनाने को लेकर हुई बैठक



**केसरिया**। आगामी 4 फरवरी को मोतिहारी स्थित बापू सभागार में कानू हलवाई विकास संघ द्वारा आयोजित होने वाले महाकवि जयशंकर प्रसाद जयंती समारोह सह नवनिर्वाचित विधायकों के नागरिक अभिनंदन समारोह की सफलता को लेकर ढेकहां में सोमवार को बैठक आयोजित की गई। संबोधित करते हुए पूर्व जिला पार्षद एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष मुख्तार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। इसके लिए जिले के सभी प्रखंडों से समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने सभी सदस्यों से कार्यक्रम की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता जिप सदस्य पति विनोद कुमार गुप्ता ने की। इस दौरान समारोह की रूपरेखा, आमंत्रण, मंच व्यवस्था, जनसंपर्क और अतिथियों के स्वागत जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में वरीय अधिवक्ता रामाकांत प्रसाद, सरपंच विनोद गुप्ता, गणेश प्रसाद साह, मनोज साह, विश्वनाथ साह, रितेश कुमार, लगनदेव साह, शंकर साह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### एचएम के सेवानिवृत होने पर विदाई सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**केसरिया**। प्रखंड क्षेत्र के यूएमएस बाड़ा टोला बेनीपुर में सोमवार को विदाई समारोह आयोजित कर सेवानिवृत्त एचएम रामाकांत राउत को अंगवस्त्र व अन्य उपहार प्रदान कर विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त एचएम श्री राउत ने कहा कि शिक्षक का दायित्व केवल पाठ्यक्रम पढ़ाना नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु मार्गदर्शन करना भी है। उन्होंने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए विद्यालय परिवार व समाज के सहयोग के लिए आभार जताया। नये एचएम ताराचंद यादव ने आगत अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर डीडीओ जगदीश बैठा, विजय प्रसाद, सुदामा मिश्र, मुखिया मनोज यादव, पंसस धर्मेंद्र कुमार यादव, शिक्षक ओमप्रकाश कुमार, सुनीता कुमारी, भारत भूषण कुमार, रूपेश कुमार, प्रमोद कुमार यादव, शंकर पासवान, स्वाति कुमारी सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### मैक हॉस्पिटल के दो वर्ष पूरे होने पर मनाया स्थापना दिवस



**केसरिया**। बौद्ध स्तूप मार्ग स्थित मैक हॉस्पिटल के सफलतापूर्वक दो वर्ष पूरे होने के अवसर पर प्रबंधक एवं चिकित्सकों द्वारा केक काटकर स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम में उपस्थित चिकित्सकों ने मैक हॉस्पिटल की दो वर्षों की सेवा यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्पताल ने कम समय में ही क्षेत्र के लोगों का भरोसा जीता है और बेहतर व सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। आगे भी मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई गई। समारोह में डॉ. कासिफ अली खान, डॉ. तारीफ मेहदी, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. नुरूल होदा, हसीब खान, नदीम अफरोज, हारून रशीद उर्फ लाडला सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## वजीरगंज में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई शहीद जगदेव प्रसाद की 104वीं जयंती





निज संवाददाता। वजीरगंज

वजीरगंज के कुर्किहार पंचायत अंतर्गत जगदेव नगर एवं तरवां में सोमवार को बिहार लेनिन अमर शहीद जगदेव प्रसाद की 104वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। सबसे पहले जगदेव नगर में सभी अतिथियों व ग्रामीणों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। समारोह को संबोधित करते हुए पिंकु वर्मा ने कहा कि उन्हीं के नाम से इस गांव का नामकरण हुआ है। वे आबादी के अनुसार शासन की पैरवी करते थे तथा उनका नारा भी यही था कि सौ में नब्बे शोषित हैं नब्बे भाग हमारा है। वहीं दूसरी तरफ तरवां के आदर्श कुशवाहा भवन में कार्यक्रम आयोजित कर जयंती मनाई गई। जहां विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सुनिल कुमार ने कहा कि उन्होंने हमेशा गरीबों एवं समाज के निचले तबकों के लिए लड़ाई लड़ी तथा सत्ता को धिक्कारते हुए अपने वचनों पर डटे रहे। जिसके कारण अंततः उनकी हत्या कर दी गई, लेकिन उनकी सोच और उनका सपना आज भी हमलोगों के दिलों में बसा है। मौके पर सुखदेव प्रसाद वर्मा, अविनाश कुमार, अमरेन्द्र कुमार, शशि भूषण कुमार, बिन्देश्वरी प्रसाद, शंकर प्रसाद, महतो राम, अवतार मेहता सहीत अन्य लोगों ने सम्बोधित किया। समारोह के दरम्यान शोषित गीत गाए तथा शहीद जगदेव प्रसाद अमर रहे का नारा लगाया।

## सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत, बुजुर्ग को 500 मीटर तक कार ने घसीटा

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में अलग-अलग सड़क हादसे में 2 लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेलमर गांव के रहने वाले रघुवीर मांझी(64) और नगरनौसा के सरैया गांव निवासी राजीव कुमार(22) के तौर पर हुई है। घटना तेलमर और चंडी थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। रघुवीर मांझी के नाती बबलू कुमार ने बताया कि नाना बकरी चराने के लिए सुबह गए थे। गांव से 1 किलोमीटर दूर राजगीर टूरिस्ट वे पर चार पहिया वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। करीब 500 मीटर तक घसीटते हुए लेकर चली गई। जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी समेत फरार हो गया।

**बाइक से ससुराल जा रहा था**: दूसरे मृतक राजीव के भाई संजीत कुमार ने बताया कि बाइक पर सवार होकर सुराल वारसलीगंज जा रहा था। इस दौरान चंडी थाना क्षेत्र के सालेपुर मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई।

**फरार ड्राइवर की तलाश जारी**: हादसे की सूचना पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ मॉडल स्कूल भेज दिया। तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार और चंडी थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अज्ञात वाहन की पहचान की जा रही है।

## नालंदा में इंटर की परीक्षा में 44 हजार परीक्षार्थी शामिल



निज संवाददाता। नालंदा

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटरमीडिएट बोर्ड की परीक्षा आज से शुरु हो गई है, जो 13 फरवरी तक चलेगी। नालंदा में कुल 40 केंद्र बनाए गए हैं। जहां तीन लेयर में सुरक्षा की व्यवस्था है। इस साल कुल 44 हजार 352 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। जिनमें 23 हजार 132 छात्र और 21 हजार 220 छात्राएं हैं। पहली पाली की परीक्षा खत्म हो गई है। सेंटर के गेट 9 बजे बंद हो गए थे, जिसके बाद कई छात्रों को एंट्री नहीं मिली। कुछ छात्र गेट फांद कर सेंटर में घुसते नजर आए। जबरन एंट्री पर FIR हो सकती है। लेट होने के बाबजूद एसएस बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में इनविजिलेटर और एक क्लर्क को एंट्री दे दी गई। जिसके बाद एक छात्रा के स्पोर्ट में मौजूद लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। नौबत मारपीट पर तक आ गई। सुरक्षाकर्मियों से भी उलझ गए।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी**: जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने केन्द्राधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस बार प्रशासन ने सुरक्षा के लिए बहुस्तरीय व्यवस्था की है। परीक्षा केन्द्रों पर 115 स्टैटिक दंडाधिकारी, 38 गश्ती दल दंडाधिकारी, 20 उड़नदस्ता (जोनल दंडाधिकारी) और 8 सुपर जोनल दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। परीक्षा केन्द्रों की समस्त गतिविधियों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। केन्द्र के 500 मीटर की परिधि में धारा 163 लागू रहेगी। केन्द्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी प्रतिनियुक्त अधिकारी या कर्मी को मोबाइल फोन साथ ले जाने की अनुमति नहीं होगी। जिला शिक्षा पदाधिकारी आनंद विजय ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस बार भी परीक्षार्थियों को जूता-मोजा पहनकर आने पर प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सभी परीक्षार्थियों को चप्पल पहनकर ही परीक्षा में शामिल होना होगा। परीक्षा हॉल के प्रवेश द्वार पर त्रिस्तरीय जांच के पश्चात ही प्रवेश मिलेगा। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला दंडाधिकारी और महिला पुलिसकर्मी करेंगी। किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। शौचालय समेत केन्द्रों के सभी स्थानों की गहन जांच करायी जाएगी, ताकि नकल सामग्री की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। परीक्षार्थियों को प्रथम पाली के लिए सुबह नौ बजे तक और द्वितीय पाली के लिए दोपहर डेढ़ बजे तक परीक्षा हॉल में प्रवेश करना अनिवार्य है। निर्धारित समय के बाद आने वाले किसी भी परीक्षार्थी को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। परीक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी की जाएगी।

**यातायात जाम से बचने की अपील**: पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने बताया कि परीक्षा अवधि के दौरान असामाजिक तत्वों, अफवाह फैलाने वालों और कदाचार में संलिप्त व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। शहर में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए यातायात पुलिस को विशेष दिशा-निर्देश दिए गए हैं। परीक्षार्थियों से अपील की गई है कि वे परीक्षा शुरू होने से कम से कम एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने का प्रयास करें। जिले में रोजाना 93 स्थानों पर यातायात जाम की समस्या रहती है, जबकि बिहारशरीफ शहर के 13 प्रमुख चौराहों पर महाजाम लगता है। विशेषकर सोहसराय, अस्पताल चौक, भरावपर, हरनौत गोनावां मोड़, एकंगरसराय बाजार, हिलसा बिहारी चौक और राजगीर बस पड़ाव पर सुबह आठ से साढ़े ग्यारह बजे तक भारी भीड़ रहती है।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को समारोह पूर्वक दी गयी विदाई





निज संवाददाता। मसौढ़ी

धनरूआ प्रखंड के मध्य विद्यालय नेतौल में एचएम रामाधीन पासवान की सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वरीय शिक्षक कामता प्रसाद एवं मंच संचलन ब्रजभूषण प्रसाद ने की,इस अवसर पर उन्हें शॉल,माला और बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।मुखिया प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनके योगदान की सराहना की.विद्यालय परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाओं, संकुलाधीन विद्यालयों के शिक्षकों तथा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी उन्हें उपहार भेंट कर सम्मान प्रदान किया।मौके पर शिक्षक संघ के अध्यक्ष गजेंद्र कुमार हिमांशु ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक हम सबके लिए अभिभावक स्वरूप थे।उन्होंने हमें सदैव कंधे से कंधा मिलाकर चलना सिखाया।उनके जाने से जो रिक्तता उत्पन्न हुई है,वह लंबे समय तक महसूस की जाएगी।वे हमारे हृदय में सदैव स्मरणीय रहेंगे. इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मिथलेश कुमार लेखपाल नदीम, डीडीओ श्रवण कुमार उमेश प्रसाद सुनील कुमार सिंह राजकुमार अरुजय कुमार विपिन कुमार तनवीर बृजनंदन पंचायत के मुखिया अनिल प्रसाद पंचायत समिति सदस्य मंटू कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

अररिया, निज प्रतिनिधि सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय संदलपुर में एचएम अलहाज मो. आज़म साहब एवं शारीरिक शिक्षक ताराचंद विश्वास के सेवानिवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह आयाजित की गयी। प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष मो. जाफर रहमानी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत राज कमलदाहा के मुखिया प्रतिनिधि श्री मासूम अंजार उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सेवानिवृत्त शिक्षकों को उपस्थित अतिथियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा शॉल, माला एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया।

### केंद्रीय बजट से नालंदा के हस्तकरघा उद्योग को नई उम्मीद

## बावनबूटी साड़ी की परंपरा को फिर से जिंदा करने की कवायद, ब्रांडिंग से खुलेंगे नए रास्ते

निज संवाददाता। नालंदा



केंद्रीय बजट में खादी और हस्तकरघा उद्योग के लिए घोषित महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल ने नालंदा जिले के दम तोड़ते हस्तकरघा उद्योग में नई जान फूंकने की उम्मीद जगाई है। इस पहल के तहत गांव स्तर पर खादी उत्पादन, प्रशिक्षण, कौशल विकास और गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया जाएगा।

**बुनकरों में लौटी आशा की किरण**: अंबेर (श्रीशतल) निवासी अनुभवी बुनकर नवीन कुमार का कहना है कि एक समय था जब नालंदा के हस्तकरघा उद्योग की धूम देश-विदेश में थी। हुनरमंद हाथों से तैयार बावनबूटी साड़ी की मांग सात समुंदर पार तक होती थी। शहर के दर्जनभर मोहल्लों और गांवों में खटकल की आवाज गूंजती रहती थी। लूम पर तसर, सिल्क, खादी और सूती कपड़ों की बुनाई होती थी। सरकारी सहयोग की कमी और आधुनिक फैशन की मार ने इस परंपरागत उद्योग को लगभग खत्म कर दिया। हाथ से तैयार कपड़ों की मांग घटने लगी तो बुनकर अपना पुश्तैनी पेशा छोड़कर दूसरे धंधों में लग गए।

**गया कारोबार**: आंकड़े बताते हैं कि साल 2000 तक जिले में सात हजार से अधिक बुनकर इस कारोबार से जुड़े थे, जो अब घटकर मात्र एक हजार रह गए हैं। वर्तमान में शहर से सटे बसवन बिगहा, अलीनगर और कुछ मोहल्लों में ही लूम पर काम करने वाले बुनकर बचे हैं। उनकी शिकायत है कि कपड़े तो तैयार होते हैं, लेकिन बिकते नहीं। कभी-कभार जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर के मेलों में बुलावा मिलता है। बुनकरों का मानना है कि हस्तकरघा उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए सरकारी घोषणाओं को जमीनी स्तर पर लागू करना होगा। बदलते बाजार और फैशन ट्रेंड के अनुसार उत्पाद तैयार करने के लिए बुनकरों को आधुनिक प्रशिक्षण देना जरूरी है।

**बावनबूटी साड़ी की अनूठी कला**: बावनबूटी साड़ी नालंदा की पहचान रही है। तसर एवं कॉटन के सादे कपड़े पर हाथों से बुनकर धागे की महीन बूटी डाली जाती है। खास बात यह है कि एक ही बूटी का इस्तेमाल 52 बार किया जाता है, इसलिए इसे बावनबूटी कहा जाता है। इस कला में महारत हासिल करने वाले बसवनबिगहा निवासी बुनकर कपिलदेव प्रसाद को साल 2023 में राष्ट्रपति की ओर से पद्मश्री सम्मान से नवाजा गया था।

**ब्रांडिंग से खुलेंगे नए रास्ते**: बजट में ब्रांडिंग के जरिए खादी को गांव से वैश्विक बाजार तक पहुंचाने की रणनीति बनाई गई है। स्थानीय कारोबारियों को उम्मीद है कि अगर योजना सही तरीके से लागू हुई तो गुम हो चुकी खटकल की आवाज फिर से गली-मोहल्लों में गूंजेगी और हजारों हाथों को रोजगार मिलेगा। नालंदा की प्रसिद्ध बावनबूटी साड़ी की मांग एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ सकती है। हस्तकरघा उद्योग को मिलने वाली यह संजीवनी न केवल परंपरागत कला को बचाएगी, बल्कि हजारों परिवारों की आजीविका का साधन भी बनेगी। अब देखना यह है कि केंद्र सरकार की यह पहल जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी साबित होती है।

### पटना में राष्ट्रीय एकता का संदेश

## ‘एक भारत–श्रेष्ठ भारत’ के तहत चार राज्यों का स्थापना दिवस एक मंच पर



निज संवाददाता। पटना

पटना के बिहार लोकभवन में राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता को समर्पित ‘एक भारत–श्रेष्ठ भारत’ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ के स्थापना दिवस को एक साथ मनाया गया। आयोजन पंजाबी ब्रादरी, पटना की ओर से किया गया, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी विविधता है और ऐसे सामूहिक आयोजन इस विविधता को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग राज्यों की सांस्कृतिक पहचान को साझा मंच पर प्रस्तुत करना आपसी सौहार्द और भाईचारे को और मजबूत करता है। इस अवसर पर भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और चंडीगढ़ की सांस्कृतिक झलक प्रस्तुत करने वाले रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोकनृत्य, संगीत और पारंपरिक प्रस्तुतियों के माध्यम से चारों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रूप में दर्शाया गया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

पंजाबी ब्रादरी, पटना के अध्यक्ष दिलजीत खन्ना ने कहा कि ‘एक भारत–श्रेष्ठ भारत’ जैसे आयोजन केवल सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को सशक्त करने का माध्यम हैं। उन्होंने बताया कि पंजाबी ब्रादरी सामाजिक दायित्वों को भी गंभीरता से निभा रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य, आपदा राहत तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में पंजाबी ब्रादरी की महिला विंग सहित संगठन के कई वरिष्ठ और सम्मानित सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही अनेक विशिष्ट अतिथियों ने अपनी उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाई। प्रमुख रूप से राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ. रॉबर्ट एल. चोंगथू, लेडी गवर्नर रेशमा आरिफ, एनसीसी निदेशालय पटना के अतिरिक्त महानिदेशक मेजर जनरल ए. एस. बजाज, न्यायमूर्ति अनिल कुमार सिन्हा, डॉ. सत्यजीत सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग शामिल रहे।

## रग्बी में बिहार की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, रजत पदक किया हासिल

### नालंदा की बेटियों ने राष्ट्रीय स्तर पर लहराया परचम



निज संवाददाता। नालंदा

बिहार की बेटियों ने एक बार फिर खेल के मैदान में अपनी धाक जमाते हुए राज्य का मान बढ़ाया है। जनवरी के अंतिम दिनों से लेकर फरवरी के शुरुआत तक देश के दो प्रमुख शहरों में रग्बी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें बिहार की बेटियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उड़ीसा के कलिंगा स्टेडियम में 31 जनवरी से 1 फरवरी के बीच आयोजित खेलो इंडिया स्मिता लीग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बिहार की रग्बी बालिकाओं ने इतिहास रच दिया। तीनों आयु वर्गों में पदक हासिल करना अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि है।

**बिहार टीम ने रजत पदक जीता**: सीनियर वर्ग में रजत पदक, सब जूनियर वर्ग में रजत पदक और जूनियर आयु वर्ग में कांस्य पदक जीतकर बिहार की बेटियों ने यह साबित कर दिया कि प्रतिभा और मेहनत के आगे कोई बाधा टिक नहीं सकती। इसी कड़ी में राजधानी दिल्ली में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक चली राष्ट्रीय विद्यालय रग्बी खेल प्रतियोगिता में अंडर-19 बालिका वर्ग में भी बिहार टीम ने रजत पदक अपने नाम किया।

**नालंदा की बेटियों का विशेष योगदान**: शानदार सफलता में नालंदा की बेटियों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के महासचिव रेंसी राकेश राज के अनुसार, बिहार टीम में नालंदा की कुल 9 खिलाड़ी शामिल थीं, जिन्होंने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

**रेशमा कुमारी ने अकेले दम पर जिले का प्रतिनिधित्व किया**: सीनियर वर्ग में अल्पना कुमारी, चुनचुन कुमारी और धर्मशिला कुमारी ने अनुभव और कौशल का बेहतरीन संगम दिखाया। जूनियर वर्ग में रेशमा कुमारी ने अकेले दम पर जिले का प्रतिनिधित्व किया, जबकि सब जूनियर वर्ग में कोमल कुमारी, प्रियांशु कुमारी और खुशी कुमारी ने अपनी ऊर्जा और जोश से विरोधी टीमों को चुनौती दी। अंडर-19 बालिका वर्ग में अर्चना कुमारी और काजल कुमारी ने आक्रामक और अनुशासित खेल का प्रदर्शन करते हुए कई महत्वपूर्ण गोल दागे।

**खेल अधिकारियों और संरक्षकों की प्रतिक्रिया**: ऐतिहासिक उपलब्धि पर बिहार के खेल जगत से जुड़े अधिकारियों और संरक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ग्रामीण विकास मंत्री सह रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के संरक्षक श्रवण कुमार ने इस जीत को राज्य में खेल विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय प्रकाश मयुख, सचिव पंकज ज्योति, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्र शंकरण और कार्यकारी निदेशक रविंद्र नाथ चौधरी ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष मुन्नालाल, उपाध्यक्ष उमेश पासवान, जिला खेल पदाधिकारी शालिनी प्रकाश सहित कई खेल प्रेमियों ने इस जीत को नालंदा के लिए गौरव का विषय बताया।

**खेल विकास की नई दिशा**: यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि यदि खिलाड़ियों को उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण और अवसर मिलें, तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। बिहार में महिला खेलों के विकास की दिशा में यह एक सकारात्मक संकेत है। रग्बी जैसे कठिन खेल में बिहार की बेटियों की यह सफलता आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### काराकाटः पत्नी पर मारपीट के आरोपी पति को पुलिस ने दबोचा, जेल भेजा

**काराकाट/रोहतास।** काराकाट थाना क्षेत्र के बरडीहां गांव में पत्नी पर घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। काराकाट पुलिस ने आरोपी पति कौशल दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि रविवार को संजना देवी ने अपने पति कौशल दुबे (पिताः भगवान दुबे) के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 43/26 दर्ज किया। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। संजना देवी ने बताया कि पति ने लंबे समय से उसे पीट-पीटकर प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उन्होंने पुलिस का सहारा लिया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### परीक्षा ड्यूटी से गायब होने पर कोचस प्रखंड परियोजना प्रबंधक से मांगी गई स्पष्टीकरण

**कोचस (रोहतास)।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो हजार 26 के सफल व स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में एक कोचस प्रखंड मे पदस्थापित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की है।आपको बता दे कि दो फरवरी.2026 से 13 फरवरी दोहजर 26 तक आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के लिए गठित दल-सह-प्रश्न पत्र वितरण-सह-उत्तर पुस्तिका संग्रह दल मे कोचस प्रखंड मे पदस्थापित प्रखंड परियोजना पदाधिकारी विनय कुमार बैठा की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जहां दो फरवरी दो हजार 26 को वे अपने प्रतिनियुक्त स्थल से गायब मिले। इस संबंध में वरीय अधिकारियों के द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल नंबर बंद पाया गया। जिला पदाधिकारी ने इसे परीक्षा के सफल संचालन को प्रभावित करने वाला कृत्य मानते हुए गंभीरता से लिया है और जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि संबंधित पदाधिकारी 24 घंटे के भीतर अपने वरीय पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को लिखित स्पष्टीकरण समर्पित करें। अन्यथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। वही उक्त तिथि को अनुपस्थित मानते हुए गायब पाए गए पदाधिकारी का एक दिन का वेतन स्थगित किया गया है।जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषि पाए जाने वाले के ऊपर अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अवैध भवन निर्माण को लेकर लोगो ने उठाई आवाज, लोगो ने बोला तत्काल लगे रोक




**कोचस (रोहतास)।** कोचस नगर पंचायत में अवैध भवन निर्माण के खिलाफ एक प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ और नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन देकर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई है।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नगर पंचायत में प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए अनाबाद सर्व साधारण भूमि को अवैध रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है, जो कि नियमों का उल्लंघन है। कोचस अंचल अधिकारी के पत्रांक 987 के अनुसार, उक्त भूमि अनाबाद सर्व साधारण की है और नगर पंचायत की आम सभा से अनापत्ति प्राप्त किए बिना इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है।प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ और नगर पंचायत से मांग की कि उक्त अवैध निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की कृपा की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।वही पूर्व जिला परिषद मुन्ना पासवान ने कहा कि आम सभा से अनापत्ति प्राप्त किए बिना निर्माण कार्य करना नियमों का उल्लंघन है और इससे जनता के अधिकारों का हनन होता है।

### निर्मित फिल्म ‘ चम्पारण सत्याग्रह’ के ऑफिसियल बुकलेट का लोकार्पण जिलाधिकारी ने किया



**मोतिहारी।** बिहार के चम्पारण में निर्मित बहुचर्चित फिल्म "चम्पारण सत्याग्रह" के ऑफिसियल बुकलेट का लोकार्पण पूर्वी चम्पारण के जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल द्वारा अपने कार्यकाल कक्ष में की गई। कार्यक्रम में फिल्म के कलाकारों के अलावा जिला कला संस्कृति पदाधिकारी, फिल्म अभिनेता पप्पू गुप्ता समेत कई लोगों ने हिस्सा लिया।इस अवसर पर जिलाधिकारी जोरवाल ने पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म से आज की युवा पीढ़ी चम्पारण के इतिहास से अवगत होंगे।वहीं जिला कला संस्कृति पदाधिकारी मो. फवाद सिद्दीकी ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में पहले असहयोग आंदोलन के रूप में चम्पारण सत्याग्रह का नाम स्वर्णाक्षरों में उल्लेखित है।फिल्म के लेखक, अभिनेता, निर्देशक डा. राजेश अस्थाना ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराने हेतु चम्पारण सत्याग्रह नाम से भव्य फीचर फिल्म बनायी गई है, जिसमें भोजपुरी एवं हिन्दी फिल्मों के मशहूर कलाकारों ने अभिनय किया है। फ़िल्म सम्पूर्ण विश्व में चम्पारण के अतीत के अनछुए पहलुओं से रूबरू कराएगी।युवराज मीडिया एण्ड एंटरटेनमेंट द्वारा कॉरपोरेट रूप में बन रही यह फ़िल्म सुप्रसिद्ध गाँधीवादी ब्रजकिशोर सिंह लिखित "चम्पारण में बापू" एवं डा. राजेश अस्थाना द्वारा लिखित पुस्तक "चम्पारण सत्याग्रह गाथा" से संदर्भित है। युवा फ़िल्मकार ई. युवराज द्वारा निर्मित "चम्पारण सत्याग्रह" की परिकल्पना, कथानक, स्क्रिप्ट, संवाद, अभिनय एवं निर्देशन का जिम्मा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बिहार के चर्चित फिल्मकार डा. राजेश अस्थाना ने संभाला है। फ़िल्म में लगभग 168 कलाकारों ने डायलॉग के साथ अभिनय का जलवा बिखेरा है एवं 1000 जूनियर आर्टिस्ट के साथ साथ बैल, घोड़ा और हाथी ने भी अभिनय किया है।फ़िल्म की सह निर्मात्री डा. सीमा रानी, अस्मिता राज व सुरभि श्रीवास्तव हैं, तो गीतकार चम्पारण के ही गीतों के राजकुमार की उपाधि से विभूषित पंडित अश्विनी कुमार आँसू एवं डा. राजेश अस्थाना हैं।संगीतकार स्नेहाशीष शिबू देब हैं। फ़िल्म में छायांकन अशोक माही, कास्टिंग डायरेक्टर शहज़ाद खान, बिजनेस हेड आकाश मित्तल, प्रोडक्शन हेड सम्राट, स्थिर छाया रिंकू गिरी का है तो संपादन मुंबई में बिहार के चर्चित फ़िल्म संपादक कृष्ण मुरारी यादव, पोस्ट प्रोडक्शन जी फोकस स्टूडियो मुम्बई, डी आई संपादन राज मिनरुल, वीएफएक्स रितेश, क्रोमा रविन्द्र कुमार, श्री डी सुरेन्द्र पंडित, मिक्सिंग शाहनवाज़, साउंड डिजाइन राजा यादव पीआरओ समरजीत हैं। वही बिजनेस हेड आकाश मित्तल, बिजनेस एक्सक्यूटिव विपुल शर्मा, कला राज कुमार उपाध्याय, सहायक निर्देशक चन्दन झा, कंचन सिंह एवं बबिता श्रीवास्तव, फ़िल्म में स्पॉट गोलू ठाकुर, दिनेश पासवान एवं रंजन कुमार, प्रोडक्शन कंट्रोलर राममणि एवं चंदेश्वर, रूप सज्जा माइकल एवं श्वेता राज का है।

# विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे कर्मचारी यूनियन ने किया प्रदर्शन

निज संवाददाता। डेहरी /रोहतास

## इसीआरकेयू ने विभिन्न मांगों को लेकर किया प्रदर्शन



ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन एवं ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन हाजीपुर के आह्वान पर आज डेहरी ऑन सोन स्टेशन स्थित सीनियर सेक्शन इंजीनियर एवं डिपो कार्यालय कर्षण विभाग के यहां रेलकर्मियों के विभिन्न बुनियादी समस्याओं के समाधान एवं समर्थन में ,सुरक्षा कोटि एवं अन्य श्रेणियां के पदों को सरेंडर पर अविलंब रोक लगाने,सभी श्रेणियां के रिक्त पदों पर नियमित कर्मचारियों की भर्ती करने,यूनिफाइड पेंशन योजना में पुरानी पेंशन योजना जैसी सुविधा देने,बोनस में बढ़ोतरी करने, प्वॉइंट्स मैन और ट्रैकमैन श्रेणियां के लिए लेवल 6 तक लाभ देने, नई रेलवे क्वार्टर बने,ट्रैक मेंटेनर को रक्षक कवच प्रदान कर सीमित पेट्रोलियम करने तथा आउटसोर्सिंग एवं निजीकरण की प्रक्रिया अविलंब बंद करने जैसे 36 विभिन्न मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया गया और केंद्र सरकार से मांग की गई की इसे अविलंब पूरी की जाए।

इस अवसर पर इसीआरकेयू के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान,उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह,विजय बहादुर सिंह, राजेश कुमार,शाखा प्रभारी सचिव संजय कुमार, संगठन सचिव रामायण राय,मुश्ताक अंसारी,शंभू शरण कुमार, आशुतोष कुमार,कुमार रंजन, संजय सिंह,संजय कुमार, रविकांत गुप्ता,संतोष सिंह, अनिल पाल,श्री भगवान सिंह, अजमुद्दीन अंसारी, संजय मंडल अली अफसर,अजय कुमार, नेपाल मुखर्जी सहित सैकड़ो रेल कर्मी उपस्थित थे।

# रेलवे टिकट काउंटर के रुपए छिनतई मामला का सूचक निकला अपराधी

## रुपए से भरा बैग के साथ गिरफ्तार



निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)

रेलवे टिकट काउंटर का रुपया कलेक्शन में लगी एजेंसी के कर्मी द्वारा विगत 28 जनवरी को स्वयं से 3 लाख 11 हजार 451 रुपए अज्ञात अपराधियों द्वारा छिन लिए जाने की सूचना स्थानीय थाना में दर्ज कराई गई थी। जिसका उद्भेदन बिक्रमगंज पुलिस द्वारा कर ली गई।इस मामले में कर्मी को दोषी पाया गया। रुपए के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने बताया कि भोजपुर के तरारी थाना अंतर्गत बकसन्डा निवासी कुश कुमार जो रेलवे टिकट काउंटर रुपए कलेक्शन में लगी एजेंसी का कर्मी था,जो विगत 28 जनवरी को रुपए ले जाने के क्रम में अज्ञात अपराधियों द्वारा 3 लाख 11 हजार 451रुपए से भरा पिठू बैग छिन लेने का प्राथमिकी दर्ज कराया था। जिसके बाद से टीम गठित कर पुलिस सक्रियता बढ़ाई गई। जांचोपरांत कर्मी को दोषी पाया गया। उसके घर से उक्त पिठु बैग के साथ 2 लाख 66 हजार 750 रुपए बरामद किया गया।

## खुशी : नए पेश बजट से देश में लोगों को आर्थिक बोझ से मिलेगी राहत : डॉ. मनीष

निज संवाददाता। बिक्रमगंज (रोहतास)



नये सत्र में देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश कर देशवासियों को दी बड़ी राहत। इस बार देश की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आम लोगों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। इस बजट पर खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन बताया कि यह पेश बजट देश के जनहित में विकसित भारत" की दिशा में एक ऐतिहासिक और संतुलित बजट है। जिस पेश बजट से देश में मध्यम वर्ग के समाज को राहत के साथ आयकर ढांचे में बदलाव और विदेश यात्रा या पढ़ाई के लिए भेजे जाने वाले पैसे पर कर की दरों में कटौती 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गई है। जिसे लेकर मध्यम वर्ग अभिभावकों में काफी खुशी जाहिर की है। इस बजट में युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया है,जो युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। साथ ही बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी अंतर्गत हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर और जल मार्गों के विस्तार जैसी घोषणाओं ने व्यापारिक वर्ग और आम जनता में भविष्य के प्रति उत्साह जगाया है। दूसरी तरफ देखा जाए तो मानसिक स्वास्थ्य के लिए निमहांस-2 की स्थापना और जिला अस्पतालों में बेहतर ट्रामा सेंटर की सुविधाओं के वादे ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई उम्मीदें को जगा दिया है। जबकि सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट की संभावना वाली घोषणाओं ने गहनों के शौकीनों और निवेशकों में उत्साह जागृत कर दिया है।

# सब्जी मंडी के समीप रविवार की सुबह लाल अटैची में मिली अज्ञात शव की हो गई पहचान

निज संवाददाता। डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।



डिहरी स्टेशन रोड स्थित सब्जी मंडी के समीप रविवार की सुबह लाल अटैची में मिली अज्ञात शव की पहचान हो गई है। जो डिहरी के ही जक्की बीघा मोहल्ला निवासी 25 वर्षीया मैरून खातून के रूप में हुई है,। जिसकी शादी करीब 3 वर्ष पूर्व कैमुद्दीन अंसारी से हुई थी। मृतिका का मायके उत्तर प्रदेश के चंदौली जिला में है।

घटना का कारण पति के अवैध सबंध का विरोध करने के कारण पत्नी मैरून खातून की हत्या की बात मृतिका के भाई सरवर अली ने द्वारा बताई जा रही है। इस मामले में मृतका के परिजनों द्वारा पति समेत पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गईं है।जिसमें से दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर ली है। अन्य की तलाश जारी है।

रोहतास पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा बताया गया कि मैरून खातून हत्याकांड में ससुराल पक्ष के पांच लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें पति केमुद्दीन अंसारी, पति के चाचा अशरफ शेख मंसूरी,पति के भाई राजू शेख मंसूरी, पति की बहन रशीदा खातून, तथा पति के मामा इरफान आलम को अभियुक्त बनाया गया है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राजू शेख मंसूरी एवं इरफान आलम को गिरफ्तार कर ली है।वहीं अन्य की तलाश जारी है।

विदित हो कि मृतका मैरून खातून 25 वर्ष चंदौली के सकलडीहा स्टेशन के समीप बटघी गांव की निवासी बताई जाती है,। जिसकी शादी वर्ष 2022 में डेहरी के जक्की बीघा निवासी क्यामुद्दीन अंसारी से हुई थी।

मृतका के परिजनों ने पति समेत परिवार के अन्य सदस्यों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के परिजनों के अनुसार पति क्यामुद्दीन का उसकी मामी की बहन के साथ अवैध संबंध है, जिसको लेकर अक्सर पति-पत्नी में झगड़ा होता रहता था। उन्होंने यह भी बताया कि बीती रात क्यामुद्दीन ने फोन पर सूचना दी थी कि मैरून खातून घर से भाग गई है, जिसके बाद हम लोग मायके से आए ।

# कदाचारमुक्त वार्षिक परीक्षा संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त

निज संवाददाता। सासाराम /रोहतास



इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा–2026 के सफल,स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा परीक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में एक पदाधिकारी से माँगा गया स्पष्टीकरण। 02 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा-2026 के लिए गठित दल-सह-प्रश्न पत्र वितरण-सह-उत्तर पुस्तिका संग्रह दल में विनय कुमार बैठा,प्रखंड परियोजना प्रबंधक, बी०पी०आई०यू० कोचस की प्रतिनियुक्ति की गयी थी,किन्तु 02 फरवरी को वे अपने प्रतिनियुक्त-स्थल पर ससमय उपस्थित नहीं हो सके। इस संदर्भ में उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नंबर बंद पाया गया। जिला पदाधिकारी ने इसे परीक्षा के सफल संचालन को प्रभावित करने वाला कृत्य मानते हुए गंभीरता से लिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि संबंधित पदाधिकारी 24 घंटे के भीतर अपने वरीय पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को लिखित स्पष्टीकरण समर्पित करें,अन्यथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम-1981 की कंडिका-09 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी। स्पष्टीकरण स्वीकार होने तक 02 फरवरी को अनुपस्थित मानते हुए एक दिन का उनका वेतन स्थगित कर दिया गया है।

जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी और दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

### काराकाट पुलिस की सशक्त कार्रवाईः
## शराब तस्कर अशोक राम गिरफ्तार, 25 लीटर विदेशी शराब बरामद

निज संवाददाता। काराकाट/ रोहतास



काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार संध्या को करूप गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान तीन पेटी 180 एमएल की 8 पीएम ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 25 लीटर थी।आरोपी अशोक राम पुत्र परमा राम, ग्राम करूप निवासी है। बरामद शराब विदेशी श्रेणी की बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह शराब धंधा पूरी तरह प्रतिबंधित है। काराकाट थाने में कांड संख्या 44/26 दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।विवेक कुमार ने कहा कि शराब तस्करों और उपभोक्ताओं पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। ऐसी किसी भी प्रतिक्रिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोहतास जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है।

### ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



**सासाराम/रोहतास।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस भण्डारित ईवीएम तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी और वेयरहाउस में लगाये गये सीसीटीवी एवं अग्निशमन-यंत्रों के बारे में उप निर्वाचन पदाधिकारी से उनकी सक्रियता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही उन्हें निदेशित किया गया कि सीसीटीवी के रिर्कोडिंग तथा अग्निशमन यंत्रो को एक्सपायर होने से पहले रिफिल करा लिया जाय।पुलिस अधीक्षक द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्डो की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।

### किसान गोष्ठी का आयोजन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा रोहतास के तत्वाधान में किया गया



निज संवाददाता। बिक्रमगंज /रोहतास।

सोमवार को किसान गोष्ठी का आयोजन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा रोहतास के तत्वाधान में बिक्रमगंज प्रखंड कार्यालय पर किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रियांशु पाराशर, बीस सूत्री सदस्य रोहतास नवीन चंद्र शाह ,मुखिया विनय प्रकाश चौधरी, एटीएम प्रशांत कुमार शर्मा ,डॉ प्रमोद कुमार ने सामूहिक रूप दीप प्रज्वलित कर किया। आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान वहां के कर्मचारियों ने फूल का पौधा देकर सम्मानित किया। कृषि समन्वयक अशोक कुमार सिंह रवि फसल से संबंधित सभी विषयों को विस्तार से रखा। तथा इसकी देखभाल के लिए कोई प्रकार के सुझाव दिए। किसानों ने भी अपनी-अपनी बात रखें उनमें संगीता देवी, संजय गुप्ता, विजय कुमार सिंह ,श्रीकांत महतो इत्यादि। सभी किसानों के प्रश्नों का उत्तर एटीएम महोदय ने बारीकी से दिया। सरकार द्वारा मिल रही अनुदान की भी चर्चा की। कृषि पदाधिकारी ने सभी किसानों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी बातें रखीं।आप सभी कभी भी अपनी समस्या मुझे अवगत करा सकते हैं। किसान गोष्ठी में गरिमामय उपस्थिति रही उनमें किसान सलाहकार कन्हैया सिंह ,रागिनी चौहान, किसान अभय कुमार सिंह, लाल बिहारी सिंह ,श्रीकांत महतो ,विजय कुमार सिंह ,गौरी पासवान ,लक्ष्मण पासवान ,मुन्ना पासवान ,चंचल देवी ,उषा, किरण दुबे ,झलक देवी, रामकुमार पांडेय,शंकर पासवान इत्यादि ।

# बिजली विभाग में ईज ऑफ लिविंग के तहत जनता दरबार का आयोजन

निज संवाददाता। बिक्रमगंज /रोहतास।



सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान (ईज ऑफ लिविंग) की नीति के तहत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत अवस्थित सभी विद्युत कार्यालयों में उपभोक्ताओं की शिकायत के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपभोक्ता द्वारा अपने गलत बिजली बिल, नए कनेक्शन लेने की प्रक्रिया की जानकारी एवं अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गयी है।

इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत के त्वरित निष्पादन को लेकर शीर्ष कंपनी द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सोमवार को दोपहर 12:30 से 02:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय, प्रमंडल कार्यालय व सभी अवर प्रमंडल तथा प्रशाखा कार्यालय में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गयी। कुछ उपभोक्ताओं का ऑनस्पॉट समाधान कर दिया गया। जिनके आवेदन का ऑनस्पॉट समाधान संभव नही थे उनका आवेदन ले लिया गया है। बता दें की प्राप्त शिकायतों के लिए पंजी का संधारण किया गया है तथा उनके सतत अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गयी है। उपभोक्ताओं को सहूलियत देने को लेकर बिजली कंपनी ने अपने सभी पदाधिकारियों को सोमवार एवं शुक्रवार को जनता की शिकायत सुनने एवं उसका निवारण करने हेतु विशेष शिविर आयोजित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस जनसुनवाई व्यवस्था के तहत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा व प्राप्त शिकायतों के निष्पादन को लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। बता दें की विद्युत कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी थी।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



# ‘प्लीज गेट खोल दीजिए ना’, लेट से आने पर परीक्षा में नो एंट्री

निज संवाददाता। भागलपुर



बिहार बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा की आज से शुरुआत हो गई है, जो 13 फरवरी तक चलेगी। भागलपुर में 59 सेंटर्स पर कड़ी सुरक्षा के बीच पहली पाली की परीक्षा हुई। कुल 40,200 परीक्षार्थी एग्जाम देने पहुंचे। जिले में चार आदर्श परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इनमें टीएनबी कॉलेजिएट इंटर स्कूल, इंटर स्तरीय सरसहाय विद्यालय कहलगांव, श्याम सुंदर विद्या निकेतन और सीसी बालिका उच्च विद्यालय शामिल हैं। छात्राओं के लिए बनाए गए केंद्रों को फूल और बैलून से सजाया गया है। प्रवेश के समय परीक्षार्थियों का फूल देकर और चंदन-टीका लगाकर स्वागत किया गया है। परीक्षा का तनाव कम करने के लिए मिठाई भी दी गई। प्राचार्य डॉ. सबा कमल ने बताया कि सभी परीक्षार्थियों का स्वागत उनके सिर पर फूल छिड़ककर किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को भयमुक्त और सकारात्मक माहौल देने के लिए मीठा चॉकलेट खिलाकर प्रवेश कराया गया।

**लेट से पहुंचने पर नो एंट्रीः** मारवाड़ी पाठशाला में बने सेंटर पर एक छात्रा अपने बच्चे को गोद में लेकर पहुंची। हालांकि लेट से पहुंचने पर उसे इंट्री नहीं मिली। काफी रिक्वेस्ट करने के बाद भी परमिशन नहीं मिली। यहां एक अन्य छात्रा भी लेट से पहुंची थी, उसे भी अंदर जाने नहीं दिया गया। बार-बार रिक्वेस्ट करती रही, प्लीज गेट खोल दीजिए ना। इस पर गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मी ने कहा कि अब एंट्री नहीं दे पाएंगे आपके चक्कर में नौकरी चली जाएगी। सूरज देवी मिश्रीलाल इंटर महिला महाविद्यालय में भी लेट से पहुंची छात्रा को नहीं मिली एंट्री। मां ने आंसू पोंछकर उसे शांत कराया।

**तीन लेयर में सुरक्षाः** परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों की तीन स्तर पर जांच की गई। केंद्र में प्रवेश के समय जांच और वीडियोग्राफी की गई। सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है। परीक्षा शुरू होने से पहले हॉल में भी जांच की गई। इसके बाद केंद्राधीक्षक और उड़नदस्ता दल की ओर से औचक जांच की गई। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी ने सभी केंद्राधीक्षकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करें। गड़बड़ी मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सुबह 9 बजे के बाद एंट्री नहींः** जिला शिक्षा पदाधिकारी राज कुमार शर्मा ने बताया कि 25 परीक्षार्थियों पर एक वीक्षक की तैनाती की गई है। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में कम से कम दो वीक्षक मौजूद रहेंगे। परीक्षा संचालन के लिए जिले में कुल 2201 वीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। डीईओ ने परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्रों पर आधा घंटा पहले पहुंचें। प्रथम पाली में सुबह 9 बजे तक सेंटर पर पहुंचना होगा।

## दो बहनों के झगड़े में एक ने पिया एसिड



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में नवगछिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मनियामोड़ के पास पारिवारिक विवाद में एक युवती ने आत्महत्या की कोशिश की है। दो बहनों के बीच झगड़ा हुआ था। इसके बाद एक बहन ने गुस्से में आकर एसिड पी लिया, जिससे उसकी स्थिति गंभीर हो गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। डॉक्टरों के अनुसार घायल की हालत गंभीर बनी हुई है। घायल युवती की पहचान अजर खातून (21) के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, घरेलू विवाद के दौरान यह कदम उठाया गया। फिलहाल युवती अस्पताल में भर्ती है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज किया जा रहा है। घायल के पिता सुब्बी आलम ने बताया कि परिवार में किसी बात को लेकर दोनों बहनों के बीच कहासुनी हो रही थी। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर खातून ने घर में रखा एसिड पी लिया। एसिड पीते ही उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों को जब इसकी जानकारी हुई, तो वे घबरा गए और तुरंत उसे इलाज के लिए नवगछिया अनुमंडल अस्पताल लेकर पहुंचे, डॉक्टरों ने बताया कि युवती की हालत नाजुक बनी हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे विशेष निगरानी में रखा गया है। डॉक्टरों का कहना है कि एसिड के सेवन के कारण आंतरिक अंगों को नुकसान पहुंचा है और स्थिति को देखते हुए आगे बेहतर इलाज की आवश्यकता पड़ सकती है। घटना की जानकारी नवगछिया थाना को दे दी गई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### लॉज में बांका के छात्र का शव मिला

**भागलपुर**। भागलपुर के तातारपुर थाना क्षेत्र के उर्दू बाजार स्थित सीता सदन लॉज में एक छात्र ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान बांका के बौंसी निवासी विशाल के रूप में हुई है। विशाल लॉज के एक कमरे में रहकर पढ़ाई कर रहा था। घटना की सूचना मिलते ही तातारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लॉज के उस कमरे को सील कर दिया है, जहां छात्र का शव मिला। मामले की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही कमरे का दरवाजा खोला जाएगा।

**छात्र के साथियों से पूछताछ कर रही पुलिसः** आत्महत्या के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस लॉज संचालक, आसपास के लोगों और छात्र के साथियों से पूछताछ कर रही है, ताकि यह पता चल सके कि छात्र किसी तनाव या परेशानी में था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फॉरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। मृतक छात्र के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। आत्महत्या के बाद लॉज के बाहर छात्रों की भीड़ जुट गई है।

### अंतर जिला चोर गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार, दो महिला भी शामिल

**अररिया**। बिहार में अररिया के फारबिसगंज अनुमंडल क्षेत्र में लगातार बंद घरों में हो रही चोरी की वारदात के पीछे काम कर रहे गिरोह का पुलिस ने खुलासा कर लिया है। बंद घरों का रेकी कर फिर चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अंतर जिला चोर गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।इनके पास से स्वर्णाभूषण समेत नगद भारतीय और नेपाली करेंसी के साथ चोरी के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले उपकरण को बरामद किया है।इस बात की जानकारी एसपी जितेन्द्र कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी। पुलिस ने गिरोह के सदस्यों में मुजफ्फरपुर जिला मीनापुर तुर्की वार्ड संख्या 31 के रहने वाले 28 वर्षीय राजा चौधरी,सहरसा के गंजाला वार्ड संख्या 18 के 28 वर्षीय मो. बुचो पिता मो.फिदा हुसैन,30 वर्षीया मकिना खातून पति मो. बुचो,फारबिसगंज के कटहरा वार्ड संख्या एक निवासी 35 वर्षीया बसंती देवी पति रणजीत मंडल और झारखंड के गोड्डा जिला के मेहरबा थाना क्षेत्र के बरहट दीघी वार्ड संख्या 3 के रहने वाले 27 वर्षीय शशि पासवान पिता संजय पासवान को गिरफ्तार किया है। एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि बंद घरों में लगातार हो रही चोरी की घटना को लेकर फारबिसगंज एसडीपीओ के नेतृत्व में बथनाहा थानाध्यक्ष,फुलकाहा थानाध्यक्ष और डीआईयू की टीम के साथ एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया था।छापामारी दल द्वारा सीसीटीवी फुटेज,तकनीकी अनुसंधान और सूचना संकलन कर चोरी की घटना में संलिप्त लोगों की शिनाख्त की,जिसके बाद सबों को अलग अलग स्थानों से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि चोरी के लिए एक संगठित गिरोह काम करता है,जो पहले बंद घरों का रेकी करता है और फिर चोरी की वारदात को अंजाम देता है।

### परीक्षा केंद का डीएम-एसएसपी ने किया निरीक्षण

**भागलपुर**। भागलपुर में आज से बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटरमीडिएट परीक्षा की शुरुआत हो गई। पहले दिन पहली पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। जिले में दो पालियों में परीक्षा आयोजित की जा रही है। पहली पाली में बायोलॉजी जबकि दूसरी पाली में फिलॉसफी विषय की परीक्षा ली जा रही है। इंटर परीक्षा को कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और एसएसपी प्रमोद यादव ने जिला स्कूल, कन्या मध्य विद्यालय, क्राइस्ट चर्च स्कूल सहित कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षकों और प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्थिति में कदाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**प्रवेश व्यवस्था का जायजा लियाः** निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों की तलाशी और प्रवेश व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। एसएसपी प्रमोद यादव ने कहा कि सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इसके साथ ही जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सुबह 10 बजे के बाद डीजे, लाउडस्पीकर और तेज आवाज वाले साउंड सिस्टम पूरी तरह बंद रहेंगे, ताकि परीक्षार्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो। आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित थाना में मामला दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**44,644 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहेः** बता दें कि भागलपुर में कुल 59 परीक्षा केंद्रों पर 44,644 परीक्षार्थी परीक्षा दे रहे हैं। इनमें चार परीक्षा केंद्रों को आदर्श परीक्षा केंद्र के रूप में चिह्नित किया गया है। इनमें दो आदर्श परीक्षा केंद्र भागलपुर शहरी क्षेत्र में, जबकि एक-एक आदर्श परीक्षा केंद्र कहलगांव और नवगछिया में बनाया गया है। आदर्श परीक्षा केंद्रों पर केवल छात्राओं की परीक्षा ली जा रही है। परीक्षा केंद्रों पर सख्त जांच व्यवस्था लागू है। परीक्षार्थियों को जूता-मोजा पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जा रही है। जूता-मोजा पहनकर पहुंचने वाले परीक्षार्थियों से बाहर ही उतरवाया जा रहा है। इसके अलावा महिला परीक्षार्थियों की जांच के लिए महिला पुलिसकर्मियों की विशेष तैनाती की गई है।

### लापता बुजुर्ग का नहीं मिला कोई सुराग

**भागलपुर**। भागलपुर के पीरपैंता थाना क्षेत्र से एक बुजुर्ग पिछले 17 दिन से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। थक-हारकर परिजनों ने थाने में आवेदन देकर सकुशल बरामदगी की गुहार लगाया। मामाल सुंदरपुर गांव का है। लापता बुजुर्ग मोहम्मद शेख सकुर(80) के पुत्र मोहम्मद वाहिद ने बताया कि पिताजी 18 जनवरी को दोपहर 1 बजे के करीब घर से निकले थे। हमलोगों ने सोचा कि शायद किसी परिचित के यहां गए होंगे, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटे। आसपास के इलाकों और रिश्तेदारों के यहां खोजा। कहीं कुछ पता नहीं चला। उम्र अधिक होने के कारण उनकी सेहत की भी चिंता है। पिताजी के पास एक कागज है, जिसमें परिवार के सदस्यों का नंबर लिखा हुआ है। ताकि किसी को मिलने पर संपर्क किया जा सके। इसके बावजूद अभी तक कोई सूचना नहीं मिल सकी है।

**आसपास के थानों से किया संपर्कः** आवेदन के आधार पर पीरपैंती पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में भी सूचना साझा कर रही है और संभावित स्थानों पर खोजबीन की जा रही है। हालांकि, कई दिन बीत जाने के बाद भी बुजुर्ग का कोई पता नहीं चल पाने से चिंता लगातार बढ़ती जा रही है।

**आम जनता से सहयोग की अपीलः** परिजनों ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर किसी को मोहम्मद शेख सकुर कहीं दिखाई दें या उनके बारे में कोई जानकारी मिले, तो तत्काल मोबाइल नंबर 9939193534, 9955510508, 7859055581 पर संपर्क करें।

### दो बाइकों की टक्कर, पिता समेत बच्ची जख्मी

**भागलपुर**। भागलपुर में दो बाइकों के बीच आमने-सामने की भीषण टक्कर हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए है। घटना, पुलिस जिला नवगछिया के रंगरा थाना क्षेत्र की है। एनएच-31 पर अजय ढाबा के पास जाम के दौरान ओवरटेक करने के क्रम में दोनों बाइक आमने-सामने टकरा गईं। हादसे में एक मासूम बच्ची की हालत गंभीर बताई जा रही है। नीतीश कुमार अपनी मासूम बेटी लाली कुमारी (6) को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान नवगछिया की ओर से भवानीपुर निवासी शिवम कुमार बाइक से रंगरा की तरफ जा रहा था। सड़क पर जाम की स्थिति बनी हुई थी। इसी क्रम में ओवरटेक करने के दौरान दोनों बाइकों में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर गिर पड़े, जिससे शिवम कुमार और बच्ची लाली कुमारी घायल हो गई। हादसे के बाद परिजनों व स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद लाली कुमारी की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर स्थित मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची रंगरा थाना की पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त बाइकों को जब्त कर लिया और घायलों को इलाज के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि लाली कुमारी के कमर में गंभीर चोट आई है। उसके पिता नीतीश कुमार के सिर में गंभीर चोट लगी है।

# शिक्षकों ने मनाया कर्तव्य बोध दिवस

निज संवाददाता। मुंगेर




मुंगेर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जिला इकाई ने ‘कर्तव्य बोध दिवस’ का आयोजन किया। यह कार्यक्रम नगर क्षेत्र स्थित एक विवाह भवन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश महामंत्री ज्ञानेंद्र नाथ सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री संजय कुमार आजाद और प्रदेश सचिव अभय नाथ कुमार ने दीप प्रज्वलित कर तथा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर सभी अतिथियों का अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम का आयोजन राज्य, जिला, प्रखंड स्तर पर किया जाताः** प्रदेश महामंत्री ज्ञानेंद्र नाथ सिंह ने अपने संबोधन में बताया कि ‘कर्तव्य बोध दिवस’ महासंघ का एक केंद्रीय कार्यक्रम है। इसका आयोजन देश के प्रत्येक राज्य, जिला, प्रखंड और संकुल स्तर पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और समाज में कर्तव्य भावना को जागृत करना है। सिंह ने स्वीकार किया कि शिक्षक वर्तमान में कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं और अपने अधिकारों के लिए संघर्षरत हैं, लेकिन वे अपने कर्तव्यों से विमुख नहीं हुए हैं। महासंघ का मानना है कि अधिकार और कर्तव्य दोनों साथ-साथ चलने चाहिए।

**संगठन ‘राष्ट्रहित, शिक्षा और शिक्षकों के हित में काम करताः** प्रदेश संगठन मंत्री संजय कुमार आजाद ने महासंघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संगठन ‘राष्ट्रहित में शिक्षा, शिक्षा हित में शिक्षक और शिक्षक हित में समाज’ की भावना से कार्य करता है। आजाद ने कहा कि यह केवल शिक्षकों का संगठन नहीं, बल्कि एक समग्र शैक्षिक संगठन है जो शिक्षा व्यवस्था के सभी पहलुओं पर विचार करता है। प्रदेश सचिव अभय नाथ कुमार ने महासंघ की व्यापकता बताते हुए कहा कि यह केजी से पीजी तक के शिक्षकों को एक मंच पर लाने वाला संगठन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सह मंत्री कृष्णकांत सिंह ने की, जबकि संचालन संयोजक अजय कुमार पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# जीविका निधि वर्कशॉप आयोजित

निज संवाददाता। बांका




बांका जिला समाहरणालय सभागार में जिला पदाधिकारी नवदीप शुक्ला की अध्यक्षता में एक जिला स्तरीय जीविका निधि वर्कशॉप आयोजित की गई। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जीविका निधि योजना की जानकारी देना, इसके प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा करना और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को रोजगारपरक गतिविधियों के लिए वित्तीय रूप से सशक्त बनाना था। वर्कशॉप में DRDA निदेशक श्रीनिवास और जिला परियोजना प्रबंधक राकेश कुमार सहित जीविका के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि जीविका निधि, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत बिहार राज्य जीविका निधि सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता योजना है।

**आधार कार्ड, बैंक खाता और मोबाइल नंबर होना अनिवार्यः** इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (SHG) से जुड़ी महिलाओं और उनके परिवारों को सुलभ, किफायती और पूरी तरह डिजिटल माध्यम से ऋण सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे स्वरोजगार और आयवर्धक गतिविधियों को बढ़ावा दे सकें। इस योजना के तहत लाभार्थियों को प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण, कम ब्याज दर पर ऋण, नियमित बचत प्रोत्साहन, आर्थिक स्थिति का आकलन, डिजिटल ऋण प्रबंधन और सामुदायिक स्वामित्व को बढ़ावा दिया जाता है। योजना का लाभ उन महिलाओं को मिल सकता है जो कम से कम दो वर्षों से जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हों, जिनके समूह में नियमित बचत हो रही हो और जिनकी आयु 18 से 65 साल के बीच हो। लाभार्थी के पास आधार कार्ड, बैंक खाता और मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है।

# स्वच्छता कर्मी वेतन न मिलने से हड़ताल पर




निज संवाददाता। मुंगेर

♦ 9 महीने से बकाया, सफाई बाधित, डीडीसी ने 15 दिन में भुगतान का आश्वासन दिया

मुंगेर जिले के बांक पंचायत में पिछले नौ माह से वेतन का भुगतान न होने के कारण स्वच्छता कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बिहार स्वच्छ भारत मिशन और ग्रामीण लोहिया स्वच्छता अभियान से जुड़े इन कर्मियों की हड़ताल के चलते पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वेतन न मिलने से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे इन कर्मियों ने 31 जनवरी से यह हड़ताल शुरू की है। उनकी मुख्य मांग बकाया वेतन का अविलंब भुगतान है, ताकि वे अपने परिवार का भरण-पोषण कर सकें।

**वेतन के तत्काल भुगतान की मांग की गईः** अपनी मांगों को लेकर दर्जनों स्वच्छता कर्मी जिला मुख्यालय पहुंचे और उप विकास आयुक्त (डीडीसी) कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने डीडीसी को संबोधित एक आवेदन भी सौंपा, जिसमें बकाया वेतन के तत्काल भुगतान की मांग की गई थी। इस दौरान, स्वच्छता कर्मी डब्लू कुमार ने बताया कि नौ माह से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने अपनी आर्थिक परेशानियों को उजागर किया।

**बकाया वेतन भुगतान का अश्वासन दियाः** स्वच्छता कर्मियों ने उप विकास आयुक्त से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। हालांकि, ग्रामीण लोहिया स्वच्छता अभियान के सुपरवाइजर ने उनका आवेदन स्वीकार करते हुए 15 दिनों के भीतर बकाया वेतन के भुगतान का आश्वासन दिया है। इसके बावजूद, कर्मियों में नाराजगी बनी हुई है। उनका कहना है कि जब तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हो जाता, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण पंचायत क्षेत्र में गंदगी बढ़ रही है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे उत्पन्न होने की आशंका है। मौके पर रोशन यादव, गोपाल यादव, पप्पू पासवान, मोहम्मद सलाम, अभिषेक, अर्जुन कुमार, सौरभ कुमार सहित दर्जनों स्वच्छता कर्मी मौजूद रहे।

# एसएसबी महानिरीक्षक ने लिया नोमैंस लैंड सहित बीसीपी का लिया जायजा




निज संवाददाता। अररिया

एसएसबी सीमांत मुख्यालय पटना के महानिरीक्षक आईपीएस निशित कुमार उज्जवल दो दिवसीय दौरे पर एसएसबी 56 वीं वाहिनी मुख्यालय में सोमवार को नोमैंस लैंड सहित बीसीपी अर्थात बॉर्डर चेकपोस्ट का जायजा लिया।महानिरीक्षक के बथनाहा स्थित 56 वीं बटालियन मुख्यालय आने पर कमांडेंट आईपीएस शाश्वत कुमार ने पुष्प गुच्छ और शॉल भेंटकर उनका स्वागत किया।उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।जिसके पश्चात सोमवार को महानिरीक्षक द्वारा भारतीय सीमा स्तंभ 186 का जायजा लिया तथा नो मैन्स लैंड के समीप ड्यूटी पर मुस्तैद जवानों से बातचीत कर उनका हाल-चाल पूछा।जोगबनी बीसीपी गेट के भ्रमण के दौरान सशस्त्र सीमा बॉर्डर इंटरेक्शन टीम के जवानों एवं नेपाल एपीएफ के अधिकारियों के साथ मीटिंग की।जोगबनी इंटेग्रेटेड चेकपोस्ट का भ्रमण के दौरान अधिकारियों एवं अन्य बल कार्मिकों से भी बातचीत की गई। वाहिनी मुख्यालय बथनाहा में आगमन पर संयुक्त अस्पताल बथनाहा के उप महानिरीक्षक डॉ विवेक कुमार माथुर एवं कमांडेंट शाश्वत कुमार ने पुष्पगुच्छ व शाल देकर स्वागत किया गया। वाहिनी मुख्यालय एवं संयुक्त अस्पताल बथनाहा के अधिकारियों, जिला अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक के साथ सीमा प्रबंधन को लेकर मीटिंग की गई।एसएसबी आईजी ने मुख्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया।वाहिनी मुख्यालय में विभिन्न कल्याणकारी परियोजनाओं बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबॉल कोर्ट, नर्सरी, तालाब, व्यायाम शाला एवं संदिक्षा पुस्तकालय का फीता काट कर उद्घाटन किया गया। संयुक्त अस्पताल समेत वाहिनी मुख्यालय में जवान,महिला मेस शस्त्रागार के भ्रमण के साथ वाहिनी कार्मिकों का सैनिक सम्मेलन लिया गया। सैनिक सम्मेलन में महानिरीक्षक निशित कुमार उज्जवल ने सीमा प्रबंधन से संबंधित सभी कार्मिकों को दिशानिर्देश दिए तथा जवानों के साथ संवाद किया गया।

## फारबिसगंज क्रिकेट एकेडमी ने जीता फाइनल खिताब अमन राज और रौनक कुमार बने टूर्नामेंट के हीरो

**अररिया** । 35 वां भागीरथी गंगा जिला क्रिकेट लीग चैंपियनशिप कॉन्सम ट्राफी के खेले गए फाइनल मैच में फारबिसगंज क्रिकेट एकेडमी ने एक रोमांचक फाइनल मुकाबले में इमरान इलेवन को 16 रनों से शिकस्त देकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। सोमवार को खेले गए इस निर्णायक मैच में फारबिसगंज क्रिकेट एकेडमी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का साहसिक निर्णय लिया। सलामी बल्लेबाज दीपक कुमार देव ने मात्र 29 गेंदों में 42 रनों की तूफानी पारी खेलकर टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। हर्ष कुमार ने 27 और सागर ने 18 रन के योगदान की बदौलत टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 9 विकेट खोकर 134 रनों का स्कोर बनाया। इमरान इलेवन की ओर से शाहनवाज अंसारी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 ओवर में 19 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि नवनीत किसलय ने 2 और अमित चौहान ने 1 सफलता हासिल की। 135 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इमरान इलेवन की टीम को फारबिसगंज के गेंदबाजों ने टिकने का मौका नहीं दिया। शिवम कुमार ने 50 गेंदों में 37 रनों की जुझारू पारी खेली।

पूर्व रेलवे

उप मुख्य इंजीनियर/पथ-।, पूर्व रेलवे, 17, नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, पूर्व रेलवे मुख्यालय, कोलकाता-700001 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ख्यातिप्राप्त एवं योग्य ठेकेदारों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **ई-निविदा सं. : डब्ल्यू 2_बैलस्ट_पीकेआर_2026, दिनांक : 30.01.2026, कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के हावड़ा, सियालदह, मालदा और आसनसोल मंडलों के लिए बीओबीवाईएन टाइप वैगनों एफ.ओ.आर. पाकुड़ क्वैरी में 3,86,750 घनमीटर मशीन खंडित हार्ड स्टोन ट्रैक बैलस्ट की आपूर्ति, लीडिंग एवं लोडिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्यः** रु. 71,63,26,747.50, **बयाना राशिः** रु. 37,31,600/-, **समापन अवधिः** 24 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 02.03.2026, 14.00 बजे । निविदा कागजात का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि उपर्युक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MISC-380/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

**ई-निविदा सूचना संख्याः डब्ल्यूटी-02-जीएसयू-एएसएन-25-26, दिनांकः 30.01.2026,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इंजीनियरिंग, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्याः डब्ल्यूटी-02-जीएसयू-एएसएन-25-26, कार्य का नामः** आसनसोल मंडल की गति शक्ति यूनिट के अंतर्गत छोटा अमबोना में अप द्वितीय लूप, तुलसीटांड़ में अप लूप के निर्माण, सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूर्ण लंबाई वाले लूप के प्रावधान, तापसी में डीडी-2 लाइन तक/से सीधे रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड के पुनर्गठन और उपर्युक्त स्थानों पर अन्य सहायक कार्यों के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्यः** रु. 55,54,05,023.40; **बयाना राशिः** रु.29,27,000/-; **कार्य समापन अवधिः** 12 महीने। **बंद होने की तिथि और समय/बोली की नियत तिथिः** 27.02.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

ASN-330/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नया मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा रेलवे स्टेशन, हावड़ा, पिन-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **[वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा] ई-निविदा सं.: 262_2025-26, दिनांकः 30.01.2026, कार्य का विवरण :** (i) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 11ए/1 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (ii) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (iii) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 12ए/3 के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (iv) एईएन/कटवा के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 21/1/सी/ई (एमएल) के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। (v) एईएन/नबद्वीपधाम के तहत रेलवे के रिलीविंग गर्डर द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 7/सी के स्थान में नए सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 32,40,18,905.10, **बयाना राशि :** रु. 17,70,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 23.02.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-574/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### रघुनाथपुर बाजार में नाले की होगी सफाई

**रघुनाथपुर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजार क्षेत्र में मुख्य सड़क के किनारे नाले की सफाई को लेकर शनिवार को जिला मुख्यालय से आए अधिकारियों ने निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य नाले की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना और शीघ्र सफाई एवं जलनिकासी की समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाना था। पथ निर्माण विभाग की कनीय अभियंता निधि कुमारी, स्थानीय प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह तथा जेई मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों ने नाले में जमी गंदगी, सिल्ट और अवरोधों का अवलोकन किया। बताया गया कि लंबे समय से नाले की समुचित सफाई नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिससे बाजार आने-जाने वाले लोगों और दुकानदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।प्रखंड प्रमुख मनोज कुमार सिंह ने कहा कि नाले की सफाई को लेकर स्थानीय लोगों की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। निरीक्षण के बाद संबंधित विभाग को जल्द से जल्द सफाई कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया गया है। कनीय अभियंता ने बताया कि तकनीकी आकलन के आधार पर सफाई एवं मरम्मत का प्रस्ताव तैयार किया जाएगा, ताकि स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### वीएसएस सदस्यों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, शैक्षणिक गुणवत्ता पर फोकस

**रघुनाथपुर।** हाईस्कूल सह इंटर कॉलेज निखतीकला में विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे बैच का समापन रविवार को हो गया। संकुल संचालक डॉ. पूनम कुमारी एवं समन्वयक एसबी कुमार ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनरों को प्रमाण-पत्र प्रदान दिया। संचालक व समन्वयक ने बताया कि यहां पर 16 स्कूलों के शिक्षा समिति सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। पहले बैच में 8 और दूसरे बैच में 8 स्कूल के समिति सदस्य उपस्थित हुए। तीन दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर श्रीकृष्ण सिंह एवं अनुपमा प्रियदर्शिनी ने प्रशिक्षण में शामिल सभी 8 स्कूलों के वीएसएस के सदस्यों को विद्यालय संचालन की जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों के सुचारू संचालन, शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार तथा सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के प्रति शिक्षा समिति के सदस्यों को जागरूक करना है। मास्टर ट्रेनर श्रीकृष्ण सिंह ने कहा कि विद्यालयों के बेहतर प्रदर्शन में शिक्षा समिति के सदस्यों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है। विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने पर दिया गया जोर इस प्रशिक्षण सत्र के दौरान शिक्षा का अधिकार अधिनियम, विद्यालय विकास योजना, छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के उपाय, स्वच्छता, मध्यान्ह भोजन योजना, अभिभावकों की सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही शिक्षा समिति की भूमिका, उसकी जिम्मेदारियों और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। वहीं मास्टर ट्रेनर अनुपमा प्रियदर्शिनी ने बताया कि समिति सदस्यों की सक्रिय भागीदारी से ही सरकारी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार संभव है। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान किया गया और उन्हें विद्यालय हित में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया।

### सांसद सुधाकर सिंह का बजट पर हमला

**बक्सर।** बक्सर से राजद सांसद सुधाकर सिंह ने केंद्रीय बजट को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस बार के बजट में बिहार का नाम तक नहीं लिया गया, जो राज्य की सुनियोजित उपेक्षा को दर्शाता है। सांसद सिंह ने कहा कि चुनाव के समय वादों की बौछार होती है, लेकिन चुनाव खत्म होते ही बिहार को भुला दिया जाता है। सांसद ने बजट में 5 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों के विकास की घोषणाओं पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि बिहार के अधिकांश जिला मुख्यालयों की आबादी इससे कम है, जिसके कारण राज्य को इन योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि देश की रीढ़ गांव हैं, लेकिन बजट में गांवों और छोटे शहरों के विकास पर कोई बात नहीं की गई। सुधाकर सिंह ने रेलवे की बदहाली को लेकर भी सरकार को घेरा। उन्होंने बताया कि आज भी बिहार के लोग ट्रेनों में लटककर यात्रा करने को मजबूर हैं। प्लेटफॉर्म पर भारी भीड़, जनरल डिब्बों में जानलेवा हालात और महीनों पहले रिजर्वेशन के बावजूद कंफर्म टिकट नहीं मिलना आम बात हो गई है।

**रेल क्षमता विस्तार का कोई जिक्र नहीं:** उन्होंने आरोप लगाया कि बजट में नई ट्रेनों, नए रूट या क्षमता विस्तार का कोई जिक्र नहीं है। सांसद के अनुसार, रेलवे को अब सेवा का नहीं, बल्कि मुनाफे का साधन बना दिया गया है। कैंसर के इलाज को लेकर सांसद ने कहा कि हर साल दवाइयों को सस्ता करने की घोषणाएं होती हैं, लेकिन जमीनी हकीकत नहीं बदलती। उन्होंने बताया कि बिहार में कोई कैंसर सुपरस्पेशियलिटी अस्पताल नहीं है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए मुंबई जैसे शहरों का रुख करना पड़ता है। गरीब परिवार इलाज के भारी खर्च से टूट जाते हैं।

**5 मेडिकल हब की घोषणा:** स्वास्थ्य क्षेत्र में निजीकरण की नीति पर निशाना साधते हुए उन्होंने इसे आम जनता के खिलाफ बताया। सांसद सिंह का कहना था कि इससे सरकारी अस्पताल कमजोर होंगे, बीमा कंपनियों और निजी अस्पतालों को फायदा होगा, और इलाज एक व्यवसाय बन जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि मेडिकल टूरिज्म के लिए 5 मेडिकल हब और 3 आयुर्वेद संस्थानों की घोषणा की गई, लेकिन बिहार को इनमें से कुछ भी नहीं मिला।

### माघ पूर्णिमा पर देवकुली में भक्तिमय आयोजन

**ब्रह्मपुर।** ब्रह्मपुर प्रखंड के देवकुली गांव स्थित प्राचीन ठाकुरबाड़ी में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सत्यनारायण भगवान की कथा और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा। मंदिर प्रांगण में घंटों की मधुर ध्वनि, शंखनाद और मंत्रोच्चार के बीच बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण में लीन रहे। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो पूरा गांव श्रद्धा की एक ही डोर में बंध गया हो। इस धार्मिक आयोजन का नेतृत्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्णकालिक सदस्य जितेंद्रनाथ तिवारी ने किया। उनके मार्गदर्शन में कार्यक्रम सुव्यवस्थित और अनुशासित रूप से संपन्न हुआ। कथावाचक ने सत्यनारायण भगवान की महिमा का वर्णन करते हुए धर्म, सत्य और भक्ति के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कथा के प्रत्येक प्रसंग पर श्रद्धालुओं ने "सत्यनारायण भगवान की जय" के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान किया। कथा के समापन के बाद, सभी श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद और भंडारे का भोजन ग्रहण किया। ग्रामीण महिलाओं, युवाओं और बच्चों की सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को सामूहिक आस्था का रूप दिया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य अतिथियों और स्वयंसेवकों को आयोजक जितेंद्रनाथ तिवारी द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिउत मुनि उपाध्याय (जिला संघ चालक), अभिषेक भारती (जिला प्रचारक), कन्हैया दुबे (बौद्धिक शिक्षण प्रमुख), शिवजी पाण्डेय (सेवा प्रमुख), राजू पाण्डेय (खंड कार्यवाह), शैलेश ओझा, नित्यानंद ओझा, विद्या शंकर तिवारी, अंकित दुबे, विजय चौधरी, शुभम दुबे, संजय मिश्रा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और ग्रामीण श्रद्धालु प्रमुख रूप से उपस्थित थे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना का प्रसार, आध्यात्मिक भावना को सुदृढ़ करना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना था। माघ पूर्णिमा की इस पावन रात में देवकुली ठाकुरबाड़ी भक्ति, सेवा और एकता का जीवंत प्रतीक बन गया। कार्यक्रम पूरे समय शांति, अनुशासन और भक्तिभाव के वातावरण में संपन्न हुआ।

### आटा चक्की में बिजली चोरी पकड़ी गई

**बक्सर।** बक्सर जिले के नावानगर थाना क्षेत्र में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान के तहत एक आटा चक्की में चोरी से बिजली का उपयोग करते हुए पकड़ा गया है। इस मामले में सहायक विद्युत अभियंता द्वारा नावानगर थाना में 4,19,418 रुपए का जुर्माना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में डुमरांव के सहायक विद्युत अभियंता राकेश कुमार दुबे के नेतृत्व में नावानगर थाना क्षेत्र के उसरा गांव (देवमुनि के डेरा) में एक टीम ने छापा मारा।

# महापौर ने पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

- नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-20 एवं 43 में हुआ उद्घाटन
- महापौर बोली : नगर निगम द्वारा विकास कार्यों को दी जा रही प्राथमिकता



**निज संवाददाता। आरा**

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या-20 एवं 43 में पीसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन महापौर इंदु देवी द्वारा किया गया।मौके पर महापौर इंदू देवी ने कहा कि नगर निगम द्वारा विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। आगे भी जनहित में ऐसे कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। उद्घाटन के बाद महापौर ने वहां के स्थानीय नागरिकों से जन समस्या भी सुनी। उसका जल्द से जल्द निवारण करने की आश्वासन दिया। इस दौरान स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। वर्षों से लंबित सड़क एवं नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने से क्षेत्रवासियों को आवागमन एवं जल निकासी की समस्या से राहत मिलेगी, जिससे आम जनता में काफी खुशी का माहौल है।

कार्यक्रम में वार्ड संख्या-20 की पार्षद राखी कुमारी, पार्षद प्रतिनिधि संतोष पांडेय, वार्ड संख्या 43 के पार्षद श्रीकांत, भाजपा नेता सह कैट भोजपुर के जिलाध्यक्ष आलोक अंजन उर्फ छोटे, भाजयुमो के महामंत्री आदित्य सिंह आदि, सिविल कोर्ट के अधिवक्ता आशुतोष पांडेय, विश्व हिंदू परिषद के राजीव रंजन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रूप से रंगनाथ सिंह, प्रमोद कुमार पांडेय, अमन कुमार, संतोष प्रसाद, विक्की कुमार, भारत प्रसाद, रोहित कुमार, सुमन कुमारी, नीतू कुमारी, अभिलाष सिंह, रितेश कुमार, आजाद श्रीवास्तव, दीपक सिंह, बबलू पांडेय, लवली सिंह, बबलू कुमार, अभिजीत आनंद आदि शामिल थे।

## दिव्यांग बच्चों के लिए जांच शिविर



**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर जिले के चौसा प्रखंड संसाधन केंद्र में दिव्यांग बच्चों के लिए जांच-सह-मूल्यांकन शिविर सोमवार को आयोजित किया गया। यह शिविर समावेशी शिक्षा समग्र कार्यक्रम के तहत चिन्हित बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगाया गया था। इसका लक्ष्य बच्चों की शारीरिक स्थिति का आकलन कर उन्हें आवश्यकतानुसार उपकरण प्रदान करना है, ताकि वे शिक्षा की मुख्यधारा से जुड़ सकें। शिविर में कुल 30 बच्चों को शामिल करने का लक्ष्य था, लेकिन 20 बच्चों का ही पंजीकरण हो पाया। पंजीकृत बच्चों में से 18 की जांच प्रक्रिया पूरी की गई। इन बच्चों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चयनित किया गया है। विशेषज्ञों ने जांच के दौरान बच्चों की दिव्यांगता के प्रकार और स्तर का मूल्यांकन किया। प्रखंड समन्वयक सुनीता कुमारी ने बताया कि शिविर में मूक-बधिर और श्रवण बाधित बच्चों को सुनने वाले यंत्र दिए जाएंगे। शारीरिक रूप से दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल, बैसाखी और अन्य आवश्यक सहायक उपकरण मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके दैनिक जीवन को भी सुगम बनाएगी। शिविर को सफल बनाने में विभाग के अधिकारियों और कर्मियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस अवसर पर पूजा सिन्हा, राजदेव ठाकुर, राहुल कुमार गुप्ता सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## अखौरीपुर गोला में प्रतिभा खोज परीक्षा संपन्न

**निज संवाददाता। बक्सर**



बक्सर जिले के अखौरीपुर गोला स्थित एमसी कॉलेज परिसर में स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल ट्रस्ट ने सोमवार को प्रतिभा खोज परीक्षा 2026 का सफल आयोजन किया। इस परीक्षा में कक्षा तीन से दस तक के कुल 1325 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के मेधावी विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करना है। ट्रस्ट अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि परीक्षा पूरी तरह अनुशासित और पारदर्शी माहौल में संपन्न हुई। विद्यार्थियों की कक्षा के अनुसार अलग-अलग समूह बनाकर परीक्षा ली गई, ताकि मूल्यांकन निष्पक्ष तरीके से हो सके। परीक्षा के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का लक्ष्य छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना और उन्हें भविष्य की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करना है। परीक्षा का परिणाम आगामी 15 फरवरी 2026 को घोषित किया जाएगा। प्रत्येक समूह से चयनित शीर्ष 10 विद्यार्थियों को एक विशेष सम्मान समारोह में प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर ट्रस्ट पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे आयोजनों को लगातार जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई। इस परीक्षा के सफल संचालन में महताब अली, लवकुश मौर्या, सोनू कुमार, भरत जी, सुशील रस्तोगी, अरुण दास सहित स्वामी विवेकानंद एजुकेशनल ट्रस्ट के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# पहली पाली की परीक्षा खत्म

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर जिले में बिहार इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा शुरू हो गई है। पहले दिन बायोलॉजी विषय की परीक्षा है। यह परीक्षा 2 फरवरी से 13 फरवरी तक चलेगा। जिले के कुल 39 केंद्रों पर दो पालियों में संचालित होगी। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक चली। जबकि द्वितीय पाली की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:15 बजे तक होगी। कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

**इस साल 4,235 परीक्षार्थी ज्यादा:** इस वर्ष कुल 45,918 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिनमें 23,929 छात्र और 21,979 छात्राएं हैं। पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 4,235 परीक्षार्थी ज्यादा है। चार आदर्श परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। केंद्रवार व्यवस्था के अनुसार आरा सदर अनुमंडल में 28, जगदीशपुर अनुमंडल में 7 तथा पीरो अनुमंडल में 4 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहां विज्ञान, कला और वाणिज्य संकाय के विद्यार्थी परीक्षा देंगे।

**पुलिस बल की तैनाती:** परीक्षा को लेकर समाहरणालय में एक ब्रीफिंग का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और शिक्षा विभाग के अधिकारी शामिल हुए। ब्रीफिंग में परीक्षा की संवेदनशीलता को देखते हुए सुरक्षा और अनुशासन को लेकर विशेष जोर दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर स्टैटिक दंडाधिकारी, जोनल दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

**फोटो स्टेट दुकानों पर विशेष निगरानी:** अनुमंडल पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि परीक्षा केंद्रों के आसपास बीएनएसएस की धारा 163 (1) परीक्षा शुरू होने से दो घंटे पहले से लेकर परीक्षा समाप्ति के दो घंटे बाद तक प्रभावी रखी जाएगी। इसका उद्देश्य परीक्षा के दौरान अनावश्यक भीड़, शोर-शराबा और असामाजिक गतिविधियों पर रोक लगाना है। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास स्थित फोटो स्टेट दुकानों पर विशेष निगरानी रखने का भी निर्देश दिया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की नकल या अनुचित गतिविधि को रोका जा सके। परीक्षार्थियों की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों पर सघन जांच की व्यवस्था की गई है। सभी छात्रों की प्रवेश द्वार पर तलाशी ली जाएगी और किसी भी परीक्षार्थी को प्रतिबंधित सामग्री के साथ केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

## युवती के उकसावे में आकर ब्वॉयफ्रेंड ने किया मर्डर

**निज संवाददाता। आरा**



सोशल मीडिया पर शुरू हुआ एक मामूली विवाद भोजपुर जिले में एक होनहार छात्र की हत्या तक जा पहुंचा। इंस्टाग्राम पर गाली-गलौज को लेकर शुरू हुए विवाद ने खून खराबे का रूप ले लिया। नवादा थाना क्षेत्र के केजी रोड से दिनदहाड़े इंटर के छात्र सन्नी कुमार के अपहरण और हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। तीनों गिरफ्तार आरोपितों को रविवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। इस वारदात ने न सिर्फ छात्र के परिवार को झकझोर कर रख दिया है, बल्कि पूरे इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल बना दिया है।

**पूछताछ के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया:** टाउन थाना क्षेत्र के चारखंभा गली निवासी बादल कुमार उर्फ मुखिया, महादेवा खारा कुआं निवासी आदर्श ठाकुर और अजीमाबाद थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर निवासी अनीष कुमार चन्द्रवंशी को गिरफ्तार किया गया है। तीनों को इस मामले में अप्राथमिकी आरोपित बनाया गया है। पूछताछ के बाद सभी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि इस पूरे घटनाक्रम के पीछे फरिदाबाद में रहने वाली एक युवती की भूमिका षड्यंत्र के रूप में उभरकर सामने आई है।

**इंस्टाग्राम पर हुई गाली-गलौज, फरिदाबाद की युवती की भूमिका संदिग्ध:** जांच में खुलासा हुआ है कि हत्या की जड़ इंस्टाग्राम पर हुई गाली-गलौज है। बताया जा रहा है कि आयर थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती, जो फिलहाल हरियाणा के फरीदाबाद में रहती है, इस पूरे मामले के केंद्र में है। पहले उसका प्रेम-प्रसंग सन्नी के चचेरे भाई से चल रहा था, जिसका सन्नी विरोध करता था। इसी दौरान युवती का संपर्क बादल कुमार से हो गया और दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसी बीच किसी बात को लेकर सन्नी ने गुस्से में इंस्टाग्राम पर युवती को आपत्तिजनक शब्द कह दिए। यह बात युवती को नागवार गुजरी और उसने अपने कथित प्रेमी बादल को सन्नी के खिलाफ भड़काना शुरू कर दिया।

**युवती के उकसावे में आकर ब्वायफ्रेंड ने किया मर्डर:** पुलिस के अनुसार, युवती के लगातार दबाव और उकसावे में आकर बादल ने अपने दोस्तों आदर्श ठाकुर और अनीष कुमार चन्द्रवंशी के साथ मिलकर सन्नी को रास्ते से हटाने की साजिश रच डाली। पुलिस अब तकनीकी साक्ष्य और आरोपितों के स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर पूरे षड्यंत्र की कड़ियां जोड़ने में जुटी है, वहीं युवती की भूमिका की भी गहनता से जांच की जा रही है।

## मां सबलपुरवासिनी का 25 वां वार्षिक महोत्सव

**निज संवाददाता। आरा**



भोजपुर के बड़हरा प्रखंड अंतर्गत सबलपुर गांव में मां सबलपुरवासिनी के 25वें वार्षिक महोत्सव के अवसर पर समारोह आयोजित की गई। अखंड हरि कीर्तन, देवी जागरण एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। 28 जनवरी से शुरू हुए इस सांस्कृतिक–धार्मिक महोत्सव का समापन रविवार को हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीण शामिल हुए। पूरे गांव में भक्ति, आस्था और उत्सव का माहौल बना रहा।

**अंतिम दिन प्रसिद्ध भजन गायकों की प्रस्तुति:** महोत्सव के अंतिम दिन प्रसिद्ध भजन गायकों विष्णु ओझा, अजीज आनंद, दीपक तिवारी, भानू सिंह और सोनी पांडेय समेत अन्य कलाकारों ने देवी भक्ति और हरि नाम के गीतों से श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कलाकारों की प्रस्तुतियों पर श्रोता देर रात तक झूमते रहे और मां के जयकारों से पूरा वातावरण गूंजता रहा।

**वाराणसी से पधारे वैदिक पूजा आचार्य:** 25वें वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विशेष पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें वाराणसी से पधारे वैदिक पूजा आचार्य संजीव दुबे ने विधि-विधान से पूजा संपन्न कराई। वहीं, काशी के श्रेष्ठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा संध्या महाआरती की गई, जिसने भक्तों के मन में गहरी आध्यात्मिक अनुभूति उत्पन्न की। महाआरती के दौरान मां सबलपुरवासिनी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी हुलास पांडेय, समाजसेविका सोनाली सिंह समेत कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजन समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत किया। महोत्सव के सफल आयोजन से क्षेत्र में धार्मिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूती मिली है।

## 8 फरवरी को थी बहन की शादी, 2 भाइयों की मौत

**निज संवाददाता। बक्सर**



माघ पूर्णिमा के अवसर पर गंगा स्नान के लिए निकले चार लोगों की मौत ने एक पूरे परिवार की खुशियां निगल ली हैं। बक्सर-पटना फोरलेन पर नया भोजपुर थाना क्षेत्र के चंदा गांव के पास रविवार सुबह घने कोहरे और तेज रफ्तार के कारण हुए इस हादसे ने उस घर को पूरी तरह से तबाह कर दिया, जहां 8 फरवरी को शादी होने वाली थी। इसी को लेकर घर में तैयारी चल रही थी। हादसे में SSB जवान ओमकार पांडेय, उनके भाई सुजीत पांडेय और दो बुआ गिरजा देवी और मंजू देवी की मौके पर ही मौत हो गई।

**परिवार का सहारा थे दो बड़े बेटे:** 40 साल के एसएसबी जवान ओमकार पांडेय तीन भाइयों और एक बहन में सबसे बड़े थे। उनके पिता स्व.चितरंजन पांडेय की मौत करीब आठ साल पहले हुई थी। इसके बाद घर और परिवार की पूरी जिम्मेदारी ओमकार और उनसे छोटे भाई सुजीत पांडेय ने संभाली। सुजीत गुजरात की टाटा नमक कंपनी में क्लर्क थे। दोनों भाइयों की शादी हो चुकी थी। ओमकार के तीन बेटियां और एक बेटा है। परिवार के सबसे छोटे सदस्य पवन पांडेय और सबसे छोटी मनीषा आज अपने जीवन का सबसे बड़ा सदमा झेल रहे हैं। पिता के निधन के बाद दोनों भाइयों ने न सिर्फ घर को संभाला, बल्कि बहन मनीषा की पढ़ाई, करियर और शादी तक की जिम्मेदारी भी पूरी शिद्दत से निभाई।

# संपूर्णता अभियान 2.0 का ब्लॉक स्तर पर शुभारंभ





**निज संवाददाता। आरा, भोजपुर**

आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ आज 02 फरवरी 2026 को जिला पदाधिकारी, भोजपुर के निर्देशानुसार बिहिया, शाहपुर एवं संदेश प्रखंड के सभागार भवनों में दोपहर 12 बजे किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों, विभागीय पदाधिकारियों, आंगनवाड़ी सेविकाओं, आशा कार्यकर्ताओं, सहायक नर्स दाइयों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं तथा स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

इस अभियान का उद्देश्य स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन से संबंधित महत्वपूर्ण संकेतकों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करना है, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति तक पहुँच सके। कार्यक्रम के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी दी कि अभियान के अंतर्गत छह माह से छह वर्ष तक के बच्चों को नियमित पूरक पोषण उपलब्ध कराने, आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों की लंबाई और वजन की नियमित जाँच, आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में स्वच्छ एवं कार्यशील शौचालय की व्यवस्था, आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल सुविधा, विद्यालयों में बालिकाओं के लिए पर्याप्त शौचालय तथा पशुओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ग्राम सभा, स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस, जागरूकता शिविर, टीकाकरण अभियान एवं विभिन्न विभागों के बीच समन्वय से जुड़ी गतिविधियाँ आयोजित की जाएँगी। इसके माध्यम से जनसहभागिता को बढ़ावा देते हुए निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम के समापन पर सभी विभागीय पदाधिकारियों, कर्मियों एवं जनप्रतिनिधियों से संपूर्णता अभियान 2.0 को सफल बनाने हेतु सहयोग की अपील की गई तथा उन्हें अभियान के प्रति प्रतिबद्ध रहने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर माननीय प्रखंड प्रमुख, उप-प्रखंड प्रमुख, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, जीविका के प्रखंड परियोजना प्रबंधक, पशुपालन पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि, आकांक्षी प्रखंड फेलो, सहायक नर्स दाइयाँ, आशा कार्यकर्ता सहित अन्य संबंधित कर्मी उपस्थित रहे।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### आरपीएस परिसर में स्व. प्रो. आर.पी. शर्मा की 92वीं जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई

**शिक्षा और संस्कार के प्रणेता को भावभीनी श्रद्धांजलि**



**पटना।** पटना के बेली रोड स्थित आर.पी.एस. रेसिडेंशियल स्कूल परिसर में सोमवार को संस्थान के संस्थापक, प्रख्यात शिक्षाविद् और 'कालजयी हनुमान' ग्रंथ के लेखक स्वर्गीय प्रो. आर.पी. शर्मा की 92वीं जयंती गरिमामय वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर पूरे परिसर में श्रद्धा, सम्मान और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। सुबह की हल्की धूप में संस्थान के मुख्य द्वार पर स्थापित उनकी ताम्र निर्मित आदमकद प्रतिमा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जो मानो उनके विचारों और योगदान की उजास बिखेर रही थी।

2 फरवरी 2026 को आयोजित इस श्रद्धांजलि समारोह की अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप के अध्यक्ष एवं बरबीघा विधायक कुमार पुष्पंजय ने की। उन्होंने स्व. प्रो. आर.पी. शर्मा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस मौके पर आरपीएस ग्रुप के प्रबंध निदेशक कुमार पृतंजय, शिक्षाविद्, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ-साथ आरपीएस परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने स्व. प्रो. आर.पी. शर्मा के जीवन दर्शन और शिक्षा के प्रति उनके समर्पण पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि प्रो. शर्मा ने शिक्षा को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रनिर्माण से जोड़कर देखा। उनका मानना था कि सशक्त समाज की नींव मजबूत शिक्षा व्यवस्था से ही रखी जा सकती है।

स्व. प्रो. आर.पी. शर्मा ने अपने जीवन में शिक्षा के क्षेत्र को नई दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने आर.पी. शर्मा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, आर.पी.एस. रेसिडेंशियल स्कूल, आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल, आर.पी.एस. लॉ कॉलेज, आर.पी.एस. कॉलेज और आर.पी.एस. महिला कॉलेज जैसे कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों की स्थापना कर हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने का कार्य किया। इसके साथ ही उन्होंने अस्थावां विधानसभा से विधायक रहते हुए सामाजिक और राजनीतिक जीवन में भी उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

समारोह के दौरान विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और भावपूर्ण हो गया। कार्यक्रम के अंत में प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें आरपीएस ग्रुप से जुड़े सभी शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भाग लिया और स्व. प्रो. आर.पी. शर्मा के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

# तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, एक युवक की मौत, दो गंभीर

## एक ही बाइक पर सवार थे तीन दोस्त, बाजार से लौटते वक्त हुआ हादसा

निज संवाददाता। पटना



पटना जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। मृतक की पहचान 24 वर्षीय रवि पासवान के रूप में हुई है, जो प्रभु पासवान का पुत्र था। हादसे में गौतम कुमार और शिव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर उपचार के लिए पटना एम्स रेफर किया गया है।

घायल गौतम पासवान के पिता कमलेश पासवान ने बताया कि उनका बेटा अपने दो दोस्तों के साथ पालीगंज बाजार गया था। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान पालीगंज थाना क्षेत्र के फतेहपुर के पास बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। हादसे में रवि पासवान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन घटनास्थल और अस्पताल पहुंचे, जहां कोहराम मच गया। मृतक की मौत के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक एक ही गांव के निवासी थे।

घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। थाना अध्यक्ष सुमन कुमार ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना मिली थी कि फतेहपुर के पास एक बाइक पेड़ से टकरा गई है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। उन्होंने बताया कि दोनों घायलों का इलाज पटना एम्स में चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और एक ही बाइक पर तीन सवार होना हादसे का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घायलों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## दो बाइक की सीधी टक्कर में एक की मौत, दूसरा जख्मी



निज संवाददाता। मसौढ़ी

थाना क्षेत्र के मसौढ़ी पितमास मार्ग पर नूरा स्थित कावर के समीप दो बाइकों की भीषण सीधी टक्कर में नौबतपुर थाना क्षेत्र के नसोपुर गांव निवासी सिद्धेश्वर साव के 35वर्षीय राकेश कुमार मौके पर ही मौत हो गई,जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।जबकि दूसरा व्यक्ति मसौढ़ी थाना क्षेत्र के गंगाचक गांव निवासी कृष्णा पंडित के पुत्र मनोज कुमार गंभीर रुप से जख्मी हो गए। घायल को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति के कारण उसे पटना रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.टक्कर में दोनों बाइक सवार लोग सड़क पर गिरकर लहुलूहान हो गए।

हादसे की सूचना मिलते ही पास पड़ोस के लोग मौके पर पहुंच दोनों लोगों को सड़क किनारे किए तथा एक निजी साधन से जख्मी दोनों लोगों को रेफरल अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने से पहले ही राकेश कुमार को मृत घोषित कर दिया।जबकि मनोज कुमार का प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।

## मसौढ़ी में इंडियन बैंक की शाखा नए परिसर में स्थानांतरित, संयुक्त रूप से हुआ उद्घाटन

♦ नगर कार्यपालक पदाधिकारी और डिप्टी जोनल प्रमुख ने काटा फीता, स्थानीय लोगों को मिलेगा सीधा लाभ





निज संवाददाता। मसौढ़ी, पटना

मसौढ़ी नगर मुख्यालय के ब्लॉक रोड स्थित इंडियन बैंक की शाखा को नए और विस्तारित परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया है। सोमवार को नगर कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन और इंडियन बैंक के डिप्टी जोनल प्रमुख अमन कुमार झा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर नई शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में बैंक के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नए परिसर में बैंकिंग सुविधाओं की विधिवत शुरुआत की गई।

**ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्र को मिलेगा लाभः** इस अवसर पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी राजू रंजन ने कहा कि इंडियन बैंक की शाखा के नए परिसर में स्थानांतरित होने से मसौढ़ी और आसपास के ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि इससे किसानों, व्यापारियों, स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं और युवाओं को सीधा लाभ मिलेगा।

**सभी आधुनिक बैंकिंग सेवाएं उपलब्धः** डिप्टी जोनल प्रमुख अमन कुमार झा ने बताया कि नई शाखा के माध्यम से खाता खोलने, ऋण सुविधा, जमा योजनाएं, एटीएम एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाएं, साथ ही केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैंक का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को औपचारिक बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है।

**क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदमः** उद्घाटन समारोह के दौरान चीफ मैनेजर पल्पंकर सिंह, जयंत कुमार, सीएसपी संचालक शशिकांत, आजाद, प्रमोद कुमार सहित अन्य स्थानीय नागरिकों ने शाखा के नए परिसर में स्थानांतरण पर प्रसन्नता व्यक्त की। लोगों ने इसे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

## पटना में सक्षम 26 का आगाज, ऊर्जा और ईंधन संरक्षण पर राष्ट्रव्यापी अभियान शुरू

**तेल और गैस बचाने तथा हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 15 दिन का विशेष अभियान**

निज संवाददाता। पटना



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में तेल एवं गैस संरक्षण को लेकर राष्ट्रव्यापी जन-जागरूकता अभियान संरक्षण क्षमता महोत्सव 2026 (SAKSHAM'26) का शुभारंभ सोमवार को पटना में किया गया। यह अभियान 02 फरवरी से 16 फरवरी 2026 तक पूरे देश में संचालित किया जाएगा अभियान के आयोजन में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम, गेल सहित तेल एवं गैस क्षेत्र के सभी सार्वजनिक उपक्रमों की सक्रिय भागीदारी है। इस वर्ष सक्षम 26 की थीम "तेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओ" रखी गई है, जिसका उद्देश्य पेट्रोलियम संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना है। आयोजित उद्घाटन समारोह का शुभारंभ बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री प्रमोद कुमार ने किया। कार्यक्रम में तेल एवं गैस उद्योग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों के प्रतिनिधि, मीडिया कर्मी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएं और शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंत्री ने ऊर्जा के विवेकपूर्ण उपयोग और पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया।

उन्होंने कहा कि सीमित प्राकृतिक संसाधनों के युग में ऊर्जा संरक्षण केवल सरकार या उद्योग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं और विद्यार्थियों से अपील की कि वे ऊर्जा बचत को अपने दैनिक जीवन की आदत बनाएं और यह संदेश अपने परिवार एवं समाज तक पहुंचाएं। इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक एवं बिहार राज्य प्रमुख ए. के. सामंतराय ने स्वागत संबोधन में कहा कि भारत आज दुनिया के शीर्ष पांच रिफाइनिंग देशों में शामिल है और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में सातवें स्थान पर है। इसके बावजूद देश को कच्चे तेल के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। ऐसे में ईंधन संरक्षण और ऊर्जा दक्षता देश की ऊर्जा सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि आम नागरिक वाहन चलाने, रसोई गैस के उपयोग और बिजली खपत में छोटे-छोटे सुधार अपनाएं, तो सामूहिक रूप से बड़ी मात्रा में ईंधन की बचत और कार्बन उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। सक्षम 26 के तहत बिहार सहित देशभर में 15 दिनों तक विभिन्न जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में बिहार का रेल बजट 9 गुना बढ़ा

**11 साल में बिछीं 2000 किमी नई रेल पटरियाँ**




निज संवाददाता। हाजीपुर

केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल में बिहार के रेलवे ढांचे को अभूतपूर्व मजबूती मिली है। केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि वर्ष 2009 से 2014 के बीच बिहार में रेलवे विकास के लिए जहां औसतन 1,132 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष आवंटित होते थे, वहीं वर्तमान में यह राशि बढ़कर 10,379 करोड़ रुपये हो गई है। यह पिछली सरकार की तुलना में लगभग नौ गुना अधिक है और बिहार में रेलवे के तेजी से हो रहे विस्तार को दर्शाता है। रेल मंत्री ने बजट 2026-27 में भारतीय रेलवे को 2.78 लाख करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस रेलवे को आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन माध्यम के रूप में विकसित करने पर है।

अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दीर्घकालिक योजना के तहत देश में सात हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित किए जा रहे हैं, जिन्हें 'ग्रोथ कनेक्टर्स' के रूप में देखा जा रहा है। इनमें दिल्ली-वाराणसी और वाराणसी-पटना-सिलीगुड़ी कॉरिडोर भी शामिल हैं। वाराणसी से पटना होते हुए सिलीगुड़ी तक प्रस्तावित हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर से यात्रा का समय घटकर करीब 2 घंटे 55 मिनट रह जाएगा, जबकि दिल्ली से वाराणसी की दूरी लगभग 3 घंटे 50 मिनट में तय की जा सकेगी। इससे बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली के बीच एक नया आर्थिक कॉरिडोर विकसित होगा, जो व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा।

रेल मंत्री ने कहा कि बिहार में इस समय 1,09,158 करोड़ रुपये की लागत से रेलवे की आधारभूत संरचना से जुड़ी परियोजनाएं चल रही हैं। इसके तहत 3,287 करोड़ रुपये की लागत से राज्य के 98 अमृत भारत स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से थावे और पीरपैंती स्टेशन का कार्य पूरा हो चुका है। राज्य में 14 जोड़ी वंदे भारत और 21 जोड़ी अमृत भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है, जबकि पटना और जयनगर के बीच नमो भारत एक्सप्रेस भी चलाई जा रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 2014 के बाद बिहार में करीब 2000 किलोमीटर नई रेल लाइनों का निर्माण किया गया है, जो कई देशों के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है। इसके साथ ही 3330 किलोमीटर रेलवे ट्रैक का विद्युतीकरण किया गया है और बिहार अब रेलवे के मामले में पूरी तरह विद्युतीकृत राज्य बन चुका है। इसके अलावा राज्य में 568 फ्लाईओवर और अंडरपास का निर्माण भी पूरा किया गया है।

रेल मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने भी बजट 2026-27 में रेलवे के लिए किए गए प्रावधानों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बजट में किए गए आवंटन से बिहार में रेल कनेक्टिविटी, यात्री सुविधाओं और माल ढुलाई की क्षमता में आने वाले वर्षों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिलेगा।

# गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें, तभी सफल होगा स्वच्छ पटना अभियानः सीता साहू

निज संवाददाता। पटना






नगर निगम पटना के नगर आयुक्त यशपाल मीणा की पहल पर जेडी वीमेंस कॉलेज, पटना में स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के माध्यम से समाज में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक संदेश फैलाना था। अभियान की शुरुआत महापौर सीता साहू, जेडी वीमेंस कॉलेज की प्राचार्या मीरा कुमार, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर एवं लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत, हिना रानी, मंजरी नाथ, संगीत विभाग की प्रोफेसर रीता दास और रेखा मिश्रा ने संयुक्त रूप से की। इस अवसर पर जेडी वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने स्वच्छता जागरूकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। इन नाटकों के माध्यम से गीला और सूखा कचरा अलग रखने, सार्वजनिक स्थलों को साफ रखने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया। छात्राओं की प्रस्तुति को उपस्थित सभी लोगों ने सराहा और इसे बेहद प्रेरक बताया।

लोकगायिका नीतू कुमारी नवगीत ने स्वच्छता पर आधारित कई गीत प्रस्तुत किए, जिनमें "बड़ा जोर से चलल बाटे स्वच्छता अभियान हो" और "सबसे बड़ा है गहना साफ रहना" जैसे गीत शामिल थे। उनके गीतों पर पूरा ऑडिटोरियम झूम उठा और छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर सीता साहू ने कहा कि स्वच्छ पटना का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हर नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से घर-घर कचरा उठाने की व्यवस्था की गई है, लेकिन जरूरी है कि लोग अपने घरों में गीला कचरा और सूखा कचरा अलग-अलग रखें और नगर निगम की गाड़ियों को भी कचरा पृथक रूप से दें। उन्होंने छात्राओं से स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने और स्वच्छता के लिए श्रमदान करने की अपील की।

अभियान के दौरान स्वच्छता जागरूकता टीम की ओर से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। छात्राओं ने स्वच्छता से जुड़े सवालों के जवाब दिए और आकर्षक स्लोगन लिखे। नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति के लिए साक्षी सिंह, महरूश खान, काजल, खुशी कुमारी और सरिता को एक-एक पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। वहीं बेहतरीन स्लोगन लेखन के लिए सलोनी कुमारी, फातिमा, स्वाति कुमारी, वैष्णवी रानी, जिया कुमारी, मुस्कान कुमारी और विशाखा कुमारी को एक-एक कलम देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में यह संदेश दिया गया कि स्वच्छता केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही पटना को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाया जा सकता है।

## केंद्रीय बजट 2026-27: विकसित बिहार की नींव को नई मजबूती, कर हिस्सेदारी में रिकॉर्ड 1.51 लाख करोड़

निज संवाददाता। पटना

केंद्रीय बजट 2026-27 में बिहार के विकास को अभूतपूर्व गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों का असर यह है कि बिहार को वित्तीय संसाधन, आधारभूत संरचना, सामाजिक क्षेत्र, उद्योग, ऊर्जा, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में ऐतिहासिक स्तर पर सहायता और निवेश मिला है। वर्ष 2014 से 2026 के बीच बिहार को कर हस्तांतरण के रूप में 9.72 लाख करोड़ रुपये और अनुदान सहायता के रूप में 2.80 लाख करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान में बिहार को कर हिस्सेदारी के रूप में 1.51 लाख करोड़ रुपये दिए जाने का प्रावधान किया गया है, जबकि 2025-26 के लिए 54,575 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता तय की गई है। इसके अलावा राज्यों के लिए पूंजीगत व्यय हेतु विशेष सहायता योजना के तहत 2020-21 से जनवरी 2026 तक 50 वर्षों के ब्याज-मुक्त ऋण के रूप में बिहार को कुल 40,441 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं, जो वित्त आयोग की सिफारिशों से अतिरिक्त हैं।

सड़क अवसंरचना के क्षेत्र में बिहार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। 30 जून 2025 तक राज्य में 6,155 किलोमीटर से अधिक राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण किया जा चुका है। अगस्त 2025 में औंटा–सिमरिया पुल परियोजना और गंगा नदी पर छह लेन पुल के उद्घाटन से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क मजबूत हुआ है और भारी वाहनों की यात्रा दूरी लगभग 150 किलोमीटर कम हुई है। बख्तियारपुर–मोकामा चार लेन खंड और एनएच-120 के उन्नत हिस्सों से भी यातायात को गति मिली है। भारतमाला परियोजना के तहत वाराणसी–रांची–कोलकाता ग्रीनफील्ड कॉरिडोर और बिहार में 1,572 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग कॉरिडोर को मंजूरी दी गई है, जिससे राज्य की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को नया आयाम मिला है।

रेल क्षेत्र में भी बिहार ने बड़ी छलांग लगाई है। हाल के वर्षों में वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनों की शुरुआत, नई रेल लाइनों का उद्घाटन और आधारशिलाएं, तथा स्टेशनों के पुनर्विकास से राज्य का रेल नेटवर्क आधुनिक स्वरूप में आगे बढ़ रहा है। बिहार में 98 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है और राज्य पूरी तरह से विद्युतीकृत हो चुका है। 2014 के बाद सैकड़ों रेल फ्लाईओवर और अंडरब्रिज बनाए गए हैं। पटना मेट्रो परियोजना के तहत 32 किलोमीटर मेट्रो लाइन स्वीकृत की गई है, जिससे शहरी परिवहन को नई दिशा मिलेगी। रेलवे बजट आवंटन में भी बिहार को बड़ा लाभ मिला है, जहां 2009-14 की तुलना में मौजूदा औसत वार्षिक आवंटन लगभग नौ गुना बढ़ गया है।

हवाई संपर्क के क्षेत्र में पूर्णिया हवाई अड्डे के नए टर्मिनल और पहली व्यावसायिक उड़ान की शुरुआत से सीमांचल क्षेत्र को बड़ी सौगात मिली है। दरभंगा हवाई अड्डा पहले से ही उड़ान योजना के तहत संचालित हो रहा है, जबकि पटना और दरभंगा हवाई अड्डों को कृषि उड़ान योजना में शामिल किया गया है। बिहटा में नए सिविल एन्क्लेव के विकास को भी मंजूरी दी गई है। जलमार्गों में कालुघाट अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल और सामुदायिक जेट्टियों से माल परिवहन और व्यापार को बढ़ावा मिला है।

पर्यटन, स्वास्थ्य, जल एवं स्वच्छता, ऊर्जा, आवास, कृषि और शिक्षा के क्षेत्रों में भी केंद्र सरकार की योजनाओं का व्यापक असर दिख रहा है। गया में अस्पताल एवं शोध केंद्र, दरभंगा में एम्स की आधारशिला, मेडिकल कॉलेजों की स्वीकृति, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और जलापूर्ति परियोजनाएं, ताप विद्युत संयंत्र, रिफाइनरी विस्तार, शहरी और ग्रामीण आवास योजनाएं, राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की घोषणा, शैक्षणिक संस्थानों के नए परिसर और फ्लैगशिप योजनाओं के तहत करोड़ों लाभार्थियों तक पहुंच ने बिहार के विकास को नई दिशा दी है। कुल मिलाकर केंद्रीय बजट 2026-27 यह स्पष्ट संकेत देता है कि केंद्र सरकार बिहार को पूर्वी भारत के विकास का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। रिकॉर्ड वित्तीय सहायता और बहुआयामी परियोजनाओं के माध्यम से बिहार को विकसित राज्य की ओर ले जाने की नींव और अधिक मजबूत हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### उपायुक्त मुसाबनी के कारीगरों से बात कर दिया बाजार से जोड़ने का भरोसा



**पूर्वी सिंहभूम।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सोमवार को क्षेत्र परिभ्रमण के दौरान मुसाबनी प्रखंड की कुईलीसुता पंचायत अंतर्गत कुईलीसुता गांव पहुंचकर पारंपरिक डोकरा आर्ट से जुड़े कारीगरों से बातचीत की। इस दौरान उपायुक्त जमीन पर बैठकर ग्रामीणों और कारीगरों से बातचीत करते नजर आए। इस दौरान उपायुक्त ने डोकरा कारीगरों से उनकी उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की उपलब्धता, मार्केटिंग से जुड़ी चुनौतियों और आमदनी से संबंधित समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि डोकरा आर्ट झारखंड की प्राचीन जनजातीय धातु शिल्प कला है, जो न केवल राज्य की सांस्कृतिक पहचान है बल्कि आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल की भावना को भी मजबूती देती है। इस कला का संरक्षण और संवर्धन प्रशासन की प्राथमिकता है। उपायुक्त ने कारीगरों को आश्वस्त किया कि डोकरा उत्पादों को स्थानीय, राज्य और राष्ट्रीय स्तर के बाजार से जोड़ने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे। बाजार की मांग के अनुरूप डिजाइन, फिनिशिंग और पैकेजिंग को बेहतर बनाने के लिए परामर्श और प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही डोकरा आर्ट के लिए प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ राज्य में एक्सपोजर विजिट आयोजित कर कारीगरों को आधुनिक विपणन तकनीकों और नवाचार से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमशेदपुर के साकची में स्थापित विश्वकर्मा प्वाइंट में डोकरा कारीगरों को स्थायी स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे अपने उत्पादों की प्रत्यक्ष बिक्री कर सकें। इससे न केवल कारीगरों की आय बढ़ेगी बल्कि जिले के लोग भी इस पारंपरिक कला से परिचित हो सकेंगे। उपायुक्त ने यह भी कहा कि डोकरा कारीगरों को सरकारी योजनाओं, स्वयं सहायता समूहों, जीआई टैग और ई-मार्केटप्लेस से जोड़कर उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इस अवसर पर मुसाबनी के अंचल अधिकारी पवन कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस सुजीत बारी, जिला उद्यमी समन्वयक सहित डोकरा आर्ट से जुड़े कई कारीगर उपस्थित थे।

### ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान को कार से कुचलने की कोशिश के तीन आरोपित गिरफ्तार, एक फरार



**पूर्वी सिंहभूम।** जमशेदपुर में कदमा टोल ब्रिज गोलचक्कर के पास ड्यूटी पर तैनात पुलिस जवान को कार से कुचलने की कोशिश के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जबकि एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान अमनदीप सिंह, अंकित मुखी और आदित्य मुखी के रूप में हुई है। तीनों आरोपित जमशेदपुर के रहने वाले हैं। यह घटना 3 जनवरी की मध्यरात्रि की है। कदमा टोल ब्रिज के पास ड्यूटी कर रहे पुलिस जवान हीरालाल महतो पर आरोपितों ने जानलेवा हमला किया था। आरोपितों ने कार से कुचलकर उनकी हत्या करने का प्रयास किया, जिससे जवान गंभीर रूप से घायल हो गया। फिलहाल उसका इलाज चल रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर जांच को आगे बढ़ाया। जांच के दौरान इस कांड में संलिप्त तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की मारुति सुजुकी डिजायर कार भी बरामद कर ली गई है। सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) मनोज ठाकुर ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुलिस से नाराजगी के कारण आरोपितों ने मिलकर योजना बनाई और नशे की हालत में जवान को कार से कुचलकर हत्या करने का प्रयास किया। पुलिस के अनुसार, इस मामले में शामिल एक अन्य आरोपित अभी फरार है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि फरार आरोपित को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### नगर निकाय चुनाव और जैक बोर्ड परीक्षा एक ही दिन कराने पर झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन की आपत्ति



**रांची।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने 23 फरवरी को एक ही दिन नगर निकाय चुनाव और झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक बोर्ड) की बोर्ड परीक्षा आयोजित किए जाने पर कड़ी आपत्ति जताई है। एसोसिएशन ने इसे अव्यावहारिक बताते हुए छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करार दिया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चुनाव और बोर्ड परीक्षा दोनों ही बड़े प्रशासनिक आयोजन हैं, जिनमें शिक्षकों, विद्यालय भवनों, प्रशासनिक अमले, परिवहन और सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक जरूरत होती है। ऐसे में एक ही दिन दोनों कार्यक्रमों का आयोजन छात्रों पर अनावश्यक मानसिक दबाव डालेगा और प्रशासनिक अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव ड्यूटी में शिक्षकों और स्कूल परिसरों की व्यस्तता से परीक्षा की निष्पक्षता और गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था चुनाव में लगाए जाने के कारण छात्रों के समय पर परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने में भी कठिनाई आ सकती है। अजय राय ने राज्य सरकार, जैक बोर्ड और राज्य निर्वाचन आयोग से मांग की है कि या तो नगर निकाय चुनाव की तिथि में बदलाव किया जाए या फिर बोर्ड परीक्षा की तिथि में अविलंब संशोधन किया जाए, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# रांची में बुजुर्ग की हत्या का खुलासा, पिता-पुत्र समेत तीन गिरफ्तार

**एजेंसी । रांची**




रांची के लालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोवर वर्द्धमान कंपाउंड (धोबी घाट) में शनिवार रात हुई मधेश्वर सिंह की हत्या का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मुन्ना कच्छप और उसके दो बेटे अमन कच्छप तथा अनिकेत कच्छप शामिल हैं। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में नगर पुलिस उपाधीक्षक केवी रमण ने बताया कि मामूली विवाद के बाद दो सगे भाइयों ने अपने पिता के साथ मिलकर बुजुर्ग मधेश्वर सिंह की बेरहमी से पिटाई की, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर सभी नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 31 जनवरी की रात लोवर वर्द्धमान कंपाउंड निवासी मधेश्वर सिंह टहलने निकले थे। इसी दौरान मोहल्ले के ही अमन और अनिकेत कच्छप से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर दोनों भाइयों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर पिता मुन्ना कच्छप मौके पर पहुंचा और उसने भी अपने बेटों के साथ मिलकर हमला किया। गंभीर चोट लगने से मधेश्वर सिंह मौके पर ही बेहोश हो गए। परिजनों और स्थानीय लोगों ने उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पीड़ित के पुत्र पियूष कुमार सिंह के बयान पर लालपुर थाने में हत्या सहित अन्य धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी रूपेश कुमार सिंह, ऋषिकांत, उत्तम कुमार, मुकेश उरांव और अजय कुमार शामिल थे। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## झारखंड में महाशिवरात्रि तक रहेगी ठंड, इसके बाद गर्मी देगी दस्तक



**एजेंसी । रांची**

झारखंड में महाशिवरात्रि (15 फरवरी) तक ठंड बने रहने की संभावना है। इसके बाद मौसम में बदलाव के साथ गर्मी धीरे-धीरे बढ़ेगी। मौसम विभाग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मौसम विभाग के अनुसार, महाशिवरात्रि के बाद तापमान में वृद्धि होगी, लेकिन इसी दौरान कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना भी है। बारिश होने से तापमान में थोड़ी कमी आएगी, फिर उसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि होगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों में वर्तमान में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया है। बोकारो और चाईबासा में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 डिग्री अधिक है, जबकि रांची और जमशेदपुर में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक है। वहीं, डाल्टनगंज में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम है और अधिकतम तापमान लगभग सामान्य के बराबर है। पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 29.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे और मध्यम गति की हवा चली। धूप में जाने पर गर्मी का एहसास हुआ, जबकि छाया में ठंडक महसूस की गई। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम 28.4 और डिग्री न्यूनतम 14.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 27 डिग्री और न्यूनतम 9.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 27.5 और न्यूनतम 10.1 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 29.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 13.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## जेपीएससी-2 घोटाले में ईडी ने मनी लाउंड्रिंग जांच की तेज, 28 अधिकारियों की संपत्ति का मांगा विवरण

**एजेंसी । रांची**




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी-2) घोटाले में आईआर दर्ज करने के बाद मनी लाउंड्रिंग के बिंदु पर जांच को तेज कर दिया है। अधिकारियों के अनुसार, ईडी ने इस मामले में सीबीआई की ओर से आरोपित झारखंड पुलिस और प्रशासन के 28 अधिकारियों से संबंधित विस्तृत जानकारी मांगी है, जिसमें उनकी ओर से घोषित संपत्ति का विवरण भी शामिल है। ईडी ने जिन अधिकारियों की संपत्ति का विवरण मांगा है, उनमें राधा प्रेम किशोर, विनोद राम, हरिशंकर, रवि कुमार कुजूर, मुकेश कुमार महतो, कुंदन कुमार सिंह, मौसमी नागेश, कानू राम नाग, प्रकाश कुमार, संगीता कुमारी, रजनीश कुमार, शिवेंद्र, संतोष कुमार चौधरी, रोहित सिंह, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, अमित कुमार, राहुल जी आनंद, इंद्रजीत सिंह, शिशिर कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह, रामकृष्ण कुमार, प्रमोद राम, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, मनोज कुमार, सुदामा कुमार और कुमुद कुमार शामिल हैं। दरअसल, सीबीआई ने जेपीएससी-2 घोटाले की जांच के बाद कुल 60 आरोपितों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था। इसमें जेपीएससी के छह अधिकारी, ग्लोबल इंफॉरमेटिक्स के 28 परीक्षार्थी और 25 परीक्षक शामिल थे। आरोपित सभी 28 अधिकारी फिलहाल जमानत पर हैं। इन आरोपितों में से कुछ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अब एडीएम रैंक में और राज्य पुलिस सेवा के दो अधिकारी आईपीएस रैंक में पदोन्नत हो चुके हैं। ईडी ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इन सभी अधिकारियों की पोस्टिंग और संपत्ति का ब्योरा मांगा है। उल्लेखनीय है कि अधिकारियों को सरकारी नौकरी में योगदान देते समय और हर साल अपनी संपत्ति की घोषणा करने का नियम है। अखिल भारतीय सेवा के अधिकारियों को यह विवरण भारत सरकार को भेजना होता है। अधिकारियों की संपत्ति की स्व घोषणा प्रशासनिक भ्रष्टाचार पर निगरानी के लिए अनिवार्य है। ईडी अब जेपीएससी घोटाले में आरोपित सभी अधिकारियों द्वारा की गई संपत्ति की जानकारी एकत्र कर रही है।

## पूर्वी सिंहभूम में स्कूल वैन–ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, हजारों बच्चे प्रभावित

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**



पूर्वी सिंहभूम में सोमवार को स्कूल वैन और स्कूली ऑटो चालकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिला। हड़ताल के कारण हजारों स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हड़ताल के समर्थन में करीब 2000 स्कूल वैन और ऑटो चालक सड़कों पर उतर आए, जिससे सुबह के समय शहर के कई इलाकों में अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। मजबूरी में अभिभावक अपने बच्चों को बाइक, कार और अन्य निजी साधनों से स्कूल पहुंचाते नजर आए। यह हड़ताल टेल्को स्थित एलएफएस इंग्लिश स्कूल से जुड़े एक मामले को लेकर की जा रही है। स्कूल वैन चालक मन्नू पांडेय को पॉक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर 27 जनवरी को जेल भेजे जाने के विरोध में चालक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। चालकों का आरोप है कि मन्नू पांडेय को साजिश के तहत फंसाया गया है और उनके साथ अन्याय हुआ है। सुबह से ही बड़ी संख्या में चालक विभिन्न इलाकों में एकत्र होकर हड़ताल को सफल बनाने का दावा करते रहे। वहीं, अभिभावकों का कहना है कि बच्चों को स्कूल पहुंचाने में उन्हें अतिरिक्त समय, खर्च और मानसिक तनाव झेलना पड़ रहा है। हालांकि कई अभिभावकों ने यह भी कहा कि यदि किसी के साथ अन्याय हुआ है तो उसे न्याय मिलना चाहिए। राधिका नगर की रहने वाली श्वेता सिंह ने बताया कि उनका आठ वर्षीय बेटा और छोटी बेटी मन्नू पांडेय के साथ ही स्कूल जाया करते थे। उनका कहना है कि मन्नू गलत इंसान नहीं हो सकते और उनके बच्चे भी मन्नू अंकल की रिहाई के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। श्वेता सिंह के साथ कई अन्य महिलाएं और अभिभावक भी मन्नू पांडेय की रिहाई की मांग को लेकर सड़क पर उतरे। हड़ताल पर बैठे चालकों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की फास्ट ट्रैक कोर्ट में न्यायिक जांच कराई जाए, ताकि सच्चाई जल्द सामने आ सके। उधर, प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लेकिन हड़ताल समाप्त न होने से आम लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं।

# उच्च न्यायालय की सख्ती के बाद 24 भवनों पर कार्रवाई शुरू

**एजेंसी । पूर्वी सिंहभूम**




झारखंड उच्च न्यायालय के सख्त निर्देश के बाद शहर में अवैध निर्माण और नक्शा विचलन के खिलाफ प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाना शुरू कर दिया है। सोमवार को अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) की दो टीमें शहर के प्रमुख व्यावसायिक इलाकों में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई में जुट गईं। इस अभियान के तहत बिष्टुपुर और साकची क्षेत्रों में चिन्हित 24 इमारतों पर कार्रवाई की जा रही है। बिष्टुपुर में एक टीम ने निरीक्षण और ध्वस्तीकरण का काम संभाला, जबकि दूसरी टीम साकची-बिष्टुपुर इलाके में रामाडा होटल के बगल स्थित एक पांच मंजिला इमारत पर पहुंची, जहां गंभीर नक्शा विचलन पाया गया। जेएनएसी से इस भवन का जी प्लस थ्री का नक्शा स्वीकृत था, लेकिन मौके पर पांच मंजिलों का निर्माण कर दिया गया था। उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में अतिरिक्त दो मंजिलों को तोड़ने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस दौरान जेएनएसी के उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार स्वयं मौके पर मौजूद थे और किसी भी संभावित विरोध को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। इसके साथ ही साकची के बाराद्वारी क्षेत्र सहित अन्य इलाकों में भी चिन्हित इमारतों पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। बाराद्वारी की एक इमारत में नक्शा विचलन हटाने का कार्य चल रहा है। उपनगर आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि इन 24 इमारतों में कहीं अतिरिक्त फ्लोर का निर्माण किया गया है तो कहीं स्वीकृत नक्शे के अनुरूप निर्माण नहीं हुआ है। कई इमारतों में बेसमेंट को पार्किंग के रूप में दर्शाया गया था, लेकिन वहां दुकानें बनाकर व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है, जो नियमों का उल्लंघन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह पूरी कार्रवाई उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका के बाद पारित आदेश के तहत की जा रही है। सभी संबंधित भवन मालिकों को पूर्व में तीन-तीन नोटिस जारी किए जा चुके थे। कुछ भवन मालिकों का दावा है कि उन्होंने नक्शा विचलन को नियमित कराने के लिए जुर्माना जमा किया था, लेकिन जेएनएसी का कहना है कि बिना आवेदन और तकनीकी जांच के जमा की गई राशि को नियमितीकरण नहीं माना जा सकता।

## तपकरा गोलीकांड ने आदिवासी समाज को संगठित होने की ताकत दी : सुदीप गुड़िया




**एजेंसी । खूंटी**

तपकारा गोलीकांड की बरसी पर बलिदानियों की स्मृति में सोमवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा और शहीद स्थल जा कर विधायक सुदीप गुड़िया ने गोलीकांड के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी। शहीद स्थल पहुंच कर उन्होंने पुष्प अर्पित कर कोईल कारो जनसंगठन के अमर वीरों को जोहार किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तपकारा गोलीकांड के बलिदानियों का बलिदान जल-जंगल-जमीन, आदिवासी स्वाभिमान और अधिकारों की रक्षा के लिए दिया गया।

यह ऐतिहासिक बलिदान है, जिसे झारखंड कभी नहीं भूल सकता। विधायक ने कहा कि तपकारा गोलीकांड ने पूरे झारखंड को झकझोर दिया था, लेकिन शहीदों की कुर्बानी ने आदिवासी समाज को अपने हक और सम्मान के लिए संगठित होने की ताकत भी दी।

## नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का तीन दिवसीय महोत्सव पांच फरवरी से

**एजेंसी । खूंटी**

तोरपा प्रखंड के बास्की गांव में नवनिर्मित शिव मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे गांव में उत्साह और भक्ति का वातावरण व्याप्त है। तीन दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ 5 फरवरी से होगा, जिसका समापन सात फरवरी, शनिवार को पूर्णाहुति के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर गांव को आकर्षक झंडों और सजावट से सुसज्जित कर दिया गया है। मंदिर का रंगरोगन कार्य पूर्ण हो चुका है तथा रविवार को विधि-विधान से मंदिर के गुंबद पर पांच शूल स्थापित कर दिए गए हैं। आयोजन समिति के सदस्य राजनाथ सिंह, शिव कुमार सिंह, एमपी सिंह, राम नरेश सिंह, गोपाल सिंह, आनन्द सिंह, राजेंद्र सिंह, सोनू सिंह, सुरेंद्र सिंह, विक्रमा महतो सहित गांव के महिला-पुरुष इस धार्मिक आयोजन को सफल बनाने के लिए दिन-रात जुटे हुए हैं। समिति ने बताया कि बनारस से पधारे विद्वान आचार्यों की उपस्थिति में सभी अनुष्ठान वैदिक विधि-विधान से संपन्न कराए जाएंगे। महोत्सव के प्रथम दिन पांच फरवरी को मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा छाता नदी स्थित छठ घाट तक जाएगी, जहां गंगा पूजन के पश्चात कलशों में पवित्र जल भरा जाएगा। इसके बाद कलश यात्रा तोरपा मेन रोड, तोरपा मिशन और तपकरा रोड होते हुए पुनः बास्की गांव लौटेगी। कलश कलश यात्रा में 751 महिलाओं के अलावा सैकड़ों श्रद्धालु भाग लेंगे। समारोह के पहले दिन वेदी पूजन, पंचांग पूजन सहित अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। छह फरवरी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। सात फरवरी को पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। तीनों दिन श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई है। उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को महाकाल की नगरी से शिव परिवार की प्रतिमाएं गांव पहुंची थीं, जिनका ग्रामीणों की ओर से भव्य स्वागत किया गया था। इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में गहरा उत्साह और आस्था देखने को मिल रही है।

**कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**
**Email ID - adss.plm@gmail.com**

**सूचना**

बाल संरक्षण इकाई, पलामू में रिक्त पदों के विरूद्ध उपायुक्त, पलामू के ज्ञापांक 1730/जि0स0क0, दिनांक 14.10.2024 के द्वारा 10 रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति हेतु पूर्व में विज्ञापन प्रकाशन किया गया था।

प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में कुल 07 रिक्त पद पर यथा विधि–सह–परीविक्षा पदाधिकारी (01 पद), संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देख–रेख)(01 पद), सामाजिक कार्यकर्ता (सामान्य श्रेणी)(01 पद), आकड़ा विश्लेशक (01 पद), आउटरीच कार्यकर्ता (02 पद), सहायक–सह–डाटा इन्ट्री आपॅरेटर, किशोर न्याय बोर्ड (01 पद), पर चयनित अभ्यर्थियों द्वारा योगदान समर्पित कर कार्य किया जा रहा है। शेश पद यथा लेखापाल, बाल संरक्षण इकाई, पलामू, एवं सहायक–सह–डाटा इन्ट्री आपॅरेटर, बाल कल्याण समिति, पलामू के पद पर अंतिम मेधा सूची में चयनित अभ्यर्थी सूचना देने के बावजूद निर्धारित तिथि को दस्तावेज जाँच में अनुपस्थित पाए गये। सामाजिक कार्यकर्ता (अनु0जा0), के पद पर चयनित अभ्यर्थी द्वारा दिनांक 06.06.2025 को योगदान समर्पित किया गया परंतु उसी दिन 06.06.2025 को योगदान वापस ले लिया गया।

दिनांक 23.12.2025 को उपायुक्त–सह–नियुक्ति समिति अध्यक्ष, पलामू की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु चयन समिति की बैठक आहुत किया गया। आहुत बैठक में पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या 1730/जि0स0क0, दिनांक 14.10.2024 के आलोक में लेखापाल, बाल संरक्षण इकाई, पलामू, सामाजिक कार्यकर्ता, बाल संरक्षण इकाई, पलामू एवं सहायक–सह–डाटा इन्ट्री आपॅरेटर, बाल कल्याण समिति के पद पर अंतिम मेघा सूची में चयनित कुल चार–चार अभ्यर्थी, सामाजिक कार्यकर्ता (अनु0जा0) के पद पर चयनित अभ्यर्थी को छोड़कर पदनुसार पुनः दस्तावेज सत्यापन एवं सहायक–सह–डाटा इन्ट्री आपॅरेटर, बाल कल्याण समिति के पद पर चयनित अभ्यर्थी को कम्प्यूटर टंकण हिन्दी–30 WPM एवं अंग्रजी 35 WPM अनिवार्य रूप से पुरा करना आवश्यक होगा संबंधि निर्णय के आलोक में अंतिम मेधा सूची का प्रकाशन किया जा रहा है।

अंतिम मेधा सूची में शामिल अभ्यर्थियों का मूल प्रमाण पत्र का जाँच एवं सहायक–सह–डाटा इन्ट्री आपॅरेटर, बाल कल्याण समिति के पद पर चयनित अभ्यर्थियों का टंकण जाँच हेतु तिथि संबंधी सूचना जिले के अधिकारिक वेबसाईट www.palamu.nic.in पर अलग से दिया जाएगा।

सहायक निदेशक,
समाजिक सुरक्षा कोषांग, पलामू

PR 372186 (District)25-26*D

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## संक्षिप्त समाचार

### पलवल में बुलडोजर ऐक्शन, 6 कॉलोनियों में अवैध निर्माण ढहाए गए



**पलवल, एजेंसी।** हरियाणा के पलवल में अवैध निर्माण के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) विभाग ने जिले में अवैध कॉलोनियों और निर्माणों के खिलाफ अभियान चलाया है। पिछले तीन दिनों में खजूरका, असावटी और बघौला गांवों में छह अवैध कॉलोनियों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग की 30 मीटर चौड़ी हरी पट्टी में बने अवैध निर्माणों पर तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी (डीटीपीओ) अनिल मलिक ने बताया कि उनकी टीम ने खजूरका गांव की राजस्व संपदा में काटी गई दो अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की। इसके बाद असावटी और बघौला गांवों में तीन अन्य अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के तहत साढ़े छह एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही तीन अवैध कॉलोनियों में 15 डीपीसी, दो रिहायशी मकान और एक प्रॉपर्टी डीलर का कार्यालय ध्वस्त किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग पर 30 मीटर के दायरे में बने दो ढाबे, एक इंडस्ट्रियल शेड और छह चारदीवारियां भी तोड़ी गई। बघौला गांव में राजस्व संपदा में काटी गई एक और अवैध कॉलोनी में भी तोड़फोड़ की गई। इस कार्रवाई के दौरान तोड़फोड़ की डीटीपीओ अनिल मलिक स्वयं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में मौजूद रहे।

### अंडमान और निकोबार द्वीप में लगे भूकंप के झटके, 4.6 की तीव्रता से कांपी धरती

**अंडमान, एजेंसी।** अंडमान और निकोबार द्वीप पर भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए हैं। आज (सोमवार) सुबह तकरीबन 3 :30 बजे धरती डोलने लगी। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, रिएक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.6 मैग्नीट्यूड आंकी गई है। भूकंप की जानकारी देते हुए कहा कि भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे दर्ज किया गया है। हालांकि, तीव्रता कम होने के कारण कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि अंडमान और निकोबार द्वीप सिस्मिक जोन 5 के अंतर्गत आता है, जो टेक्टॉनिक प्लेन के बेहद करीब है। इससे पहले 26 दिसंबर 2004 को यहां भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी। भूकंप के तेज झटकों के कारण समुद्र में सुनामी आ गई और लहरें पूरे उफान पर थीं। वहीं, भूकंप का केंद्र जितनी ज्यादा नीचे होता है, खतरा उतना ही कम होता है। हालांकि, कम गहराई वाले भूकंप ज्यादा खतरनाक माने जाते हैं, क्योंकि भूकंप की सतही तरंगे जमीन पर भयंकर तबाही मचाती हैं।

### भारी बर्फबारी के बीच आईएएफ ने लकवाग्रस्त महिला की बचाई जान

**शिमाला, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से पहाड़ों पर मौसम अचानक बदल गया है। हिमाचल प्रदेश में भी भारी बर्फबारी देखने को मिल रही है। इसी बीच एक बीमार महिला को बचाने के लिए भारतीय वायु सेना ने आपातकालीन अभियान चलाया और उसे हेलीकॉप्टर से चंडीगढ़ लाया गया। ये मामला हिमाचल प्रदेश के गांव ढंडेरवारी का है। 85 वर्षीय लकवाग्रस्त महिला को वायु सेना के चीता हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट करके चंडीगढ़ के अस्पताल में भर्ती किया गया। ये रेस्क्यू ऑपरेशन समुद्र तल से 9000 फीट की ऊंचाई पर चलाया गया था। इस दौरान भारी बर्फबारी के कारण विजिबिलटी काफी कम थी। आईएएफ ने इस अभियान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर जारी किया है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हिमाचल प्रदेश में काफी बर्फ गिर रही है। खासकर शिलारू और कोठी में 5 सेंटीमीटर तक की बर्फबारी दर्ज की गई है। वहीं, भारतीय मौसम विभाग ने राज्य में कई जगहों पर बिजली गिरने, तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ बर्फीले तूफान का अलर्ट जारी किया है।

# गुरुग्राम में अंबेडकर चौक पर बनेगा 1 किमी लंबा फ्लाईओवर

## 37 करोड़ की आएगी लागत, डिजाइन तैयार



**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम में अंबेडकर चौक (सेक्टर-45-46-51-52 चौक) पर फ्लाईओवर निर्माण को लेकर टेंडर आमंत्रित करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) अधिकारी के मुताबिक 15 फरवरी तक टेंडर आवंटित कर दिए जाएंगे। टेंडर आवंटन के डेढ़ साल के अंदर यह फ्लाईओवर बनकर तैयार हो जाएगा।

करीब एक किमी लंबाई के इस फ्लाईओवर के निर्माण में करीब 37 करोड़ रुपये की लागत आएगी। मौजूदा समय में इस चौराहे पर ट्रैफिक जाम लगता है। जीएमडीए ने इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाया है, लेकिन यातायात बेहद अधिक होने की वजह से सुबह और शाम के समय इस चौराहे को पार करने में वाहन चालकों को 10 से 15 मिनट तक ट्रैफिक जाम लग जाता है। इस वजह से वाहन चालकों को असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। लोगों की परेशानियों को देखते हुए जीएमडीए ने दो-दो लेन का फ्लाईओवर बनाने की योजना बनाई है। यह फ्लाईओवर गुरुग्राम-सोहना हाईवे की तरफ बनाया जाएगा।

सेक्टर-52 की आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान प्रदीप बोहरा के मुताबिक इस फ्लाईओवर के बनने के बाद इस चौक पर ट्रैफिक जाम नहीं लगेगा। अभी काफी देर तक ट्रैफिक सिग्नल पर इंतजार करना पड़ता है। जीएमडीए के कार्यकारी अभियंता अमित गोदारा के मुताबिक इस फ्लाईओवर के निर्माण का डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। सलाहकार कंपनी की तरफ से टेंडर दस्तावेज तैयार किए जा रहे हैं।

# नोएडा में एलिवेटेड रोड पर कार सवार महिलाओं का पीछा कर किए गंदे इशारे

## ● आरोपियों की करतूत का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया

**नोएडा, एजेंसी।** नोएडा में एलिवेटेड रोड पर शनिवार देर रात परिवार के साथ कार में जा रहीं महिलाओं का कार सवार दो इंजीनियरों ने पीछा कर अश्लील इशारे किए। पीड़ितों ने आरोपियों की करतूत का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इसके बाद पुलिस ने रविवार को दोनों आरोपी युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-18 की ओर से एलिवेटेड रोड पर कार में सवार एक परिवार सेक्टर-61 की ओर जा रहा था। कार में पिछली सीट पर महिलाएं और बच्चे थे। आगे की दोनों सीट पर परिवार के पुरुष थे। सेक्टर-24 थाना क्षेत्र में एलिवेटेड रोड पर कार सवार युवकों ने ओवरटेक करके महिलाओं को अश्लील इशारे करने शुरू कर दिए। परिजनों ने मोबाइल से आरोपियों की करतूत रिकॉर्ड कर ली। आरोपियों के हौसले इतने बुलंद थे कि चलती कार से वीडियो बनते देखने के बाद भी अश्लील इशारे करते रहे। विरोध करने पर अभद्रता करने लगे। पीड़ितों ने इसके वीडियो वायरल कर दिए। हालांकि, 'हिन्दुस्तान' इस वीडियो की पुष्टि नहीं करता।

पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी कार को जब्त कर दिया। आरोपियों की पहचान अमित कुमार और अभिषेक के रूप में हुई। आरोपी एक प्राइवेट कंपनी के में बतौर इंजीनियर काम करते हैं। वे जेवीएस सोसाइटी में किराये पर रहते हैं।



चलती कार से आरोपियों की करतूत की वीडियो बनाने वाले पीड़ित पक्ष का दावा है कि आरोपी शराब के नशे में थे। उन्हें यह भी डर नहीं था कि उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। आरोपियों की इस हरकत को देखकर पीड़ित परिवार भयभीत है। गनीमत रही कि महिलाओं और बच्चों को लेकर जा रहे युवकों ने कार नहीं रोकी।

### एलिवेटेड रोड पर हो सकता था हादसा

वायरल वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि दोनों वाहन तेज गति से एलिवेटेड रोड पर दौड़ रहे हैं। आरोपी युवक बार-बार कार के स्टेयरिंग को छोड़कर हाथ से अश्लील इशारे करता दिखाई दे रहा है। बराबर वाली सीट पर बैठा युवक भी उसे उकसा रहा है। अगर आगे चल रहा कोई वाहन ब्रेक लगा देता तो बड़ा हादसा हो सकता था। 112 नंबर डायल करें। हेल्पलाइन नंबर 1090 भी कॉल कर सकते हैं।

# अगर ऐसा होता तो...; शरद पवार गुट के एनसीपी विलय के दावे पर देवेंद्र फडणवीस

## ● वह मुझसे सारी जानकारी साझा करते थेः देवेंद्र फडणवीस

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन के बाद से राज्य की राजनीति में कयासों का दौर जारी है। शरद पवार गुट की तरफ से लगातार कहा जा रहा है कि अजित पवार दोनों पार्टियों का फिर से विलय करना चाहते थे। हालांकि, उनके इस बयान पर न तो सुनेत्रा पवार और न ही एनसीपी के किसी और नेता ने अभी तक को बयान दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विलय की चर्चा अंतिम चरण में पहुंच गई होती, तो दिवंगत अजित पवार उन्हें इसके बारे में जानकारी जरूर देते। मीडिया से बात करते हुए महाराष्ट्र सीएम ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजित पवार सभी तरह की जानकारी उनके साथ साझा करते थे। फडणवीस ने हालांकि रविवार को कहा कि उन्हें अजित पवार की चाचा शरद पवार के साथ हुई बातचीत की जानकारी नहीं है और उन्हें 12 फरवरी की तारीख के बारे में भी नहीं पता। मुख्यमंत्री ने कहा, क्या राकांपा के विलय की बातचीत हमारी जानकारी के बिना अंतिम रूप ले सकती है? हमें 12 फरवरी की उस तारीख की



जानकारी नहीं है, जिसे विलय की औपचारिक घोषणा की तारीख बताया जा रहा है। फैसले खुद लेती है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सहयोगी होने के नाते, उससे आगे बढ़ने से पहले भाजपा से परामर्श करने की उम्मीद की जाती है। भाजपा द्वारा राकांपा के दोनों गुटों के विलय का विरोध किए जाने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर फडणवीस ने कहा कि उनकी पार्टी ने किसी का विरोध नहीं किया है। फडणवीस ने कहा, अगर अजित पवार विलय पर काम कर रहे थे, तो क्या वह भाजपा को विश्वास में लिए बिना ऐसा करते? क्या वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) छोड़ने की तैयारी कर रहे थे, जहां वह स्थिर थे? वह मुझसे सभी जानकारी साझा करते थे। गौरतलब है कि महाराष्ट्र सीएम का यह बयान ऐसे समय में सामने आया है जब कि एनसीपी शरद गुट के प्रमुख शरद पवार ने शनिवार को कहा कि उनके भतीजे एवं राकांपा नेता अजित पवार ने दोनों गुटों के बीच विलय की घोषणा के लिए 12 फरवरी की तारीख तय कर ली थी, लेकिन अब उनकी (अजित पवार) मौत के कारण विलय की प्रक्रिया में बाधा आ सकती है। इसके बाद अजित पवार और शरद पवार के बीच 17 जनवरी को हुई बैठक का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। शरद गुट की तरफ से जारी बयानबाजी के बीच एनसीपी विधायक दल ने अजित की पत्नी सुनेत्रा को अपना नेता चुन लिया।

### दिल्ली पहुंच गए राजग विधायक; जल्द बन सकती है नई सरकार

**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर के 20 से अधिक भाजपा विधायक पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के साथ बैठक में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं। इन विधायकों के साथ पार्टी की प्रदेश इकाई की अध्यक्ष भी हैं। बीजेपी की मणिपुर इकाई की अध्यक्ष अधिकारीमयूम शारदा देवी ने इंफाल हवाई अड्डे पर पत्रकारों से कहा, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सभी विधायकों को बुलाया गया है। हमें उम्मीद और विश्वास है कि जनता की सरकार बनेगी। पूर्व मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा, चूंकि राजग सहयोगी दलों के सभी विधायकों को बैठक के लिए आमंत्रित किया जा रहा है, इसलिए मुझे सकारात्मक परिणाम की उम्मीद है। इससे पहले भाजपा के सभी विधायकों की बैठक हुई थी। राष्ट्रपति शासन की अवधि 12 फरवरी को समाप्त होने वाली है। सकारात्मक पहल की उम्मीद है। जब सिंह से पूछा गया कि अगर वह सत्ता में होते तो क्या हालात अलग होते, इस पर उन्होंने कहा, सरकार एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। मैंने मणिपुर में हालात बदलने की पूरी कोशिश की। पहाड़ी और घाटी दोनों इलाकों में काफी बदलाव हुए हैं। लामसांग निर्वाचन क्षेत्र के विधायक एस राजन सिंह ने कहा, सरकार बनने की संभावना है। हालांकि, राज्य की स्थिति का जायजा लेने के बाद केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नेता का चयन किया जाएगा। बैठक सोमवार शाम को होने की संभावना है। विधायक एच डिंगो ने बताया कि बैठक सोमवार शाम को है, लेकिन बैठक का एजेंडा अभी घोषित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, हमें बस इतना बताया गया है कि आज ही दिल्ली पहुंच जाएं।

# खुलासा : गाजियाबाद में एक मोबाइल नंबर और फर्जी पतों पर बना दिए 22 पासपोर्ट

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के मोदीनगर में एक ही मोबाइल नंबर पर 22 पासपोर्ट जारी करने का मामला सामने आया है। सभी पासपोर्ट फर्जी दस्तावेज लगाकर बनवाए गए थे। पुलिस ने 25 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर रविवार को एक महिला समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए लोगों में एक डाकिया भी शामिल है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गई हैं।



दिल्ली के रीजनल पासपोर्ट अधिकारियों ने गाजियाबाद के भोजपुर थाने को 22 पासपोर्ट के पतों की जांच कराने के लिए 11 दिसंबर 2025 को पत्र लिखा था। इन सभी पासपोर्ट में भोजपुर और त्योड़ी गांव का पता लिखा है। यह भी बताया गया कि सभी पासपोर्ट में एक ही मोबाइल नंबर दर्ज हैं। जांच में पता चला कि इन पतों पर एक भी पासपोर्ट धारक व्यक्ति नहीं रहता है और सभी पते फर्जी हैं। पुलिस ने इस मामले में दिल्ली निवासी विवेक गांधी, प्रकाश सुब्बा और मेरठ निवासी डाकिया अरुण कुमार को गिरफ्तार किया। फर्जी दस्तावेज लगाकर पासपोर्ट बनवाने अमनदीप सिंह और महिला सावंत कौर की भी गिरफ्तारी हुई। पुलिस को डाकिये अरुण कुमार ने बताया कि पांच माह पहले उसके पास दो युवक आए और उन्होंने अपना नाम विवेक गांधी और प्रकाश सुब्बा बताया। उन्होंने कहा, आपके पास भोजपुर और त्योड़ी के पते पर कुछ पासपोर्ट आएंगे, उनको वहां पर नहीं ले जाना। सभी पासपोर्ट हमें दे देना। प्रत्येक पासपोर्ट के एवज में दो हजार रुपये देने की बात तय हुई। रुपये के लालच में डाकिया ने सभी पासपोर्ट उन्हें दे दिए। ये सभी पासपोर्ट फर्जी दस्तावेजों से बनवाए गए थे। पासपोर्ट बनने से पहले सत्यापन के लिए इसे पुलिस के पास ऑनलाइन भेजा जाता है। स्थानीय पुलिसकर्मी जांच कर इसकी रिपोर्ट टैब के जरिये पासपोर्ट कार्यालय को भेजते हैं। भोजपुर पुलिस ने भी सभी पासपोर्ट की जांच कर भेज दी, जबकि गांव भोजपुर और त्योड़ी में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं है। ऐसे में पुलिसकर्मियों के मिलीभगत की आशंका जताई जा रही। जिनके नाम से पासपोर्ट बने, उनके कनाडा जाने का अंदेशा है। पुलिस उनका पता लगाने में जुटी है। फर्जी दस्तावेज लगाकर पासपोर्ट बनाने के मामले में भोजपुर पुलिस की लापरवाही भी सामने आई है। बीट दरोगा और सिपाही मौके पर जाकर सत्यापन करते तो पासपोर्ट नहीं बनते। एक दरोगा और दो सिपाही भी इस मामले में जांच के दायरे में आ रहे। जानकारों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है कि दरोगा और कांस्टेबल ने मौके पर जाकर सत्यापन नहीं किया।

# तिरुपति घी मिलावट मामले में बड़ा एक्शन, टीटीडी ईओ अनिल सिंघल का तबादला

**तिरुपति, एजेंसी।** तिरुपति में कथित मिलावटी घी मामले में एसआइटी द्वारा आरोप पत्र दाखिल किए जाने के एक सप्ताह बाद तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) अनिल कुमार सिंघल का तबादला कर दिया गया है।



1993 बैच के आइएएस अधिकारी सिंघल, जिन्होंने मई 2017 से अक्टूबर 2020 के दौरान वाइएसआर सीपी सरकार के कार्यकाल में भी ईओ के रूप में सेवा दी थी को सामान्य प्रशासन विभाग को रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है।

रविवार को जारी आदेश के अनुसार, उनकी जगह मुद्दादा रविचंद्र को टीटीडी का नया कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। एसआइटी के आरोप पत्र के अनुसार, अप्रैल 2019 में तत्कालीन ईओ की मंजूरी से टीटीडी अधिकारियों और बाहरी डेरी विशेषज्ञों की एक समिति बनाई गई थी, जिसने घी निविदा की कुछ शर्तों में बदलाव की सिफारिश की। इसके बाद टीटीडी बोर्ड ने 29 फरवरी 2020 को इन सिफारिशों को मंजूरी दी। जांच में यह सामने आया कि शर्तों में ढील के कारण किसी सहकारी डेरी को निविदा नहीं मिली और ठेका केवल निजी डेरी को दिया गया, जिससे लड्डू प्रसाद के लिए खरीदे गए घी की गुणवत्ता प्रभावित हुई।

# रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में किया पेश

## 4 दिनों की मिली रिमांड

**मुंबई, एजेंसी।** फिल्म निर्देशक रोहित शेट्टी के घर के बाहर हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। मुंबई पुलिस ने इन आरोपियों को क्रिमिनल कोर्ट में पेश किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपियों को चार दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

पुणे पुलिस ने बॉलीवुड डायरेक्टर रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग की घटना के सिलसिले में पांच लोगों- अमन आनंद, आदित्य ज्ञानेश्वर, सिद्धार्थ दीपक, समर्थ और स्वप्निल को हिरासत में लिया है। जिसे देर रात क्रिमिनल कोर्ट में पेश किया गया।

### बिश्नोई गैंग से कोई लेना-देना नहीं है

आरोपी के वकील अजय दुबे ने कहा, पुलिस ने कोर्ट से कस्टडी मांगी और कहा कि फायरिंग की घटना में उनका हाथ था। आरोपियों को नहीं पता कि क्या हुआ है। वांटेड आरोपी लोंकर मास्टरमाइंड के संपर्क में था। गोली किसी और ने चलाई थी।

गिरफ्तार आरोपी एक-दूसरे से जुड़े नहीं हैं, उन्हें ष्टष्टञ्जङ्क फुटेज देखकर गिरफ्तार किया गया है। हम सहयोग करने के लिए तैयार हैं। सभी दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने चार दिन की पुलिस कस्टडी दी है। आरोपियों का लॉरेंस बिश्नोई गैंग से कोई लेना-देना नहीं है।



**पांच राउंड हुई फायरिंग:** पुलिस के मुताबिक, हमलावरों ने मुंबई के जुहू इलाके में नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर शनिवार की रात करीब 12.45 बजे गोलीबारी की। कम से कम पांच राउंड गोलियां चलाई गईं, जिसमें से एक गोली इमारत के अंदर मौजूद एक जिम के शीशे के सामने वाले हिस्से पर लगी। घटना के बाद रोहित शेट्टी के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी:** गैंग ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए हमले की जिम्मेदारी ली। इसके बाद, आरजू बिश्नोई नाम के एक कथित गैंगस्टर ने एक ऑडियो मैसेज जारी किया, जिसमें उसने कथित तौर पर हमले की जिम्मेदारी ली। ऑडियो क्लिप में, बोलने वाले ने खुद को अर्जू बिश्नोई बताते हुए और अपने साथियों शुभम लोंकर और हरि बॉक्सर का जिक्र करते हुए कहा कि शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग के पीछे वे ही थे।

# स्किल डेवलपमेंट घोटाले में चंद्रबाबू नायडू की कोई भूमिका नहीं

**विशाखापट्टणम, एजेंसी।** ईडी ने आंध्र प्रदेश राज्य कौशल विकास निगम (एपीएसएसडीसी) के सिमेन्स प्रोजेक्ट मामले में एक नई चार्जशीट दाखिल की है। इसमें कहा गया है कि कुछ आरोपितों ने सरकारी धन की हेराफेरी की, लेकिन, घोटाले की रकम की मनी लांड्रिंग करने में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की कोई भूमिका नहीं पाई गई।

चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी केंद्र में मोदी सरकार-नेतृत्व वाली राजग की एक सहयोगी पार्टी है। वाइएसआरसीपी के नेतृत्व वाली पिछली आंध्र प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी ने सितंबर, 2023 में इस मामले में चंद्रबाबू नायडू को गिरफ्तार किया था। उन पर आरोप लगाया गया था कि योजना में अनियमितताओं के कारण राज्य के खजाने को 300 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। नायडू ने राजमहेंद्रवरम केंद्रीय जेल में 50 से अधिक दिन बिताए, इसके बाद आंध्र हाई कोर्ट ने 31 अक्टूबर, 2023 को उन्हें जमानत दी। विजयवाड़ा की एक स्थानीय अदालत ने हाल ही में इस मामले में राज्य सीआइडी द्वारा दाखिल की गई बंद रिपोर्ट को स्वीकार किया और नायडू के खिलाफ जांच को बंद कर दिया।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि ईडी का मामला सीआइडी एफआइआर पर आधारित है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## आर्थिक समीक्षा के दावों पर उठते असहज सवाल

देश में सबसे निचले तबके की पांच से दस फीसद आबादी के उपभोग व्यय में तेज वृद्धि दर्ज की गई है। यानी इस वर्ग के लोग अपनी जरूरत के लिए विभिन्न वस्तुओं की खरीद पर अब ज्यादा खर्च करने लगे हैं। यह इस बात का संकेत है कि गरीबों की माली हालत में सुधार हुआ है। संसद में पेश की गई आर्थिक समीक्षा रपट में गरीबी का दायरा कम होने की यह तस्वीर उकेरी गई है। इसमें कहा गया है कि सरकार के सबसिडी, पेंशन, प्रत्यक्ष लाभ अंतरण और शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा पर सार्वजनिक व्यय को प्राथमिकता जैसे कदमों के परिणामस्वरूप कमजोर वर्ग अभाव से उबरे हैं।यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में तस्वीर बदली है। मगर सवाल है कि गरीबी से उबरने का आकलन करने के पैमाने क्या हैं? क्या इस प्रक्रिया में सिर्फ वस्तुओं की खरीद पर खर्च बढ़ने को आधार बनाना काफी है? समीक्षा में आंकड़ों के आधार पर कहा गया है कि देश में उपभोग असमानता में कमी आई है, मगर क्या वास्तव में इसे गरीबी कम होने का सूचक माना जा सकता है? आर्थिक समीक्षा रपट के अनुसार, वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच समाज के सबसे निचले वर्ग के प्रति व्यक्ति औसत मासिक व्यय में वृद्धि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में देखी गई है। तर्क दिया गया है कि सरकारी नीतियों का आय वितरण पर महत्त्वपूर्ण असर हुआ है, जिससे गरीब तबके की खर्च करने की क्षमता बढ़ी है। मगर इस बात पर भी गंभीरता से विचार करने की जरूरत है कि जिसे 'व्यय की क्षमता' बढ़ने के रूप में देखा जा रहा है, उसका आधार क्या है। इसमें दोराय नहीं कि सामान्य तौर पर किसी भी परिवार के खर्च करने की क्षमता में तभी इजाफा होता है, जब उसकी आमदनी में बढ़ोतरी होती है। इसके बिना अगर गरीब परिवारों का वस्तुओं की खरीद पर व्यय बढ़ रहा है, तो यह महंगाई और मजबूरी से उपजी परिस्थितियों का नतीजा भी हो सकता है। जाहिर है, जैसे-जैसे महंगाई बढ़ती है, वैसे-वैसे रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर हर किसी को ज्यादा खर्च करना पड़ता है। आमदनी बेहद कम होने और किसी वस्तु की अत्यधिक जरूरत पड़ने पर गरीब परिवार बैंक या साहूकार से कर्ज लेकर भी खर्च करते हैं। इस सूरत में ऐसे परिवारों के व्यय में बढ़ोतरी होना स्वाभाविक है, पर क्या इसे यह मान लिया जाए कि वे गरीबी से उबर गए हैं!

*अंतरिक्ष में विकिरण से चिप को बचाने की तकनीक महंगी है और इससे प्रदर्शन घटता है। उपग्रह खराब होने पर मरम्मत असंभव होती है और नया उपग्रह भेजना पड़ता है, जिससे अंतरिक्ष मलबे की समस्या बढ़ती है। इसके बावजूद अमेरिका और चीन दोनों ही इसे भविष्य की अनिवार्यता मानते हुए पूरी ताकत झोंक चुके हैं। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि जो देश अंतरिक्ष में एआई पर कब्जा करेगा।*

## स्पेस में एआई डाटा सेंटर स्थापित करेगा चीन, ड्रैगन की नजर आकाश पर

**(नीरज कुमार दुबे)**

कम्प्यूटिंग पावर, भंडारण क्षमता और कम्यूनिकेशन बैंडविड्थ को गहराई से जोड़ा जाएगा ताकि पृथ्वी से एकत्र आंकड़ों का प्रसंस्करण सीधे अंतरिक्ष में हो सके। इस पहल का उद्देश्य यह है कि ऊर्जा खपत और कूलिंग जैसी समस्याओं से जूझ रहे धरती आधारित आंकड़ा केंद्रों का बोझ अंतरिक्ष में स्थानांतरित किया जाए। चीन ने अगले पांच वर्षों में अंतरिक्ष आधारित कृत्रिम बुद्धि आंकड़ा केंद्र यानि एआई डाटा सेंटर स्थापित करने की योजना की घोषणा कर पूरी दुनिया में खलबली मचा दी है। धरती पर सामरिक बढ़त हासिल करने के बाद अब चीन की नजर आकाश में अपनी ताकत का विस्तार करने पर है ताकि उसे कहीं से भी कोई चुनौती नहीं दे सके। हम आपको बता दें कि चीनी अंतरिक्ष कंपनी चीन एयरोस्पेस साइंस एंड टेक्नोलोजी कॉरपोरेशन ने संकल्प लिया है कि वह गीगावाट श्रेणी की अंतरिक्ष डिजिटल बुद्धि अवसंरचना यानि स्पेस डिजिटल इंटेलिजेंस इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा करेगा। यह योजना चीन के अगले पंचवर्षीय विकास कार्यक्रम का अहम स्तंभ मानी जा रही है। चीन के सरकारी माध्यमों के मुताबिक इन अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्रों में क्लाउड कम्प्यूटिंग, एज़ कम्प्यूटिंग और उपकरण स्तर की क्षमताओं का एकीकरण होगा। कम्प्यूटिंग पावर, भंडारण क्षमता और कम्यूनिकेशन बैंडविड्थ को गहराई से जोड़ा जाएगा ताकि पृथ्वी से एकत्र आंकड़ों का प्रसंस्करण सीधे अंतरिक्ष में हो सके। इस पहल का उद्देश्य यह है कि ऊर्जा खपत और कूलिंग जैसी समस्याओं से जूझ रहे धरती आधारित आंकड़ा केंद्रों का बोझ अंतरिक्ष में स्थानांतरित किया जाए। इसी सिलसिले में चीन की निजी कंपनी एडीए स्पेस ने पिछले साल मई में 12 उपग्रह प्रक्षेपित किए थे जिनमें उच्च क्षमता वाले एआई चिप लगे हैं। इन उपग्रहों में प्रत्येक 744 ट्रिलियन गणनाएं प्रति सेकंड करने में सक्षम है। नवंबर महीने से इन उपग्रहों पर एक प्रमुख चीनी एआई मॉडल का संचालन किया जा रहा है और दो मिनट से भी कम समय में अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्र से उत्तर प्राप्त हो रहा है। चीन की सरकारी समाचार एजेंसी ने इसे आकाश में गणना का युग आरंभ होने की घोषणा बताया है। उधर, अमेरिका भी पीछे नहीं है। अमेरिकी निजी अंतरिक्ष कंपनियां खासकर एलन मस्क की स्पेस एक्स और अन्य तकनीकी दिग्गज अंतरिक्ष आधारित आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कम्प्यूटिंग को भविष्य की सफलता का स्वाभाविक मार्ग मान रहे हैं। अमेरिका की एक अंतरिक्ष कंपनी ने हाल ही में एक उपग्रह पर एआई के सफल संचालन का दावा किया, हालांकि चीन का कहना है कि उसने अकेले उपग्रह की बजाय 12 उपग्रहों वाला व्यावहारिक अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्र स्थापित कर तकनीकी बढ़त बना ली है। चीन का लक्ष्य 2800 उपग्रहों वाला विशाल स्पेस कम्प्यूटिंग नेटवर्क खड़ा करना है जो वर्ष 2035 तक पूर्ण होगा। इस परियोजना को सरकारी संरक्षण प्राप्त है क्योंकि चीन ने अंतरिक्ष को अपनी पंद्रहवीं पंचवर्षीय योजना में रणनीतिक प्राथमिकता घोषित किया है। उधर, समानांतर रूप से अमेरिका में भी उच्च क्षमता वाले एआई चिप, निजी पूंजी और रियूजेबल रॉकेटों के बल पर अंतरिक्ष आंकड़ा केंद्रों की दिशा में तेज प्रगति हो रही है। हालांकि चुनौतियां भी कम नहीं हैं। अंतरिक्ष में विकिरण से चिप को बचाने की तकनीक महंगी है और इससे प्रदर्शन घटता है। उपग्रह खराब होने पर मरम्मत असंभव होती है और नया उपग्रह भेजना पड़ता है, जिससे अंतरिक्ष मलबे की समस्या बढ़ती है। इसके बावजूद अमेरिका और चीन दोनों ही इसे भविष्य की अनिवार्यता मानते हुए पूरी ताकत झोंक चुके हैं। देखा जाये तो इसमें कोई दो राय नहीं कि जो देश अंतरिक्ष में एआई पर कब्जा करेगा, वही धरती पर अर्थव्यवस्था, युद्ध और सूचना का नियंत्रण संभालेगा। चीन ने इस सच्चाई को समय रहते पहचान लिया है और अब वह सीधे आकाश में सत्ता का आधार खड़ा कर रहा है। धरती पर आंकड़ा केंद्र अब गले का फंदा बन चुके हैं। जमीन चाहिए, पानी चाहिए, बिजली चाहिए और ठंडक चाहिए। कृत्रिम बुद्धि जितनी तेज गति से बढ़ रही है, उतनी ही तेजी से उसके लिए जरूरी संसाधन खत्म हो रहे हैं। अंतरिक्ष इस समस्या का स्वाभाविक समाधान है। वहां चौबीस घंटे सूर्य ऊर्जा है, ताप प्रबंधन स्वाभाविक है और विस्तार की कोई सीमा नहीं। यही कारण है कि चीन और अमेरिका दोनों इसे भविष्य का कम लागत वाला मार्ग बता रहे हैं। लेकिन यह केवल लागत का सवाल नहीं है। यह सामरिक प्रभुत्व का प्रश्न है। अंतरिक्ष में स्थापित एआई केंद्र केवल नागरिक उपयोग तक सीमित नहीं रहेंगे। वही केंद्र जासूसी उपग्रहों के आंकड़े संसाधित करेंगे, वही मिसाइल चेतावनी तंत्र को संचालित करेंगे और वही साइबर युद्ध का मस्तिष्क बनेंगे। जिसने अंतरिक्ष में कम्प्यूटिंग पर कब्जा किया, वह युद्धभूमि में निर्णय की गति पर कब्जा करेगा। चीन की रणनीति स्पष्ट है। वह केवल तकनीक नहीं बना रहा, वह पूरी पीढ़ी तैयार कर रहा है। इंटरस्टैलर नेविगेशन स्कूल की स्थापना इस बात का संकेत है कि चीन अब केवल निकट पृथ्वी कक्षा तक सीमित नहीं रहना चाहता। वह गहरे अंतरिक्ष में छलांग लगाने की तैयारी कर रहा है। अगले दस से बीस वर्ष चीन के लिए अहम हैं और वह इसे व्यर्थ जाने नहीं देगा। उधर, अमेरिका की ताकत उसकी निजी कंपनियां हैं। रियूजेबल रॉकेटों ने प्रक्षेपण लागत को जमीन पर ला दिया है और यही उसकी सबसे बड़ी सामरिक बढ़त है। लेकिन चीन इस कमी को तेजी से पाट रहा है। उसके प्रक्षेपण आंकड़े बता रहे हैं कि वह संख्या और गति दोनों में आक्रामक हो चुका है। अंतरिक्ष आधारित एआई का यह युद्ध शीत युद्ध की याद दिलाता है। फर्क बस इतना है कि अब झंडा चांद पर गाड़ने की जगह कम्प्यूटिंग शक्ति आकाश में तैनात की जा रही है। प्रचार, दावे और प्रतिदावे तेज होंगे, लेकिन अंततः जीत उसी की होगी जो इसे सैन्य, आर्थिक और औद्योगिक ढांचे से जोड़ेगा। बहरहाल, भारत सहित शेष विश्व के लिए यह चेतावनी है। जो देश इस दौड़ में पीछे रहेंगे, वे केवल उपभोक्ता बनकर रह जाएंगे। अंतरिक्ष में कम्प्यूटिंग का युग शुरू हो चुका है और यह युग केवल तकनीक नहीं, सत्ता का नया व्याकरण लिखेगा। जो इसे समझेगा वही बचेगा, जो चूका वह इतिहास बनेगा। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि अंतरिक्ष अब केवल खोज और संचार का क्षेत्र नहीं रहा। वह कृत्रिम बुद्धि, ऊर्जा, अर्थव्यवस्था और सैन्य प्रभुत्व का नया रणक्षेत्र बन चुका है।

**(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)**

## 6.8 से 7.2 फीसदी की ग्रोथ, लेकिन राह आसान नहीं

हर साल संसद में पेश होने वाली आर्थिक समीक्षा आमतौर पर इस बात का ब्योरा होती है कि पिछले बजट में देश की अर्थव्यवस्था और अन्य मोर्चे पर सुधार के लिए जो वादे किए गए थे, वे किस हद तक पूरे किए जा सके। यह इसका भी संकेत होता है कि अगले वित्त वर्ष में सरकार के आर्थिक फैसलों में किन मसलों को प्राथमिकता मिल सकती है। इस लिहाज से देखें, तो वित्त मंत्री ने जो आर्थिक समीक्षा पेश की है, वह देश की परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खड़ी हो रही आर्थिक चुनौतियों के बीच उम्मीद जगाती है, लेकिन यह आने वाले वक्त के जोखिमों के प्रति आगाह भी करती है। समीक्षा में वित्त वर्ष 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 6.8 फीसद से 7.2 फीसद के बीच रहने का अनुमान जताया गया है। विदेशी पूंजी प्रवाह में कमी के कारण रुपए पर प्रतिकूल असर और बीते वर्ष भारतीय मुद्रा में कमजोरी के बावजूद यह अनुमान अर्थव्यवस्था में स्थिरता का संकेत देता है। हालांकि समीक्षा में विकसित भारत और वैश्विक प्रभाव का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से मजबूत और स्थिर मुद्रा को एक स्वाभाविक जरूरत बताने के समांतर रुपए के मूल्य में गिरावट को हानिकारक नहीं माना गया, क्योंकि यह भारतीय वस्तुओं पर अमेरिकी शुल्क में इजाफे के असर को कुछ हद तक कम करता है। दूसरी ओर, यूरोप के साथ मुक्त व्यापार समझौते को लेकर यह उम्मीद जताई गई है कि यह भारत की विनिर्माण प्रतिस्पर्धात्मक, निर्यात और रणनीतिक क्षमता को मजबूत करेगा। समीक्षा के मुताबिक, अनिश्चित वैश्विक माहौल में भारत को घरेलू वृद्धि को प्राथमिकता देने की जरूरत है और इसके लिए वित्तीय सुरक्षा उपायों और नकदी पर ज्यादा जोर देना चाहिए।

## माखनलाल जी ने देखा था पत्रकारिता विश्वविद्यालय का सपना

**(प्रो. संजय द्विवेदी)**

माखनलाल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, लेखक, पत्रकार, संपादक, स्वतंत्रता सेनानी अनेक भूमिकाओं में सामने आते हैं। वे अप्रतिम वक्ता भी थे। इसलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उनके बारे में कहा-हम सब लोग तो बात करते हैं, बोलना (भाषण) तो माखनलाल जी ही जानते हैं। जनसंचार और पत्रकारिता की शिक्षा आज एक विशिष्ट अनुशासन बन चुकी है। देश में पत्रकारिता और जनसंचार शिक्षा पर केंद्रित चार विश्वविद्यालय कार्यरत हैं, लेकिन हमें यह जानना चाहिए कि पं. माखनलाल चतुर्वेदी ने ही सबसे पहले पत्रकारिता विद्यापीठ (विश्वविद्यालय) का सपना देखा था। उन्होंने भरतपुर(राजस्थान) में 1927 में आयोजित संपादक सम्मेलन में कहा था-हिंदी समाचार पत्रों में कार्यालय में योग्य व्यक्तियों के प्रवेश कराने के लिए, एक पाठशाला आजकल के नए नामों की बाढ़ में से कोई शब्द चुनिए तो कहिए कि एक संपादन कला के विद्यापीठ की आवश्यक्ता है। ऐसी विद्यापीठ किसी योग्य स्थान पर बुद्धिमान, परिश्रमी, अनुभवी, संपादक-शिक्षकों द्वारा संचालित होना चाहिए। उक्त पीठ में अन्यान्य विषयों का एक प्रकांड ग्रंथ संग्रहालय होना चाहिए। यह संयोग ही है कि उनके इस स्वप्न को 1990 में मध्यप्रदेश सरकार ने साकार करते हुए उनके नाम पर ही भोपाल में पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना की। बाद के दिनों में रायपुर में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय और जयपुर में हरिदेव जोशी पत्रकारिता विश्वविद्यालय की स्थापना हुई। इसके साथ ही दो साल पूर्व भारतीय जन संचार संस्थान (आईआईएमसी) को भी डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा मिल चुका है। यह बात बताती है कि हमारे पुरखे किस तरह अपनी विधा को अकादमिक रुप से स्थापित होते देखना चाहते थे। माखनलाल जी का व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे कवि, लेखक, पत्रकार, संपादक, स्वतंत्रता सेनानी अनेक भूमिकाओं में सामने आते हैं। वे अप्रतिम वक्ता भी थे। इसलिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उनके बारे में कहा-हम सब लोग तो बात करते हैं, बोलना (भाषण) तो माखनलाल जी ही जानते हैं। इतना ही नहीं राष्ट्रपिता ने कहा- मैं बाबई जैसे छोटे स्थान पर इसलिए जा रहा हूं क्योंकि वह माखनलालजी का जन्मस्थान है। जिस भूमि ने माखनलालजी को जन्म दिया, उसी भूमि को मैं सम्मान देना चाहता हूं। यह संयोग ही है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और माखनलाल जी पुण्यतिथि एक ही दिन 30 जनवरी को मनाई जाती है। चर्चित शायर श्री फिराक गोरखपुरी भी माखनलाल जी कलम के प्रशंसक थे। उनका कहना था कि-उनके लेखों को पढ़ने से ऐसा मालूम होता था कि आदि-शक्ति शब्दों के रूप में अवतरित हो रही है या गंगा स्वर्ग से उतर रही है। यह शैली हिंदी में ही नहीं, भारत की दूसरी भाषाओं में भी विरले ही लोगों को नसीब हुई है। मुझ जैसे हजारों लोंगो ने अपनी भाषा और लिखने की कला माखनलाल जी से ही सीखी। पं. माखनलाल चतुर्वेदी के संपादन में निकला 'कर्मवीर' एक ऐसा पत्र है, जिसकी धमक हम आज भी महसूस करते हैं। हिंदी पत्रकारिता के क्षेत्र में 'कर्मवीर' एक ऐसा नाम है, जिसे छोड़कर भारतीय पत्रकारिता का समग्र मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। इसी तरह उसके संपादक पं. माखनलाल चतुर्वेदी और उनकी संपूर्ण जीवनयात्रा, आत्मसमर्पण के खिलाफ लड़ने वाले संपादक की यात्रा है।

## सुडोकू पहेली

क्रमांक- 5992

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5991

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## वर्ग पहेली 5992

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | 4 | | 5 |
| | ■ | | ■ | 6 | | ■ | |
| 7 | 8 | | | ■ | 9 | 10 | ■ |
| ■ | 11 | | ■ | 12 | | | 13 |
| 14 | | ■ | 15 | | ■ | 16 | |
| ■ | 17 | | | ■ | ■ | 18 | |
| 19 | | ■ | 20 | | 21 | | ■ |
| | ■ | 22 | | ■ | | ■ | 23 |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 8 जून 1936 इंडियन स्टेट ब्राउकास्टिंग सर्विस का नाम बदलकर यह रख दिया गया (8)
8. टेढ़ापन, दोष, कुटिल (2)
7. इस्लामी नवां महिना जिसमें मुस्लिम दिनभर रोजा रखते है (4)
9. वज्र, बिजली (2)
11. मैं का बहुवचन (2)
12. सर्वश्रेष्ठ होने या वरीय होने का भाव (4)
14. आकाश, जल, वायु (2)
15. ईश्वर का एक नाम हजरत मुहम्मद के दामाद और चौथे खलीफा (2)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
17. पूजा करने वाला, भक्त (3)
18. रात्रि, रात, यामिनी (2)
19. पूरा, पूरी तरह भरा हुआ (2)
20. जिसे उर्दू में कुर्बानी कहा जाता है (4)
22. विवाह के समय वर को पहनाया जाने वाला ताड़पत्र (2)
23. शास्त्रीय संगीत में षड्जस्वर, सादृश्य (1)

**ऊपर से नीचे**

1. विश्व सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड (3)
2. प्रबंध, व्यवस्था (4)
3. तिब्बत और मध्य एशिया में होने वाला एक जंगली भैसा (2)
4. रूपए के मूल्य के छोटे-छोटे सिक्के (4)
5. जोड़, मिलाप, संबंध, लगाव (2)
8. अधिक महत्व का (5)
10. आरके बैनर की फिल्म बरसात से अपना सरगीम सफर शुरू करने वाली संगीतकार जोड़ी में से एक (5)
12. उत्तराधिकारी, महात्मा, ऋषि (2)
13. जलाशय, सरोवर (3)
15. यशस्वी मुगल सम्राट जिसने दीन-ए-इलाही धर्म चलाया (3)
16. गढ़, कोट, दुर्ग (2)
19. अर्चना, पूजन, वंदना (2)
21. हक या स्वामित्व (2)

### वर्ग पहेली 5991 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हे | श | भू | प | ति | ■ | डै |
| त | ल | ब | ■ | थि | र | क | ना |
| ग | न | ■ | ■ | क | प | ट | ■ |
| ण | ■ | ना | ना | ■ | ■ | नी | म |
| ना | म | ज | द | गी | ■ | ■ | ह |
| ■ | म | नी | ■ | ता | ल | मे | ल |
| सं | ता | न | ■ | द | ■ | म | ■ |
| ज्ञा | ■ | ■ | द | त | ■ | ना | रा |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आपके अन्दर भोग विलास के भावना को बढ़ायेगा। आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे, यदि आप व्यापार कर रहे हैं तो आपके व्यापार में आज कुछ नए परिवर्तन होंगे जिससे आगे चलकर आपको लाभ होगा। सायंकाल से लेकर रात्रि तक आप अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहें। आप धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करेंगे।

### वृष

आज का दिनआपके जीवन विघ्न बाधाएं उत्पन्न करेगा। सांसारिक सुख भोग और नौकर चाकरों से असहयोग से परेशानी रहेगी। परिवार की तरफ से भी वांछित समाचार मिलने के संकेत नहीं है।करियर से जुड़ी यात्रा का भी संयोग बन रहे है। यह यात्रा आगे चलकर आपके लिए लाभकारी साबित होगी। आपको जीवनसाथी का भी पूरा सहयोग मिलेगा।

### मिथुन

आज का दिन राज्य विजय कारक है। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आयेंगे जो कि चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे।शिक्षा और संतान से जुड़ा सुख कल के दिन आपके दिन को प्रसन्नता से भर देगा।

### तुला

आज आप में अपने कार्य के प्रति लगन रहेगी एवं रुके हुए कार्य पूर्ण होंगे। आप नए-नए कार्यों में विनियोग करेंगे। आपके परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। सायंकाल के समय वाहन खराब होने से अकस्मात् खर्चा बढ़ेगा। आप इस समय में धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से आप परेशान हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज अधिक परिश्रम करने के कारण स्वास्थ्य कुछ नरम रहेगा। राज्य और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते हैं तो आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ेगा। सब लोग आपके साहस और पराक्रम की प्रशंसा करेंगे।प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को भी कल के दिन कोई खुशखबरी मिल सकती है।

### धनु

आज आप अधिकांश क्रियाकलापों में लिप्त रहेंगे। इस समय में अध्यात्म से तत्व ज्ञान की वृद्धि होगी। सायंकाल से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपकी बुद्धि विवेक, नए-नए कार्यों की खोज करने में लगेगी। आप दूसरों की कमियां ढूंढना छोड़ दें तो आज आपकी शान में चार चांद लग सकता है।ससुराल पक्ष से भी आपको सहयोग मिलेगा।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है। आपकी रुचि आध्यात्मिक, आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम ऊंचा होगा। बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्य में सफलता मिलेगी। सायंकाल का समय गाने बजाने संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा।घर-परिवार में भाईयों से सहयोग प्राप्त होगा।

### सिंह

आज का दिन चिंता की निवृत्ति कारक है। मानसिक अशांति खिन्नता एवं उदासीनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपका प्रमोशन होने वाली है तो अवश्य प्राप्त होगा। जिससे आप अपनी वाक्पटुता से शीघ्र ही दूर कर लेंगे। दूसरे व्यक्तियों व आगन्तुकों को अपनी ओर आकर्षित करने में सायंकाल तक आप कामयाब हो जाएंगे।

### कन्या

आज का दिन धर्म अध्यात्म में वृद्धि करेगा। दिन का कुछ समय सामाजिक क्रियाकलापों में भी लगेगा। आपके भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। यदि आप अपने मन की बात को शीघ्र दूसरों से उजागर न करें तो रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

### मकर

आज का दिन मिश्रित फल कारक है। तृतीय भाव में मंगल होने के कारण आपको पेट एवं वायु से संबंधित कष्ट होने की संभावना रहेगी। ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आयेंगे जो आपकी खिन्नता को बढ़ा देंगे। सायंकाल के समय कोई खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ेगा। रात्रि के समय किसी मांगलिक समारोह में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त होगा। सुख और साधन की वस्तुओं की प्राप्ति होगी।

### कुंभ

आज आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ करायेगा। यदि आपका कोई विवाद राज्य में या समाज में लंबित हो तो उनमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना रहेगी। धन का लाभ होगा। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक का समय ईश्वर भक्ति, तप, यज्ञ, पुण्य कार्यों में लगेगा।कल के दिन खास तौर पर वस्त्रों और गिफ्ट आइटम से जुड़ा कार्य करने वाले लोगों की आय बढ़ेगी। इसके साथ ही करियर से जुड़ी यात्रा का भी संयोग बन रहे है।

### मीन

आज आपको बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त कराएगा। अपनी शान शौकत के लिए धन का व्यय करेंगे, गरीबों की सहायता और अपनी वाक्पटुता, कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपनी ओर आकृष्ट करने में सक्षम रहेंगे। सायंकाल से लेकर देर रात्रि तक आपकी रुचि धर्म-अध्यात्म में लगेगी। इसके साथ ही सुख साधन और वाहन सुख का संयोग भी बन रहा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/03009**

# टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मैचों का शेड्यूल जारी

## भारतीय टीम साउथ अफ्रीका से खेलेगी, बीसीसीआई ने इंडिया ए की टीम भी जारी की

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** टी-20 वर्ल्ड कप के वॉर्मअप मैचों का शेड्यूल जारी हो गया है। ये मुकाबले 2 से 6 फरवरी के बीच खेले जाएंगे। वॉर्मअप मैच 7 अलग-अलग मैदानों पर खेले जाएंगे।

इंग्लैंड की टीम वॉर्मअप मैचों में हिस्सा नहीं लेगी। जबकि, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज जैसी बड़ी टीमें एक-एक मैच ही खेलेंगी।

भारतीय टीम भी एक वॉर्मअप मैच खेलेगी। जोकि साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 फरवरी को मुंबई के ष्ठङ्ग पाटील स्टेडियम में खेला जाएगा। शेष 2 वॉर्मअप मैच में इंडिया ए की टीम उतरेगी।




### कैसे देख सकते है वॉर्मअप

सभी मुकाबलों के वीडियो हाइलाइट्स आईसीसी के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध होंगे। भारत और साउथ अफ्रीका मैच की लाइव स्ट्रीमिंग स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर होगी

### तिलक वर्मा को खेलना होगा एक वॉर्मअप मैच

बीसीसीआई ने वॉर्मअप मैच के लिए इंडिया ए टीम का ऐलान भी कर दिया है। इसकी कप्तानी आयुष बडोनी करेंगे। तिलक वर्मा भी इस टीम का हिस्सा हैं। वे कम से कम एक मैच खेलकर अपनी फिटनेस साबित करेंगे। तिलक वर्मा विजय हजारे ट्रॉफी के दौरान इंजर्ड हो गए थे।

**इंडिया ए टीम**- आयुष बडोनी (कप्तान), नमन धीर, आशुतोष शर्मा, प्रियांश आर्य, एन. जगदीशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, रियान पराग, मानव सुथार, अशोक शर्मा, उर्विल पटेल (विकेटकीपर), गुरजपनीत सिंह, विपराज निगम, रवि बिश्नोई, खलील अहमद और मयंक यादव।

### अफगानिस्तान और स्कॉटलैंड में पहला मैच

वॉर्मअप मैचों की शुरुआत अफगानिस्तान और स्कॉटलैंड के मैच के साथ होगी। यह मुकाबला बेंगलुरु स्थिति बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के मैदान-1 में खेला जाएगा। दूसरी ओर मुंबई के डीबाय पाटील स्टेडियम में इंडिया ए की टीम यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका (यूएसए) के साथ खेलेगी। पहले दिन कनाडा और इटली का मैच चेन्नई में खेला जाएगा।

### 7 फरवरी से होगी वर्ल्ड कप की शुरुआत

टी-20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 7 फरवरी को कोलंबो में नीदरलैंड और पाकिस्तान के मैच से होगी। जबकि भारत का पहला मैच अमेरिका के साथ मुंबई में खेला जाएगा। फाइनल मैच 8 मार्च को खेला जाएगा। इस मैच का वेन्यू पाकिस्तान के फाइनल पहुंचने या न पहुंचने पर तय होगा।

# सिर्फ 2 अंक नहीं, करोड़ों का नुकसान

## बहिष्कार करने पर पाकिस्तान को होगा आर्थिक नुकसान




**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर पाकिस्तान सरकार ने बड़ा और अभूतपूर्व फैसला लिया है। सरकार ने पुष्टि की है कि पाकिस्तान की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम टूर्नामेंट में हिस्सा लेगी, लेकिन ग्रुप ए में 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले का बहिष्कार करेगी।यह फैसला सिर्फ प्रतीकात्मक नहीं माना जा रहा, बल्कि इसके चलते पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) को भारी आर्थिक नुकसान और कड़े प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

**भारत के खिलाफ मैच नहीं, बाकी मुकाबले खेलेगा पाकिस्तान** - पाकिस्तान टीम श्रीलंका में होने वाले अपने अन्य ग्रुप मुकाबलों- नीदरलैंड्स, अमेरिका, नामीबिया के खिलाफ खेलने को तैयार है, लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच के बहिष्कार ने आईसीसी के भीतर गंभीर चिंता पैदा कर दी है।

**आईसीसी की चेतावनी- कड़े प्रतिबंध लग सकते हैं** - आईसीसी ने पीसीबी को साफ संकेत दिए हैं कि भारत के खिलाफ मैच से हटना आईसीसी की सहभागिता संधियों का उल्लंघन माना जाएगा। संभावित प्रतिबंधों में शामिल हो सकते हैं- द्विपक्षीय सीरीज पर रोक, एशिया कप से बाहर किया जाना, पीएसएल के लिए विदेशी खिलाड़ियों को एनओसी देने से इनकार।

- **आईसीसी और एसीसी टूर्नामेंट्स से अस्थायी निलंबन** - सूत्रों के मुताबिक, इससे पाकिस्तान की भविष्य की टी20 वर्ल्ड कप और एशिया कप भागीदारी भी खतरे में पड़ सकती है।
- **आर्थिक झटका- 38 मिलियन से ज्यादा का नुकसान** - पाकिस्तान का यह बहिष्कार सिर्फ दो अंकों की हार नहीं होगा। विशेषज्ञों का अनुमान है कि पीसीबी को 38 मिलियन (करीब 315 करोड़ रुपये) से ज्यादा का नुकसान हो सकता है। इसमें शामिल हैं— ब्रॉडकास्टर्स से मिलने वाला राजस्व, स्पॉन्सरशिप डील्स
- **आईसीसी की भागीदारी फीस और घरेलू क्रिकेट पर असर** - भारत-पाकिस्तान मैच टूर्नामेंट का सबसे महंगा और ज्यादा कमाई कराने वाला मुकाबला होता है। इसके बहिष्कार से ब्रॉडकास्टर्स कानूनी दावे भी ठोक सकते हैं, क्योंकि विज्ञापन स्लॉट पहले ही बेचे जा चुके हैं। मैच बहिष्कार का सीधा असर पीसीबी की आय पर पड़ेगा। परफॉर्मेंस आधारित इंसेंटिव 5 लाख से .10 लाख तक की भागीदारी फीस भी हाथ से निकल सकती है। आईसीसी से कम फंड मिलने का असर घरेलू क्रिकेट और ग्रासरूट प्रोग्राम्स पर पड़ेगा, जिससे भविष्य के खिलाड़ियों के विकास पर ब्रेक लग सकता है।

### पाकिस्तान कप्तान सलमान अली आगा बोले यह हमारा फैसला नहीं है..

आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मुकाबले के बहिष्कार को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान सलमान अली आगा ने पहली बार खुलकर प्रतिक्रिया दी है। आगा ने साफ कहा कि यह फैसला टीम का नहीं, बल्कि पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) का है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के बाद मीडिया से बातचीत में सलमान अली आगा ने कहा कि खिलाड़ियों के पास इस फैसले को लेकर कोई विकल्प नहीं है। हम वर्ल्ड कप खेलने जा रहे हैं। यह हमारा फैसला नहीं है, हम कुछ नहीं कर सकते।

### अंतरराष्ट्रीय अलगाव का खतरा

आर्थिक नुकसान के अलावा पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय अलगाव का भी सामना करना पड़ सकता है। अन्य फुल मेंबर देशों के साथ सीरीज रुक सकती हैं, पीएसएल की ग्लोबल वैल्यू घट सकती है,विदेशी खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से लीग की प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी, इसके साथ ही आईसीसी कमेटियों में पीसीबी की साख और प्रभाव भी घट सकता है।

### खिलाड़ियों के करियर पर भी असर

संभावित प्रतिबंधों का सबसे बड़ा नुकसान खिलाड़ियों को होगा। प्राइज मनी से वंचित होना, इंटरनेशनल एक्सपोजर कम होना, विदेशी लीग कॉन्ट्रैक्ट्स पर असर, खासतौर पर युवा खिलाड़ियों के लिए यह करियर को पीछे धकेलने वाला साबित हो सकता है।

## सुनील गावस्कर की पाकिस्तान क्रिकेट को चेतावनी, भारत के खिलाफ मैच छोड़ना पड़ेगा भारी



भारतीय क्रिकेट के दिग्गज सुनील गावस्कर ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के उस फैसले पर जमकर निशाना साधा है, जिसमें उसने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले का बहिष्कार करने का ऐलान किया है। यह मैच 15 फरवरी को खेला जाना था। पाकिस्तान सरकार के आधिकारिक एक्स अकाउंट के जरिए इस फैसले की पुष्टि की गई, जिसके बाद से यह मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। हालांकि पाकिस्तान को टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल चुकी है, लेकिन उसने खास तौर पर भारत के खिलाफ मैदान पर न उतरने का फैसला लिया है।

### 'यू-टर्न लेना पाकिस्तान के लिए नया नहीं'

एक्सक्लूसिव बातचीत में सुनील गावस्कर ने कहा कि अगर पाकिस्तान अपने फैसले से पलट जाता है तो इसमें कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए। मुझे लगता है कि अगले चार-पांच दिनों में जब दुनियाभर से और उनके पूर्व खिलाड़ियों की प्रतिक्रियाएं आएंगी, तो पाकिस्तान अपने रुख में बदलाव कर सकता है।उन्होंने आगे तंज कसते हुए कहा, इसमें नया क्या है? हम सभी जानते हैं कि पाकिस्तान के खिलाड़ी संन्यास लेते हैं और फिर कुछ ही दिनों में वापस आ जाते हैं, यह कहते हुए कि फैंस ने कहा है खेलने के लिए। यू-टर्न लेना उनके लिए आम बात है। 15 फरवरी से पहले भी ऐसा हो सकता है।

## पाकिस्तान के मैच बहिष्कार पर बीसीसीआई सख्त, राजीव शुक्ला ने आईसीसी का किया समर्थन



पाकिस्तान द्वारा टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ ग्रुप मैच के बहिष्कार के फैसले पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के रुख का समर्थन किया है। बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने साफ कहा कि बोर्ड खेल भावना से जुड़े इस मुद्दे पर आईसीसी के विचारों से पूरी तरह सहमत है और आगे कोई भी टिप्पणी आईसीसी से चर्चा के बाद ही की जाएगी। बीसीसीआई उपाध्यक्ष और कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा, आईसीसी ने इस मामले पर बड़ा बयान दिया है और खेल भावना की बात की है। हम आईसीसी के रुख से पूरी तरह सहमत हैं। आईसीसी से बातचीत किए बिना बीसीसीआई इस पर कोई अलग टिप्पणी नहीं करेगा।राजीव शुक्ला का यह बयान पाकिस्तान के उस फैसले के बाद आया, जिसमें उसने 15 फरवरी को भारत के खिलाफ होने वाले ग्रुप मैच में मैदान पर न उतरने का ऐलान किया।

## हिम्मत है तो फैसले पर डटे रहो- हरभजन सिंह का पाकिस्तान क्रिकेट को खुला चैलेंज



भारत के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत के खिलाफ मैच का बहिष्कार करने के पाकिस्तान के फैसले पर तीखा हमला बोला है। हरभजन ने इस कदम को 'बनावटी ड्रामा' करार देते हुए कहा कि यह फैसला जनता को गुमराह करने और बेवजह विवाद खड़ा करने की कोशिश है। हरभजन सिंह ने अपने यूट्यूब चैनल पर पाकिस्तान के फैसले पर सवाल उठाते हुए कहा कि इसका कोई ठोस फायदा नहीं है। इससे आपको क्या हासिल होगा? ये सिर्फ अहंकार दिखाने का तरीका है। अगर सच में इतना दम है तो अपने फैसले पर अडिग रहो, देखते हैं कितनी हिम्मत है। ये पूरा ड्रामा लोगों को गुमराह करने के लिए रचा गया है।हरभजन ने यह भी कहा कि पाकिस्तान यह दिखाने की कोशिश कर रहा है कि वह किसी और देश के समर्थन में खड़ा है, लेकिन अपने देश के क्रिकेट फैंस की भावनाओं को पूरी तरह नज़रअंदाज़ कर रहा है, जो भारत-पाक मैच देखना चाहते हैं।

- **जब जंग के बाद भी एशिया कप खेला, तब देशभक्ति कहां थी** - हरभजन ने पाकिस्तान की नीति पर सवाल उठाते हुए पुराने उदाहरण भी गिनाए। मैच न्यूट्रल वेन्यू पर होना था, फिर भी आप पीछे हट गए। जब हाल ही में युद्ध जैसी स्थिति थी, तब आपने एशिया कप खेला। ट्रॉफी को लेकर ड्रामा हुआ, लेकिन मैच इसलिए खेले गए क्योंकि आप उस रेवेन्यू को छोड़ना नहीं चाहते थे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अगर पाकिस्तान इतना ही देशभक्त है, तो उस वक्त ये भावनाएं कहां थीं।

## करनाल के नायब सूबेदार ने रोइंग चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

### 7 मिनट 12 सेकेंड में क्लियर की रोइंग रेस, 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

**करनाल (एजेंसी)।** इंडियन आर्मी में नायब सूबेदार और पेरिस ओलिंपिक में डेब्यू करने वाले कैमला गांव के बलराज पंवार ने एक बार फिर प्रदेश का नाम नेशनल लेवल पर रोशन किया है। बलराज ने सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। इस चैंपियनशिप में बलराज ने 7 मिनट 12 सेकेंड में 2000 मीटर की रेस क्लियर की। बलराज ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी इस उपलब्धि की जानकारी सांझा की। बीती 27 जनवरी से 1 फरवरी तक पुणे में सीनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप हुई। इस चैंपियनशिप में बलराज ने भी अपना दमखम दिखाया और गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। गोल्ड मेडलिस्ट बलराज पंवार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि पुणे में आयोजित रोइंग चैंपियनशिप में 18 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। जिसमें मेरी टाइमिंग 7 मिनट 12 सेकेंड की रही है।



**आर्मी की तरफ से लिया भाग**- उसने आर्मी सर्विसेज की तरफ से हिस्सा लिया था। दूसरे स्थान पर इंडियन आर्मी ही रही और तीसरे स्थान पर हरियाणा रहा और चौथे पर झारखंड रहा था। बलराज ने बताया कि रोइंग में हवा और पानी की धार भी जीत और हार को प्रभावित करती है। जिसके कारण समय ज्यादा लग जाता है।

- पाकिस्तान को 58 रन से हराया, वेदांत की फिफ्टी, आयुष म्हात्रे और खिलन पटेल को 3-3 विकेट

# भारत अंडर-19 वर्ल्डकप के सेमीफाइनल में पहुंचा



**बुलवायो (एजेंसी)।** भारत ने अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। टीम ने पाकिस्तान को 58 रन से हरा दिया। जिम्बाब्वे के बुलवायो में खेले गए मुकाबले में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 252 रन का स्कोर खड़ा किया। वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन की पारी खेली। पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 253 रन का लक्ष्य 33.3 ओवर में हासिल करना था। टीम 46.2 ओवर में 194 रन ही बना सकी।

**भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से**- अंडर-19 वर्ल्ड कप के दूसरे सेमीफाइनल में भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। मैच 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे से हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। वहीं पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। मैच 3 फरवरी को दोपहर 1 बजे से बुलवायो में खेला जाएगा।

**वेदांत ने फिफ्टी लगाई**- वेदांत त्रिवेदी ने 68 रन बनाकर टीम को 200 के करीब पहुंचाया। वैभव सूर्यवंशी 22 गेंद पर 30 रन ही बना सके। कप्तान आयुष म्हात्रे खाता भी नहीं खोल पाए। आखिर में कनिष्क चौहान और खिलन पटेल ने फिफ्टी पार्टनरशिप कर स्कोर 250 के पार पहुंचा दिया।

### प्लेयर ऑफ द मैच कनिष्क चौहान बने

भारत की जीत के हीरो कनिष्क चौहान रहे। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। कनिष्क ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 29 गेंदों में 35 रन की तेज पारी खेली। इसके बाद बॉलिंग करते हुए उन्होंने 10 ओवर में एक मेडन फेंकते हुए 30 रन दिए। कनिष्क ने विकेटकीपर हमजा जुहूर को 42 रन पर आउट किया।

### हरियाणा का कनिष्क पाक के खिलाफ मैन ऑफ द मैच

## मां बोलीं- कहा था धुम्मे ठावेगा; आईपीएल भी खेलेंगे

हरियाणा में झज्जर के रहने वाले कनिष्क चौहान ने अंडर-19 क्रिकेट वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। रविवार रात को कनिष्क के कुलाना गांव में आतिशबाजी की गई।जिम्बाब्वे में चल रहे वर्ल्ड कप मैच में रविवार को कनिष्क ने पाकिस्तान के खिलाफ 29 गेंदों पर 35 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। बेटे को मैन ऑफ द मैच का खिताब मिलने के बाद मां ने कहा कि हमें तो पहले ही पता था कि वो धुम्मा ठावेगा (कुछ खास करके दिखाएगा)।9 फरवरी को कुलाना गांव में कनिष्क का स्वागत समारोह रखा गया है। इसी दिन रात को परिवार की तरफ से जागरण भी कराया जाएगा।कनिष्क चौहान ऑलराउंडर हैं। इस बार वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में खेलेंगे। कनिष्क को आरसीबी ने 30 लाख रुपए के बेस प्राइस में टीम में शामिल किया है।




- **मां बोलीं- बेटे की उपलब्धि पर गर्व**- कनिष्क की मां सरिता चौहान ने कहा कि बेटे की इस उपलब्धि पर उन्हें बेहद गर्व महसूस हो रहा है। पाकिस्तान के खिलाफ कनिष्क चौहान ने दूसरी बार सही मौके पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और मैन ऑफ द मैच का खिताब जीता। रात में बेटे से बात करने के बाद ही उन्हें नींद आई। बेटे ने जीत और खिताब मिलने की खुशी परिवार के साथ शेयर की।
- **पाकिस्तान के खिलाफ दूसरी बार मैन ऑफ द मैच**- कनिष्क चौहान ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान के खिलाफ हुए मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया।

# कार्लोस अल्काराज ने रचा इतिहास

## नोवाक जोकोविच को हराकर जीता ऑस्ट्रेलियन ओपन का खिताब

**मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया) (एजेंसी)।** वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतकर करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी ने फाइनल में अपने प्रतिद्वंद्वी और सर्बियाई दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की और अपना सातवां बड़ा खिताब जीता।

वर्ल्ड नंबर 1 ने 10 बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन जोकोविच को एक रोमांचक चार-सेट के फाइनल (2-6 6-2 6-3 7-5) में हराकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। अल्काराज ने फाइनल तीन घंटे और दो मिनट में जीता। मीडिया के अनुसार अल्काराज ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम हासिल करने वाले छठे खिलाड़ी भी बन गए हैं। गौरतलब है कि यह अल्काराज का ऑस्ट्रेलियन ओपन में डेब्यू के बाद पहला मेलबर्न फाइनल भी था।

मीडिया के अनुसार 21वीं सदी में केवल चार खिलाड़ियों ने करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया है। जोकोविच ने 2016 में ऐसा किया था, उसके बाद राफेल नडाल (2010) और रोजर फेडरर (2009) का नंबर आता है। इसके साथ ही 22 वर्षीय अल्काराज ने दिग्गजों के बीच अपनी जगह पक्की कर ली है। पुरुषों में ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने वाले खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज (22 साल और 272 दिन) रॉड लेवर (24 साल और 32 दिन), राफेल नडाल (24 साल और 102 दिन), रोजर फेडरर (27 साल और 303 दिन), नोवाक जोकोविच (29 साल और 15 दिन) और आंद्रे अगासी (29 साल और 68 दिन) हैं। लेवर ने 1962 में एक शौकिया खिलाड़ी के तौर पर और 1969 में ओपन एरा में करियर ग्रैंड स्लैम पूरा किया। वर्ल्ड नंबर 1 ओपन एरा में सात बड़े सिंगल्स टाइटल जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी भी हैं, जो ब्योर्न बोर्ग से आगे हैं, जिन्होंने 1979 में रोलैंड गैरोस में सातवां बड़ा टाइटल जीता था। 2022 में अल्काराज ने रु ओपन में अपना पहला बड़ा टाइटल जीता और इस जीत के साथ वह पीआईएफ एटीपी रैंकिंग (1973 से) में सबसे कम उम्र के नंबर 1 खिलाड़ी बन गए।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com

# औरंगाबाद

## न्यूज बाइट्स

### आत्मनिर्भर भारत का संकेत है केंद्रीय बजट : विजय कुमार

**हसपुरा (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक बड़ा और सकारात्मक संकेत बताते हुए लोजपा के प्रदेश सचिव सह वैश्य चेतना समिति के जिला संयोजक विजय कुमार अकेला ने इसकी सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह बजट युवाओं, उद्यमियों, किसानों और ग्रामीण भारत को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जिससे देश के समग्र विकास को गति मिलेगी। विजय कुमार अकेला ने कहा कि बजट में डिजिटल इंडस्ट्री को बढ़ावा देने, स्कूलों और कॉलेजों में कंटेंट क्रिएटर लैब की स्थापना जैसे प्रावधान युवाओं और उभरते उद्यमियों को आकर्षित करेंगे। इससे नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन पहलों से वर्ष 2047 तक भारत के पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनने की दिशा में ठोस आधार तैयार होगा।

### विकसित बिहार के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा केंद्रीय बजट : सुनील

**औरंगाबाद (एसवीवी.सं.)।** शहर के प्रमुख व्यवसायी, उद्योगपति एवं समाजसेवी सुनील सिंह ने केंद्रीय बजट 2026–27 की सराहना करते हुए इसे बिहार के विकास के लिए दूरदर्शी और लोककल्याणकारी बजट बताया है। उन्होंने इस बजट के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट बिहार को नई आर्थिक दिशा और गति प्रदान करेगा। सुनील सिंह ने कहा कि केंद्रीय बजट में उद्योग जगत, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम) को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। एमएसएमई ग्रोथ फंड के लिए 10,000 करोड़ रुपये के प्रावधान से छोटे और मध्यम उद्यमों को पूंजी, तकनीक और विस्तार के नए अवसर मिलेंगे, जिससे रोजगार सृजन को भी मजबूती मिलेगी।

### गलत नियत से नाबालिग लड़की को किया अगवा, आरोपी गिरफ्तार

**मदनपुर (औरंगाबाद) (एसवीवी. सं.)।** गलत नियत से नाबालिग लड़की को अगवा करने के मामले में मदनपुर के सलैया थाना की पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक सलैया थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है। जानकारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ 27 जनवरी को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, जिसमें नाबालिग लड़की के परिजनों ने कहा था कि लड़की किसी काम से घर से बाहर गई थी। काफी समय तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला।इसी क्रम में पता चला कि गांव का ही एक लड़का लड़की को बहला-फुसलाकर गलत नियत से अपहरण कर लिया है। इधर, कांड की गंभीरता पर पुलिस की दबिश से आरोपी पकड़ा गया और अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपहृता के साथ दिल्ली चला गया था।थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा ने बताया कि गलत नियत से अपहरण मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के बाद युवक को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

---

ड्राइविंग सीखने जा रहा था युवक, भाई ने कूदकर बचाई जान

# टेलर की टक्कर से युवक की मौत

निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)।



औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत नहर रोड पर केरा गांव के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 27 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र स्थित बोध बिगहा गांव निवासी मोहम्मद केशर अंसारी के पुत्र जावेद अंसारी के रूप में की गई है। इस हादसे के बाद इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, जावेद अंसारी ड्राइविंग सीखने के उद्देश्य से दाउदनगर आ रहे थे। घटना के समय वह खुद बाइक चला रहे थे, जबकि उनके मंझले भाई मोहम्मद परवेज अंसारी बाइक के पीछे बैठे हुए थे। जैसे ही उनकी बाइक केरा गांव के समीप नहर रोड पर पहुंची, उसी दौरान पास लेने के क्रम में बालू लदे एक टेलर ने बाइक के हैंडल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। हादसा इतना भयावह था कि जावेद अंसारी सड़क पर गिर पड़े और पीछे से आ रहे बालू लदे टेलर की चपेट में आ गए, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक पर पीछे बैठे उनके भाई मोहम्मद परवेज अंसारी ने सूझबूझ दिखाते हुए समय रहते बाइक से कूदकर अपनी जान बचा ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरातफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही दाउदनगर थाना प्रभारी विकास कुमार के निर्देश पर अपर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभाला, आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की और मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। पुलिस ने टेलर और उसके चालक के संबंध में जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई मोहम्मद परवेज अंसारी ने बताया कि जावेद अंसारी पढ़ाई में मेधावी था। उसने ग्रेजुएशन की पढ़ाई पूरी कर ली थी और सरकारी नौकरी की तैयारी में जुटा हुआ था। उसने बिहार पुलिस चालक भर्ती परीक्षा का परिणाम पहले ही पास कर लिया था, जबकि बिहार पुलिस सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़ भी सफलतापूर्वक निकाल चुका था। जावेद के पास बिहार पुलिस चालक भर्ती से संबंधित गेट पास भी मौजूद था और वह अपने भविष्य को लेकर काफी आशान्वित था। जावेद की असामयिक मौत से परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने और बालू लदे वाहनों की तेज रफ्तार पर सख्त नियंत्रण लगाने की मांग की है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की दो दिन बाद बीएच्यू में हुई मौत

**नवीनगर (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** जिले के नवीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोइरीडीह गांव निवासी 26 वर्षीय युवक विनय कुमार की बनारस में इलाज के दौरान मौत हो गई।



विनय, तपेश्वर साव के पुत्र थे। दो दिन पहले सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए बनारस ले जाया गया था, जहां रविवार की रात इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दुखद घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है और गांव में शोक की लहर फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह हादसा बनारस के जपला पथ पर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव के पास हुआ था। विनय कुमार सुबह से किसी निजी कार्य से बाइक से जपला गए थे। काम निपटाने के बाद जब वे अपने घर लौट रहे थे, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि विनय सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

---

# इंटरमीडिएट परीक्षा: औरंगाबाद में डीएम–एसपी ने परीक्षा केंद्र का किया संयुक्त निरीक्षण

- सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी व्यवस्था का अवलोकन।
- प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित संधारण और वितरण प्रक्रिया की जांच।



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 के कदाचारमुक्त, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिलाषा शर्मा एवं अम्बरीष ने संयुक्त रूप से शहर स्थित अनुग्रह हाई स्कूल (गेट स्कूल) में बनाए गए परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र की समस्त व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मौके पर मौजूद पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के क्रम में परीक्षा केंद्र पर विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षार्थियों के प्रवेश और निकास की व्यवस्था, वीक्षकों की तैनाती, सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी, प्रश्न-पत्रों के सुरक्षित संधारण तथा परीक्षा संचालन से जुड़ी सभी प्रक्रियाओं का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने यह सुनिश्चित किया कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, वहीं नकल या अनुशासनहीनता की कोई संभावना न बने। इस दौरान संबंधित दंडाधिकारी, केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को बोर्ड द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का सख्त निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की शिथिलता, लापरवाही, अनुशासनहीनता अथवा कदाचार की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों और कर्मियों को लगातार सतर्क रहने तथा अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी तरह की कोताही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं पुलिस अधीक्षक अम्बरीष ने परीक्षा केंद्र के आसपास विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखने, भीड़ नियंत्रण और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष जोर दिया, ताकि परीक्षार्थी पूरी तरह शांतिपूर्ण और भयमुक्त वातावरण में परीक्षा दे सकें। जिला प्रशासन की ओर से यह भी दोहराया गया कि इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2026 का संचालन पूरी तरह कदाचारमुक्त, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर अनियमितता, गड़बड़ी या नियमों के उल्लंघन की शिकायत मिलने पर दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

---

## दयाल सिंह को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



निज संवाददाता | फेसर (औरंगाबाद)

फेसर थाना क्षेत्र के फतेहा निवासी एवं चर्चित युवा लोजपा नेता सोनू सिंह सोलंकी के चाचा दयाल सिंह के आकस्मिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन के उपरांत फतेहा गाँव में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं शुभचिंतकों ने पहुँचकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दयाल सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित किए तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। वक्ताओं ने दयाल सिंह के सरल स्वभाव, सामाजिक जुड़ाव और परिवार के प्रति उनके स्नेह को याद करते हुए उन्हें एक नेक और सम्मानित व्यक्ति बताया। श्राद्ध कार्यक्रम के अवसर पर परिजनों द्वारा सामाजिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए गरीब एवं जरूरतमंद लोगों के बीच दान-पुण्य किया गया। साथ ही बाहर से आए सभी अतिथियों और ग्रामीणों का विधिवत स्वागत किया गया तथा उन्हें श्रद्धा एवं सम्मान के साथ भोजन भी कराया गया। पूरे कार्यक्रम के दौरान गाँव में शोकपूर्ण लेकिन आत्मीय वातावरण बना रहा।

इस श्रद्धांजलि सभा में सुरेंद्र कुमार सिंह, नंदकिशोर सिंह, पिंटू सिंह, मंटू सिंह, अनुज कुमार, मनु कुमार सिंह, रामपुकार सिंह, भोला सिंह, महेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति, रिश्तेदार एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

---

# स्वरा महिला संघ द्वारा एनटीपीसी में शरद मेला का भव्य आयोजन, हरियाली और प्लास्टिक मुक्त जीवन का संदेश

- मेले में मेधावी छात्रों को सम्मान, ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भरता की सौगात

निज संवाददाता | नबीनगर (औरंगाबाद)



एनटीपीसी नबीनगर परिसर में स्वरा महिला संघ द्वारा शरद मेला 2026 का भव्य और रंगारंग आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस वार्षिक मेले का उद्घाटन विजय गोयल, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्वी क्षेत्र–1) एवं सुजाता लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा श्रीमती संगीता गोयल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और ग्रामीण सशक्तिकरण को एक मंच पर प्रस्तुत करना रहा। मेले के दौरान एनटीपीसी नबीनगर ने अपने नैगम सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के मेधावी छात्र–छात्राओं को मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गणमान्य अतिथियों द्वारा उनके बीच सिलाई मशीनों का वितरण किया गया। इस पहल को उपस्थित लोगों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक कदम बताया। इस वर्ष शरद मेले की थीम "ग्रीन अर्थ, जीरो प्लास्टिक" रखी गई थी। मेले के माध्यम से प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को प्रेरित करने का प्रयास किया गया। इस संदेश को विभिन्न कलात्मक आकृतियों, रचनात्मक प्रदर्शनों और सजावटी स्टॉलों के जरिए प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ-साथ कई सुप्रसिद्ध दुकानों और उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। स्वरा महिला संघ की सदस्यों द्वारा लगाए गए पारंपरिक व्यंजनों और क्षेत्रीय पकवानों के स्टॉल मेले का खास आकर्षण रहे। संगीत, मनोरंजन और आकर्षक उपहारों से सजे इस आयोजन के पहले दिन सुप्रसिद्ध गायकों की सुरमयी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बच्चों के लिए विशेष किड्स ज़ोन, मनोरंजक खेल और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एल. के. बेहेरा, स्वरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहेरा, महाप्रबंधक (ओएंडएम) अनिल कुमार टी. सी., महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) मनोरंजन पाणिग्रही सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवारजन उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक सरोकार, पर्यावरण चेतना और सांस्कृतिक समरसता का उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

---

## डीएम ने 72 फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**औरंगाबाद (एसवीवी सं.)।** "सबका सम्मान – जीवन आसान" अभियान के तहत सोमवार को जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने जनता दरबार में पहुंचे सभी आगंतुकों का सम्मानपूर्वक स्वागत किया और उन्हें कतारबद्ध एवं सुव्यवस्थित ढंग से बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित कराई। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सुनकर उनका त्वरित, प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करना रहा। जनता दरबार के दौरान जिला पदाधिकारी ने एक-एक कर नागरिकों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त आवेदनों का निष्पादन समयबद्ध तरीके से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह भी कहा कि शिकायतों के समाधान में लापरवाही या अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। नागरिकों की सुविधा और सम्मान को ध्यान में रखते हुए जनता दरबार स्थल पर बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल, स्वच्छ शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं।

---

# धान अधिप्राप्ति को लेकर औरंगाबाद में पैक्स अध्यक्षों का धरना, डीसीओ कार्यालय के बाहर नारेबाजी

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



धान अधिप्राप्ति में आ रही समस्याओं और पैक्सों को डिफाल्टर घोषित किए जाने की आशंका को लेकर औरंगाबाद जिले के पैक्स अध्यक्ष सोमवार को आंदोलन पर उतर आए। जिले भर से पहुंचे पैक्स अध्यक्षों ने पुरानी जेल रोड स्थित जिला सहकारी भवन परिसर, यानी डीसीओ कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन व संबंधित विभागों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि सरकार किसानों का धान लेने के प्रति गंभीर नहीं है और विभागीय लापरवाही के कारण पैक्स गंभीर आर्थिक संकट में फंसते जा रहे हैं। धरना-प्रदर्शन से पहले पैक्स अध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें धान अधिप्राप्ति से जुड़ी व्यावहारिक और वित्तीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक और आंदोलन की अध्यक्षता जिला सहकारी अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने की। इस दौरान पैक्स अध्यक्षों ने छह सूत्री मांगों को लेकर सामूहिक रूप से अपना विरोध दर्ज कराया और कहा कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो स्थिति और भयावह हो जाएगी।

पैक्स अध्यक्षों का कहना था कि इस वर्ष सभी पैक्सों को पिछले वर्ष की तुलना में बेहद कम धान अधिप्राप्ति लक्ष्य दिया गया है, जबकि उसी अनुपात में कैश क्रेडिट (सीसी) की राशि पहले ही खर्च हो चुकी है। इसके बावजूद नई सीसी राशि उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। इससे किसानों से धान खरीदना और उन्हें समय पर भुगतान करना मुश्किल हो गया है। अध्यक्षों ने बताया कि सरकार ने धान अधिप्राप्ति की अंतिम तिथि 28 फरवरी 2026 तय की है और इसी अवधि में किसानों को भुगतान करना अनिवार्य है, लेकिन मौजूदा हालात में यह लगभग असंभव होता जा रहा है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि एफआरके (फुल राइस कर्नल) से जुड़ी समस्याओं के कारण सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की आपूर्ति बाधित हो रही है, जिससे पैक्सों पर लगातार आर्थिक दबाव बढ़ रहा है। बढ़ते ब्याज बोझ के कारण अधिकांश पैक्स डिफाल्टर घोषित किए जाने की कगार पर पहुंच गए हैं। पैक्स अध्यक्षों ने इसे एक सोची-समझी साजिश बताते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो पैक्स व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाएगी।

---

# बिहार लेनिन जगदेव प्रसाद की मनाई गई 103वीं जयंती



निज संवाददाता | हसपुरा (औरंगाबाद)

हसपुरा प्रखंड के पचरुखिया बाजार स्थित जगदेव प्रसाद की प्रतिमा स्थल पर उनकी 103वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि और स्थानीय लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने जगदेव प्रसाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बिहार लेनिन के नाम से प्रसिद्ध जगदेव प्रसाद ने अपना संपूर्ण जीवन शोषितों, वंचितों और गरीबों के अधिकारों की लड़ाई में समर्पित कर दिया। उनकी राजनीति सामाजिक न्याय, समानता और हक-अधिकार पर आधारित थी, जो आज भी पूरी तरह प्रासंगिक है। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में जगदेव प्रसाद की विचारधारा को अपनाने की पहले से कहीं अधिक आवश्यकता है। पचरुखिया बाजार स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत पूर्व पैक्स अध्यक्ष श्यामकिशोर सिंह ने कहा कि जगदेव बाबू ऐसे नेता थे, जिन्होंने जीवनभर समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों के हक और सम्मान के लिए संघर्ष किया।

---

न्यायिक व्यवस्था की समीक्षा कर दिया अहम निर्देश

# नये प्रधान जिला जज ने किया पदभार ग्रहण

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय को सोमवार को नया प्रधान जिला जज मिल गया। न्यायाधीश राजीव रंजन सिंह ने औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के 33वें प्रधान जिला जज के रूप में औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण किया और पदभार संभालते ही न्यायिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया। उनके पदभार ग्रहण करने से न्यायिक कार्यों में नई ऊर्जा और गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि नये प्रधान जिला जज के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर व्यवहार न्यायालय परिसर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पीपी पुष्कर अग्रवाल, जीपी बृजा प्रसाद, जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पांडेय, महासचिव जगनारायण सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार, स्पेशल पीपी परवेज अख्तर, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी एवं जिला विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने उन्हें बुके भेंट कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत प्रधान जिला जज राजीव रंजन सिंह ने व्यवहार न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने न्यायालय की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, आमजन एवं अधिवक्ताओं की सुविधाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

---

# विनोद ट्यूटोरियल्स शिक्षण संस्थान में पीबीएल कार्यक्रम का आयोजन



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

विनोद ट्यूटोरियल शिक्षण संस्थान में पीबीएल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराट क्लास के निदेशक अमितकुमार , विशिष्ट अतिथि संज्ञा समिति के जिला अध्यक्ष व शिक्षक नेताअशोक पांडेय एवं अजीत मिश्रा थे। बच्चों के द्वारा बनाए गए अनेक उपकरणों का सराहना करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि कोचिंग की संचालिका नेहा कुमारी निर्देशन में यह कोचिंग बच्चों को शिक्षा की अलख जगा रहा है पीबीएल विधि से पढ़ाई कराने वाला जिला का पहला कोचिंग सेंटर विनोद ट्यूटोरियल है। बच्चों की कार्य शैली एवं अनुशासन से अतिथि लोग काफी प्रसन्न हुए और कोचिंग के निदेशक और पूर्व निदेशक दोनों को लोगों ने जमकर तारीफ की। पीबीएल में फर्स्ट प्राइज ड्राइवर मॉनिटरिंग सिस्टम को दिया । जिसमें क्लास अष्टम की स्टूडेंट्स रानी कुमारी और मानवी कुमारी शामिल थी। द्वितीय पुरस्कार ईयर प्यूरीफिकेशन को दिया गया इस टीम में अंकित , करन अभिनाश शामिल थे।

---

# उत्तर कोयल जलाशय परियोजना पर प्रशासन सख्त, शेष औपचारिकताएं प्राथमिकता पर पूरी करने के निर्देश

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



उत्तर कोयल जलाशय परियोजना को लेकर प्रशासन ने रफ्तार तेज कर दी है। सोमवार को बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इस महत्वाकांक्षी परियोजना की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें परियोजना से जुड़ी प्रगति, भूमि अधिग्रहण की स्थिति और शेष औपचारिकताओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में औरंगाबाद की जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी उपेंद्र पंडित तथा सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान बताया गया कि उत्तर कोयल जलाशय परियोजना झारखंड से प्रारंभ होकर बिहार के औरंगाबाद जिले के नवीनगर, कुटुम्बा, देव, औरंगाबाद एवं मदनपुर प्रखंडों से गुजरते हुए गया जिले में प्रवेश करती है। परियोजना के अंतर्गत कुल 9 पैकेज (पैकेज-03 से पैकेज-11 तक) शामिल हैं, जिनकी कुल लंबाई 77.69 किलोमीटर है। इसमें लगभग 12 किलोमीटर क्षेत्र गया जिले में और शेष 61.69 किलोमीटर क्षेत्र औरंगाबाद जिले में स्थित है। मुख्य सचिव स्तर से इस परियोजना की नियमित और सतत निगरानी की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर कार्य बाधित न हो। बैठक में भूमि अधिग्रहण की स्थिति पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि परियोजना के लिए कुल 41.251 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है, जिसमें से अब तक 36.3995 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण पूरा कर लिया गया है। शेष 4.8515 हेक्टेयर भूमि के अधिग्रहण की प्रक्रिया प्रगति पर है, जिसे शीघ्र पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। भूमि अधिग्रहण की यह कार्रवाई उत्तर कोयल नहर प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं द्वारा नवीनगर, अम्बा, औरंगाबाद, मदनपुर और गया क्षेत्रों में की जा रही है।

---

# राष्ट्रीय ज्योतिष–वास्तु समन्वय में औरंगाबाद के शुभम् पांडेय को मिला प्रथम पुरस्कार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश में 31 जनवरी और 1 फरवरी 2026 को आयोजित राष्ट्रीय ज्योतिष–वास्तु समन्वय 2026 का भव्य समापन हुआ। दो दिवसीय आवासीय आयोजन सीमित सहभागिता के साथ संपन्न हुआ, जिसमें देशभर से चयनित ज्योतिष एवं वास्तु विशेषज्ञों ने भाग लिया और भारतीय ज्ञान परंपरा के विविध पक्षों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बिहार के औरंगाबाद निवासी युवा ज्योतिषाचार्य शुभम् पांडेय रहे, जिन्हें उनके मौलिक शोध, सटीक विश्लेषण और ज्योतिष–वास्तु के समन्वित प्रयोग के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल ने उनके कार्य को "परंपरा और आधुनिक दृष्टिकोण का संतुलित समन्वय" बताते हुए विशेष रूप से सराहा। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का आयोजन भारत उत्थान फाउंडेशन द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य भारतीय ज्योतिष एवं वास्तु शास्त्र की वैज्ञानिकता, सामाजिक उपयोगिता और समकालीन प्रासंगिकता को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान कुल 25 प्रतिष्ठित ज्योतिष शास्त्रियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद शुभम् पांडेय ने कहा कि यह उपलब्धि उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक है और वे इसे अपने गुरुजनों, परिवार तथा बिहार की सांस्कृतिक विरासत को समर्पित करते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारतीय ज्योतिष को वैज्ञानिक सोच और सामाजिक कल्याण से जोड़ना उनका प्रमुख उद्देश्य है। परमार्थ निकेतन के शांत और आध्यात्मिक वातावरण में आयोजित इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि प्राचीन भारतीय शास्त्र आज भी समाज के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।